आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 330, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 16

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 15

# माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, हजारों फ्लाइट रद

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से उपजी समस्या, बैंक-अस्पताल व कॉर्पोरेट सेक्टर भी प्रभावित, लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।


विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1390 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग और दूरसंचार संस्थान भी प्रभावित हुए हैं। दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण उनके सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मूल कारण को ठीक कर दिया गया है, हालांकि, कुछ माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और सेवाओं पर अभी भी समस्या है।




नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान होते यात्री। ● एजेंसी

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खराबी की वजह से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। दो घंटे बाद तकनीकी समस्या दूर होने पर विमानों का संचालन शुरू किया गया लेकिन 12 उड़ानें एक से दो घंटे तक विलंबित हुईं। इंडिगो की पांच उड़ानें टैक्सी वे पर खड़ी रहीं। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया। वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक कार्यक्रम में शामिल होने लखनऊ आए थे।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉर्ज कट्र्ज ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। मैक और लिनक्स होस्ट प्रभावित नहीं हैं।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि इंडिगो को अपने क्लाउड सर्वर सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर प्रदाता द्वारा वैश्विक आउटेज का सामना करने के कारण वर्तमान में देरी और रद्दीकरण का सामना करना पड़ रहा है। इस आउटेज ने उड़ान संचालन, यात्री चेक-इन और बैगेज हैंडलिंग के लिए उपयोग की जाने वाली महत्वपूर्ण प्रणालियों को प्रभावित करके एयरलाइन संचालन को गंभीर रूप से बाधित किया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा मामूली असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### उड़ान संचालन के लिए उठाए जा रहे हैं कदम : नायडू

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सर्वर में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में उड़ान सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न होने के बाद भारत में सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी-अभी हमारे सचिव (नागरिक उड्डयन) से बात की है। भारत में यात्रियों को परेशानियों से बचाने और सुचारू ढंग से उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर से मैनुअल सिस्टम में बदलाव किया जा रहा है। यदि कोई समस्या आती भी है तो उसे तुरंत दूर किया जायेगा और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था। यह इससे पहले के उच्चतम स्तर 655.82 अरब डॉलर को पार कर गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.36 अरब डॉलर बढ़कर 585.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 58.66 अरब डॉलर रहा।

## एक नजर

### हरिद्वार में भी पहचान करनी होगी उजागर

**हरिद्वार।** उप्र की तर्ज पर कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार में भी ठेली-रेहड़ी व्यवसायियों को अपनी पहचान उजागर करनी होगी। कांवड़ मेले में कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे या रेहड़ी, ठेली का संचालन नहीं कर सकेगा। ऐसे व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान पर प्रोपराइटर का नाम, क्यूआर कोड व मोबाइल नंबर अंकित करना होगा। मेले को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। कांवड़ मार्ग व कांवड़ पटरी पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौकस रहेगी।

### वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। बताया कि वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।

### 13 अधिकारियों के 54 ठिकानों पर छापे मारे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोकायुक्त ने 13 सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को पांच जिलों में उनसे जुड़े 54 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। छापेमारी के दौर 50 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति का पता लगाया। लोकायुक्त द्वारा जिन 13 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई उनमें वैध माप पद्धति के उप नियंत्रक अतहर अली भी शामिल हैं।

## अत्यधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है कैंसर ट्रेन : योगी



प्राकृतिक खेती पर आधारित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को राम मंदिर का प्रतीक चिह्न देते प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, साथ मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले, हरित क्रांति से कृषि उत्पादन बढ़ना आधा सच
- फर्टिलाइजर का जहर घुस रहा हमारी धमनियों में

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र यह हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर यह अधूरा सच है।

आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर हमारी धमनियों में घुस रहा है। यह दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्राकृतिक खेती पर आधारित भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। हमें 17वीं व 18वीं सदी के देश के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाली उत्पादन दर को भी देखना होगा, जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गोवंश अचानक मर गए, जब वहां विशेषज्ञ भेजे गए तो पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला हुआ था, इस कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गोवंश अत्याधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

### प्राकृतिक खेती करने वालों को देंगे सब्सिडी : शिवराज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। केंद्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा

गुवाहाटी, एजेंसी



- मुख्यमंत्री हिमंत का दावा- राज्य में तेजी से बढ़ रही आबादी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है।

2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, असम में कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी जो कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का लगभग 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है... यह हिमंत विश्व शर्मा का डेटा नहीं है, बल्कि भारतीय जनगणना का डेटा है। ये सभी प्रकाशित डेटा हैं। हिंदू समुदाय की आबादी हर 10 साल में लगभग 16 प्रतिशत बढ़ रही है।

## गोंडा-गोरखपुर के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू

**लखनऊ :** बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर गोंडा स्टेशन से लगभग 19 किमी. दूर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के मध्य डाउन लाइन पर चंड़ीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया था। अप लाइन पर पहली मालगाड़ी झिलाही से शाम 5 बजकर 9 मिनट पर चलाई गई। बाद में काशन लगाकर गोरखधाम एक्सप्रेस को लखनऊ रवाना किया गया। शाम छह बजे के बाद की गोरखपुर से लखनऊ की ओर आने वाली ट्रेनों का डायवर्जन को निरस्त कर दिया। शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक गोंडा-गोरखपुर सेक्शन की डाउन लाइन को भी ठीक कर लिया गया व संचालन भी शुरू कर दिया गया है।

## एनसीआर की तर्ज पर लखनऊ और आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एससीआर में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल, शासन ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर प्रदेश में लखनऊ व आस-पास के क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) घोषित कर दिए गए। इसमें छह जिलों को शामिल किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव आवास डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से जारी आदेश के अनुसार, लखनऊ व आस-पास का क्षेत्र राज्य राजधानी क्षेत्र होगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र कहा जाएगा। इसमें लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली व बाराबंकी जिले शामिल किए गए हैं। इस क्षेत्र के संबंध में एक प्राधिकरण का गठन किया गया है। इससे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण कहा जाएगा। मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे, जबकि मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। अपर मुख्य सचिव आवास, वित्त, नियोजन, विधि, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, कृषि, पर्यटन, वन, ग्रामीण विकास, सिंचाई परिवहन आदि विभागों के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसके सदस्य होंगे।

### एससीआर का दायरा 27,826 वर्ग किमी होगा

राज्य राजधानी क्षेत्र का दायरा 27,826 वर्ग किलोमीटर होगा। इसमें लखनऊ 2528 वर्ग किलोमीटर, हरदोई 5986 किलोमीटर, सीतापुर 5743 किलोमीटर, उन्नाव 4558 किलोमीटर, रायबरेली 4609 किलोमीटर व बाराबंकी 4402 किलोमीटर होगा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र घोषित होने के बाद इस क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जाएगा।

## स्वामी प्रसाद और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार

लखनऊ, विधि संवाददाता



- संघमित्रा द्वारा कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने का मामला

कथित रूप से बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है। वादी का आरोप है कि वह एवं संघमित्रा वर्ष 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे।

## ट्रेनी आईएएस पूजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)



- उम्मीदवारी रद करने के लिए यूपीएससी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उनका चयन रद करने तथा भविष्य की परीक्षाओं से वंचित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

## कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर लिखना होगा संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। चर्चा है कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए अधिकारियों को इस सिलसिले में निर्देश दिये गये हैं। औपचारिक तौर पर इसी तरह के किसी आदेश-निर्देश की पुष्टि नहीं हुई है।

सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। यात्रियों के लिए शीतल पेयजल, शिकंजी वितरण आदि प्रबंध के निर्देश दिये गये थे। साथ ही, शिविर लगाने में सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेने को कहा गया था। मुख्यमंत्री ने शिविर संचालकों का सत्यापन जरूर करा लेने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को चर्चा रही है कि कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिये गये हैं।

### धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निंदनीय प्रयास : मायावती

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि कावंड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों पर नाम लिखे जाने का सरकारी निर्देश धर्म विशेष के लोगों का बायकाट करने का निंदनीय प्रयास है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तरांखड सरकार द्वारा दुकानों पर मालिक व स्टाफ का पूरा नाम प्रमुखता से लिखने व मांस बिक्री पर भी रोक लगाने का आदेश चुनावी लाभ के लिए है। यह पूर्णतया असंवैधानिक है।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

### पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश



- राज्यपाल पर छेड़छाड़ करने तथा अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है। राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।

### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। महिला याचिकाकर्ता ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अदालत को तय करना है कि क्या पीड़िता के पास राहत पाने का कोई उपाय नहीं है, जबकि एकमात्र विकल्प आरोपी के पद छोड़ने तक इंतजार करना है। सुनवाई के दौरान यह देरी अतार्किक होगी और पूरी प्रक्रिया दिखावा बनकर रह जाएगी। इससे पीड़िता को कोई न्याय नहीं मिलेगा।

# 80 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण बारिश के बाद समतलीकरण

## इस पैकेज में सचेंडी से रमईपुर के बीच किया जाना है सिक्स लेन सड़क का निर्माण

**रिंग रोड पैकेज-4**

● मिट्टी बह जाने की आशंका के कारण ठेकेदार कंपनी नहीं शुरू कर रही काम

**04** फ्लाईओवर बनाए जाएंगे

**02** बड़े और 2 छोटे पुल बनेंगे

**09** स्थानों पर अंडरपास निर्माण

**02** रेलवे ओवरब्रिज भी होंगे




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर आउटर रिंग रोड के पैकेज-4 में सचेंडी से रमईपुर के बीच 80 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। अब इस पैकेज में सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए बारिश के मौसम खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है। पैकेज-4 में 4 फ्लाईओवर, 9 अंडरपास, 2 बड़े और 2 छोटे पुलों के अलावा 2 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कराया जाना है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 5 पैकेजों में निर्माण कार्य कराने का फैसला लिया है। इसमें पैकेज-1 का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, यहां रिंग रोड ने आकार लेना शुरू कर दिया है। 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज-1 में मंधना से सचेंडी तक सड़क बनाई जानी है। इस पैकेज में 3 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) और एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही 3 अंडरपास का निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में पैकेज-1 में 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

24.559 लंबे पैकेज-4 में मंधना से रमईपुर के बीच रिंग रोड बनाने का जिम्मा राज कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। इस पैकेज में सचेंडी से रमईपुर के बीच भूमि अधिग्रहण का 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। लेकिन बारिश में मिट्टी बह जाने की आशंका के कारण समतलीकरण का कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा है।

पैकेज-4 में 4 फ्लाईओवर, 9 अंडरपास, 91.784 किमी व 88.879 किमी पर दो आरओबी, चैनेज 75.70 किमी व 80.71 किमी में दो मेजर ब्रिज व 82.4 किमी और 83.2 किमी पर दो माइनर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

> पैकेज-4 में भूमि अधिग्रहण का 80 प्रतिशत काम पूरा कर हो चुका है। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए मानसून खत्म होने का इंतजार किया जा रहा है। बारिशका मौसम खत्म होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> –अमन रोहिला, परियोजना निदेशक, एनएचएआई

## बिना सूचना छुट्टी पर थे, लेखपाल रोका गया वेतन

**कानपुर।** एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने शुक्रवार को सदर तहसील का निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करने पर पाया कि तीन लेखपाल बगैर अवकाश स्वीकृति और उच्च अधिकारियों के बिना कोई सूचना दिए गैरहाजिर मिले। इस पर एसडीएम सदर ने तीनों लेखपालों का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश दिया है।

▸▸ एसडीएम के निरीक्षण में गायब मिले तीनों लेखपाल

रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबंध लेखपाल बीरबली, लेखपाल आशुतोष कुशवाहा और सदर तहसील की लेखपाल नुपूर आर्या शुक्रवार को बिना सूचना गैरहाजिर मिली। एसडीएम ने बताया कि तीनों लेखपाल बगैर सूचना गैरहाजिर मिले हैं। यह आचरण कर्मचारी नियमावली के खिलाफ है। इस संबंध में तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही और राजिस्ट्रार कानूनगो को अग्रिम आदेश तक एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया है।

# एमबीए और एमटेक की सीटें रह गईं खाली, बीटेक सब पर भारी


**एचबीटीयू**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ एमबीए में 240 सीटों के मुकाबले 122 सीटों पर प्रवेश

▸▸ एमटेक में 214 सीटों के सापेक्ष 47 सीटों पर हुए प्रवेश

▸▸ 15 अगस्त तक काउंसिलिंग, अभी पहला राउंड हुआ पूरा



**अमृत विचार।** एचबीटीयू में चल रही काउंसिलिंग में एमबीए और एमटेक की सीटें 50 फीसदी भी नहीं भर पाई हैं। लेकिन इनके मुकाबले बीटेक में सीटें लगभग भर चुकी हैं। तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन उम्मीद जता रहा है कि एमबीए और एमटेक की बची हुई सीटें फुल हो जाएंगी। दोनों कोर्स में काउंसिलिंग प्रक्रिया 15 अगस्त तक चलनी है।

संस्थान में एमबीए और एमटेक के कम प्रवेश का होने की वजह काउंसिलिंग के राउंड कम होना भी है। इन दोनों ही कोर्स के लिए अब तक सिर्फ एक राउंड की काउंसिलिंग ही हुई है। अब तक हुई काउंसिलिंग में एमबीए में 240 सीटों के मुकाबले 122 सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। इसी तरह एमटेक में 214 सीटों के मुकाबले एक रांउड की काउंसिलिंग में 47 में प्रवेश दिए जा चुके हैं। काउंसिलिंग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे काउंसिलिंग आगे बढ़ेगी इन कोर्स की सीटें भी भर जाएंगी। उधर इसके उलट कई कोर्स ऐसे हैं जिनमें युवाओं का रुझान तेज है। बीटेक कोर्स की सीटें लगभग भरी जा चुकी हैं।

बीटेक में हुई अब तक तीन रांउड की काउंसिलिंग में 912 सीटों में 908 पर अलॉटमेंट हो चुका है। अलॉटमेंट कराने वाले युवाओं में 584 ने प्रवेश भी ले लिया है। एमएससी प्रोग्राम में 90 सीटों में 41 भरी जा चुकी है। माना जा रहा है कि चंद दिनों में बची हुई सीटों पर भी प्रवेश पूरे हो जाएंगे। काउंसिलिंग के दौरान एमसीए में सिर्फ 8 सीटों पर ही अगले राउंड में युवा सीटें लॉक कर सकेंगे। इस कोर्स के लिए 78 सीटों में 70 भरी जा चुकी हैं। डीन एकेडमिक ललित कुमार ने बताया कि अगस्त तक चलने वाली काउंसिलिंग में बची हुई सभी सीटें भर जाएंगी।

**काउंसिलिंग में बची बीबीए व बीफॉर्मा**

■ बीबीए व बीफॉर्मा की सीटें फिलहाल काउंसिलिंग में शामिल नहीं की गई हैं। कमोबेश यही स्थिति बीटेक क्षतिज प्रवेश (दूसरे वर्ष में प्रवेश) की भी है। बीटेक बायोटेक्नॉलजी को भी काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया है। बताया गया कि इसकी वजह अब तक सीयूईटी का परीक्षा परिणाम नहीं जारी होना है।

# उप चुनाव को लेकर भाजपा ने बांटी मोर्चों को जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव को लेकर भाजपा के सभी मोर्चों के जिलाध्यक्षों की बैठक शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में हुई। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि सभी मोर्चों के अध्यक्ष विधानसभा सभा के प्रत्येक बूथ पर अपने अपने एक-एक कार्यकर्ता के नाम की सूची अति शीघ्र बना लें। जिनको मोर्चों की तरफ से एक-एक बूथ की जिम्मेदारी दी जाएगी और वो उस बूथ पर ही केंद्रित होकर चुनाव के वोटिंग के दिन तक काम करेगा। प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग होगी और प्रतिदिन की रिपोर्ट ली जाएगी। अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दलित बस्तियों के प्रभावशाली लोगों की वोटर्स पन्ना प्रमुखों और प्रत्येक मतदाता से निरंतर संपर्क में रहेंगे। महिला मोर्चा विधानसभा के प्रत्येक मंडल में महिलाओं की 3 टोली बनाएगी और प्रतिदिन ये टोलियां महिलाओं से संपर्क करेंगी। युवा मोर्चा विधान सभा में युवाओ की 20 टोलिया बनाएगी जो प्रतिदिन युवाओं से संपर्क करेगी। अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिम बूथ पर निरंतर संपर्क करेगा। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति मोर्चा, किसान मोर्चा प्रत्येक बूथ पर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करेगा।

## मंडी में आम को लेकर व्यापारियों में मारपीट

**कानपुर।** चकरपुर मंडी में आम की गुणवत्ता को लेकर शुक्रवार को दो व्यापारियों में मारपीट हो गई। जमकर लात-घूंसे चले। सचेंडी पुलिस के अनुसार मोहम्मद शफीक आम के व्यापारी हैं, जबकि मोहम्मद इमरान आम खरीदने आया था। इमरान खरीदने के बाद कहने लगा कि आम खराब हैं। मोहम्मद शफीक का कहना था कि उनके आम मंडी में सबसे अच्छे हैं। इसी बात को लेकर दोनों में बहस इतनी बढ़ी कि उनके समर्थक आ गए और मारपीट हो गई। सचेंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि मोहम्मद इमरान और मोहम्मद शफीक में मारपीट हुई थी।

# नई ई-रिक्शा नीति बनाने पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सड़क किनारे लगने वाले ठेले और खोमचे वालों को वैकल्पिक स्थान देने से सुधरेगी व्यवस्था

● पुलिस कमिश्नर कार्यालय में भाजपा के बाद सपा के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक



विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी के साथ बैठक करते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह व डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह।

**अमृत विचार।** गुरुवार को भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ हुई गोष्ठी के बाद शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर कैंप कार्यालय में सपा के जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी हुई। इसमें शहर के कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा करके समाधान निकालने पर मंथन हुआ।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कानून व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को और सुदृढ करने के साथ-साथ नई ई-रिक्शा पॉलिसी पर विचार विमर्श किया। सड़क किनारे लगने वाले ठेले और खोमचे को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थापित करने और वाहन चेकिंग समेत अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की।

गोष्ठी में विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने जनता से सीधे जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी बात कही और उसका समाधान निकालने के लिए अफसरों से कहा। अब जल्द ही नीति बनेगी। गोष्ठी में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राजेश कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# 6 स्पेशल ट्रेनें अब सितंबर तक चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ बिहार और नई दिल्ली की यात्रा करने वाले यात्रियों को मिलेगी सुविधा

▸▸ 03255 पटना-आनंद विहार टर्मिनल सप्ताह में गुरुवार और रविवार चलेगी



**अमृत विचार।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए पटना-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन सहित 5 जोड़ी ट्रेनों के फेरे और बढ़ा दिए हैं। अब ये ट्रेनें सितंबर माह तक पूर्व निर्धारित शेड्यूल के हिसाब से चलती रहेंगी। दो ट्रेनें सप्ताह में दो दिन और चार ट्रेनें सप्ताह में एक दिन चलेंगी। सभी ट्रेनें सेंट्रल स्टेशन से होकर गुजरेंगी।

03255 पटना-आनंद विहार टर्मिनल सप्ताह में दो दिन गुरुवार और रविवार चलेगी। यह ट्रेन एक अगस्त से 29 सितंबर तक 18 फेरे लगाएगी। 03256 आनंद विहार टर्मिनल-पटना शुक्रवार और सोमवार को आनंद विहार से रवाना होगी। यह ट्रेन दो अगस्त से 30 सितंबर तक अपने 18 फेरे पूरे करेगी। 02391 पटना-आनंद विहार टर्मिनल सप्ताह में एक दिन शनिवार को चलेगी। यह 9 फेरे तीन अगस्त से 28 सितंबर तक लगाएगी। इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 3 कोच रहेंगे। 02392 आनंद विहार टर्मिनल-पटना साप्ताहिक रविवार को चलेगी। यह ट्रेन चार अगस्त से 29 सितंबर तक 9 फेरे पूरे करेगी।

दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल 03257 सप्ताह में एक दिन रविवार को चलेगी। तीन जनरल कोच के साथ यह ट्रेन भी नौ फेरे लगाएगी। 03258 आनंद विहार टर्मिनल-दानापुर साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को चलेगी और पांच अगस्त से 30 सितंबर तक ट्रेन 9 फेरे लगाएगी।



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मुस्लिमों की समस्या बताते शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी और मौलाना अबू बकर हादी। अमृत विचार

# मॉब लिचिंग पर विपक्ष खामोश क्यों?

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की और उन्हें मुसलमानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मॉब लिंचिंग और बुलडोजर कार्रवाई पर विपक्ष खामोश क्यों है?

शहरकाजी ने पूर्व मुख्यमंत्री से कहा कि विपक्ष इतना मजबूत कभी नहीं हुआ, ऐसे में संसद से लेकर राज्यसभा तक किसी ने अभी तक मुसलमानों के हक में एक भी आवाज नहीं उठाई है। शहरकाजी ने कहा कि मदरसे के बच्चों को स्कूल भेजने की बात हो रही है, हाफिजा (पूरी कुरआन याद करने वाले बच्चे) करने वाले बच्चों के पास इतना टाइम ही नहीं होता है कि वे दूसरे स्कूलों की ओर देखें। उन्होंने कहा कि मदरसों का अपना पाठ्यक्रम होता है, मदरसों में अरबी, फारसी के अलावा हिंदी, गणित, अंग्रेजी समेत कई भाषाएं भी पढ़ाई जाती हैं। विपक्ष को चाहिए कि इस मुद्दे को संसद में उठाएं और इस आदेश को वापस लें।

मौलाना अबू बकर हादी ने कहा कि मुस्लिम क्षेत्र समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में सपा के विधायक, पार्षद व अन्य पदाधिकारियों को अल्पसंख्यकों की समस्याओं को हल कराने के लिए कोशिश करना चाहिए।

# खुले बोरवेल होंगे बंद कुएं भी हो रहे सूचीबद्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ खुले पड़े बोरवेल से हादसे रोकने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग कर रहा सर्वे

▸▸ पानी देने वाले कुएं पर लगाई जाएगी जाली, सूखे कुएं भी किए जा रहे गिनती

**अमृत विचार।** जिले में खुले पड़े सभी बोरवेल जल्द बंद कराए जाएंगे। इसके लिए शासनादेश जारी होने के बाद आपदा प्रबंधन विभाग जिले में खुले सभी बोरवेल का डाटा एकत्र करने में जुट गया है। इसके साथ ही ऐसे कुएं भी चिह्नित किए जा रहे हैं, जो काफी समय से सूखे पड़े हैं।

बारिश होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल-खलिहान और रास्ते जलमग्न हो जाते हैं। आवागमन में सड़क तक नहीं दिखाई देती हैं, इससे अक्सर हादसे होते हैं। एडीएम वित्त राजेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले बोरवोल में कई बार बच्चों के गिरने के हादसे सामने आए हैं। ऐसे हादसों को रोकने के लिए खुले बोरवोल बंद कराने का आदेश दिया गया है।

बोरवेल के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सभी प्रकार के कुएं भी सूचीबद्ध किए जा रहे हैं। जो कुंए पानी दे रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर जाली से कवर किए जाने की योजना है। जो कुएं सूखे पड़े हैं और क्षेत्र के लोग उनका उपयोग नहीं करते हैं, ऐसे कुएं हादसों की संभावना रोकने के लिए बंद कराए जा सकते हैं।

एडीएम वित्त ने बताया कि बिल्हौर, घाटमपुर, महराजपुर, बिधनू, सचेंडी समेत सभी ग्रामीण व शहर के आउटर क्षेत्र, जहां बोरवोल लगे हैं, उनका डाटा एकत्र करने के आदेश दिए गए हैं। बोरवेल के साथ सूखे व पानी देने वाले कुएं का भी डाटा एकत्र कराया जा रहा है।

## मास्क लगाकर अस्पताल से उड़ा दिए दो मोबाइल

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र स्थित अस्पताल में मास्क लगाकर दाखिल हुए व्यक्ति ने प्राइवेट रूम से दो मोबाइल चुरा लिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। जनरलगंज निवासी अर्पित कनौडिया के अनुसार 14 जुलाई 2024 को उन्होंने पत्नी मानसी राठौर को प्रेगनेंसी कारण के चलते ब्रह्मनगर स्थित नवयुग अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि बीती 18 जुलाई को प्राइवेट रूम में मास्क लगाकर कोई व्यक्ति आया और दो मोबाइल चुरा ले गया। आरोप है कि आरोपित 6.14 मिनट पर पूरे अस्पताल में बिना रोकटोक के घूम रहा था। लोकिन किसी ने कोई जांच नहीं की। बजरिया थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।


**अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ANUJ KUMAR AGRAWAL S/O GOPI CHAND AGARWAL था। जो कि आज दिनांक 19–07–2024 से मैने अपना नाम बदलकर ANUJ AGARWAL S/O GOPI CHANDRAAGARWAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **–अनुज अग्रवाल पुत्र गोपी चन्द्रा अग्रवाल, निवासी– मोहल्ला गुलाम अलीपुरा थाना–दरगाह शरीफ, जनपद बहराइच उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रामऔतार कश्यप पुत्र स्वर्गीय पतराखन, निवासी–12/648 कंचन नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव।** मैं अपने पुत्र सचिन कश्यप जो अपनी पत्नी प्रियंका के साथ परिवार से अलग रहते हैं। इनके अनैतिक कार्यो से मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार के चलते अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। बेटे द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेनदेन व कार्यो की जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। आज से मेरा बेटे से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **शालिनी पुत्री लाखन राजपूत, निवासी– ग्राम श्यामपुर पंजा, थाना हरपालपुर जनपद हरदोई** उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 13 अप्रैल 2024 की रात को घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं उक्त संबंध में थाना हरपालपुर जनपद हरदोई पर प्राथमिकी संख्या 151/2024 धारा 363 366 आईपीसी पंजीकृत है। जिस किसी को उक्त गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी हो तो **थाना प्रभारी हरपालपुर मोबाइल नंबर 9454403555 व विवेचना अधिकारी उ.नि. माबूद रजा के मोबाइल नम्बर 7897363214** पर सूचित करने का कष्ट करें।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र–सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है। **– रूचि शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी– ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

**आवश्यकता है**

**श्री नारायण सिंह महाविद्यालय**

**ककरघटा, शाहाबाद, जिला–हरदोई**

**(सम्बद्धता – लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)**

बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम

सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद

सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद

**शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान– राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।**

**प्रबंधक –9415564041**

**ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय**

**महादेव नगर ,नानेमऊ सुलतानपुर**

**में आवश्यकता है– प्राचार्य पद हेतु।**

**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वः पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबंधक**

मो0नं0– 9792630638


**टीएसएच में तैयारी** | पहली अगस्त से शुरू होगा ईडब्ल्यूएस बच्चों के लिए प्रशिक्षण का नया सत्र

# प्रशिक्षण के लिए बच्चों का कल से होगा ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● 604 ईडब्ल्यूएस बच्चों में 365 को ट्रायल के लिए बुलाया



टीएसएच में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर नगर निगम, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से आर्यनगर में संचालित द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में ईडब्लूएस बच्चों के लिए एक अगस्त से शुरू होने वाले नये प्रशिक्षण सत्र के लिए रविवार को ट्रायल होंगे। ट्रायल में चयनित होने वाले बच्चों को आधुनिक सुविधा से लैस परिसर में उच्च प्रशिक्षित कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद बच्चों को अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा।

21 जुलाई को सुबह सात बजे से शुरू होने वाली चयन प्रक्रिया के लिए कुल 604 आवेदनों में से 365 आवेदकों को चयनित किया गया है।

इन बच्चों को ट्रायल की सूचना दे दी गई है। जिन आवेदन पत्रों में दस्तावेजों की कमी थी, उन्हें भी पूरा करने के लिए संबधित बच्चों को सूचित किया गया है। नगर निगम, कानपुर स्मार्ट सिटी, प्रदेश खेल संघ के दो सचिवों के साथ चयन कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में ट्रायल प्रक्रिया आयोजित होगी।

**फिजिकल व एप्टीट्यूड टेस्ट के बाद स्पोर्ट्स स्किल व दस्तावेजों की जांच**

चार स्तरीय चयन प्रक्रिया के पहले चरण में सभी बच्चों का फिजिकल पैरामीटर पर आकलन होगा। दूसरे चरण में एप्टीट्यूड टेस्ट, तीसरे चरण में स्पोर्ट्स स्किल देखने के बाद चौथे चरण में अभिभावक की आय व अन्य प्रमाण पत्रों के आधार पर मिलने वाले अंकों के आधार पर चयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी बच्चों को आधार कार्ड के साथ सुबह सात बजे टीएसएच के गेट नंबर एक पर रिपोर्ट करना होगा। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईडब्लूएस बच्चों के प्रशिक्षण का नया बैच एक अगस्त से शुरू होगा।

# टीम चयन में लेनदेन का आडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन भ्रष्टाचार को लेकर फिर निशाने पर आ गया है। इस बार अंडर-19 के सेलेक्शन में भ्रष्टाचार को उजागर करने वाला एक कथित आडियो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वायरल आडियो की अमृत विचार पुष्ट नहीं करता है।

इस बार भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाला आडियो एक महिला कोच के लिए जारी हुआ है। यूपीसीए में विभिन्न दायित्वों पर रहीं महिला पूर्व खिलाड़ी भी हैं। आडियो में महिला और एक एकेडमी में प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ी की अंडर-19 में सेलेक्शन कराने के लिए पैसे के लेनदेन की बात है। खिलाड़ी कहता है कि मैम तीन लाख रुपये की व्यवस्था हो गई है, कहां लेकर आ जाएं। इस पर महिला कोच कहती हैं कि हम घर पर ही है, यहीं आ जाओ। इस आडियो के वायरल होने के बाद एक दूसरा आडियो भी वायरल हुआ। जिसमें खिलाड़ी कहता है कि मेरे और मैम के बीच सब कुछ अब क्लियर हो गया है। कुछ मिस अंडरस्टैंडिग के कारण ऐसा हुआ था। अब सब कुछ ठीक है। इस संबंध में अभी तक यूपीसीए के पदाधिकारियों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यूपीसीए के मीडिया मैनेजर फहीम ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है। मामला सामने आता है तो जिम्मेदारों से बातचीत के बाद सख्त कदम उठाया जाएगा।

### आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

40.8° अधिकतम तापमान | 28.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 07 : 03

### शहर में आज

- **महापर्व :** गुरू पूर्णिमा पर संगीतमयी श्री साई कथा, गैंजेस क्लब, आर्यनगर शाम 7 बजे।
- **कार्यशाला :** पीएनबी के सहयोग से एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कमेटी द्वारा एक्सपोर्ट डॉक्यूमेंटेशन पर एक कार्यशाला, मर्चेन्ट्स चैम्बर शाम 5 बजे।
- **ज्ञापन :** संखनाद पार्टी की ओर से आईएमसी का जिहादी संगठन घोषित करने की मांग पर डीएम को ज्ञापन, कार्यालय में सुबह 11 बजे।
- **कार्यशाला :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज सभागार में अत्याधुनिक हर्निया कार्यशाला, दोपहर 1 बजे।
- **ज्ञापन :** कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सीएम ग्रिड की सड़क निर्माण को लेकर बीजेपी जिलाध्यक्ष को ज्ञापन, सुबह 11 बजे साइट नंबर वन चौराहा।

# दिल्ली की फ्लाइट पौने 4 घंटे और मुंबई का विमान डेढ़ घंटे हुआ लेट

## चकेरी एयरपोर्ट पर मची अफरातफरी, यात्रियों ने सूचना न मिलने पर किया हंगामा

**हाहाकार**

> माइक्रोसाफ्ट कंपनी के सर्वर में दिक्कत आने के कारण फ्लाइटें लेट हुई हैं, पूरे देश में विमानों की उड़ान में परेशानी हुई है। कानपुर में भी दिल्ली और मुंबई की फ्लाइट देरी से आई हैं।
>
> –संजय कुमार, निदेशक, कानपुर एयरपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में आई खराबी के कारण पूरे देश में विमान सेवा का सिस्टम धड़ाम हो गया। इसके चलते दोपहर एक बजे दिल्ली की फ्लाइट सिस्टम पर कानपुर में दिखना बंद हो गई तो यहां भी हड़कंप मच गया। यात्रियों के मुताबिक 12.15 बजे दिल्ली से कानपुर के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट में वह लोग तीन घंटे से अधिक तक समय तक बंधक जैसी अवस्था में बैठे रहे। चकेरी एयरपोर्ट पर दिल्ली की फ्लाइट पौने 4 घंटे और मुंबई का विमान डेढ़ घंटे हुआ लेट होने के कारण यात्री परेशान रहे और उन्होंने हंगामा किया।

चकेरी एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे के आसपास कंट्रोलर को सिस्टम पर दिल्ली की फ्लाइट दिखना बंद हो गई तो हड़कंप मच गया। मामले की पड़ताल करने पर जानकारी मिली कि माइक्रोसाफ्ट कंपनी के सर्वर में दिक्कत के कारण पूरे देश में उड़ानें प्रभावित हो गई हैं, तब जाकर कानपुर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसी दौरान इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को जानकारी देने के लिए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी की ट्वीट करके सूचना दी।

कानपुर के लिए प्रतिदिन दिल्ली से दोपहर 12.15 बजे इंडिगो का विमान उड़ान भरकर दोपहर 1.30 बजे कानपुर में लैंडिंग करता है, लेकिन शुक्रवार को ये विमान दिल्ली में ही कई घंटे रुका रहा। दोपहर एक बजे के बाद विमान सिस्टम पर दिखना बंद हो गया तो अधिकारियों ने दिल्ली से संपर्क साधा, इस पर पता चला कि साफ्टवेयर में दिक्कत आई है, जिससे विमान लेट हो रहे हैं। हालत यह हुई कि दिल्ली से कानपुर की फ्लाइट शाम 5.15 बजे आई और कानपुर से दोपहर पौने दो बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट शाम 6.10 बजे कानपुर से प्रस्थान कर सकी।

उधर, मुंबई में भी कानपुर आने वाला विमान डेढ़ घंटे तक रोका गया जिससे इस विमान का कानपुर में यात्री इंतजार करते रहे। ये विमान अपराह्न तीन बजे के बजाए शाम साढ़े चार बजे आया और 5.25 बजे कानपुर से मुंबई की उड़ान भरी।

### विमानों की लोकेशन नहीं मिलने से अधर में अटके सैकड़ों यात्री

कानपुर। विमानों की लोकेशन नहीं मिलने के कारण हजारों विमान यात्री सफर के बीच में अटक गए क्योंकि जिस एयरपोर्ट से आगे की फ्लाइट लेनी थी, उस फ्लाइट का कोई लोकेशन ही नहीं मिला। कानपुर के तमाम ऐसे यात्री थे जिन्हें मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरू एयरपोर्ट से आगे की कनेक्टिविटी लेनी थी लेकिन एयरपोर्ट पर विमानों की सही जानकारी नहीं मिली। तमाम ऐसे पैसेंजर थे जो बुकिंग सिस्टम ठप होने से टिकट कैंसिल नहीं करा सके। जाजमऊ के मोहम्मद इलियास ने बताया कि वे लखनऊ से फ्लाइट लेकर चेन्नई पहुंचे, उन्हें वहां से बेंगलुरू की फ्लाइट लेनी थी लेकिन लोकेशन वाले सिस्टम काम नहीं कर रहे थे जिससे दिक्कत आई।

इसके चलते फ्लाइट के इंतजार में एकत्र यात्रियों ने हंगामा भी किया।



चकेरी एयरपोर्ट पर देर से आई इंडिगो की फ्लाइट। अमृत विचार

# माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर अटका तो निवेशकों को लगा जोर का झटका

- शहर के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1400 करोड़ रुपये की कमी का लगाया गया अनुमान

**कानपुर।** शुक्रवार को शेयर बाजार खुला तो तेजी के साथ अपने उच्चतम स्तर पर लेकिन कुछ ही मिनटों में बिकवाली आनी शुरू हो गई। ट्रेडर्स इसे समझ पाते तब तक माइक्रोसॉफ्ट आउटेज 'क्राउडस्ट्राइक' के कारण कई शेयर ब्रोकर्स के प्लेटफार्म पर लेनदेन बाधित होने लगा और थोड़ी ही देर में पूरी तरह से बंद हो गया, जो कि कई घंटों बाद दोबारा शुरू हो पाया। इस कारण बाजार खुलते ही जिन ट्रेडर्स ने डे ट्रेडिंग के लिए खरीदारी करके पोजीशन बनाई या फिर जिन्होंने कॉल ऑप्शन खरीदा, वे ट्रेडिंग बाधित होने से उसे बेच नहीं पा रहे थे, वहीं शेयर बाजार लगातार नीचे जा रहा था। ट्रेडर्स अपनी नजरों के सामने घाटा बढ़ता देखकर बेचैनी होने के बावजूद कुछ कर नहीं पा रहे थे। इस टेक्निकल गड़बड़ी के कारण ब्रोकर्स भी असहाय नजर आए। ऐसा नहीं कि सारे ट्रेडर्स को नुकसान हुआ, इसी दौरान कई ट्रेडर्स का मुनाफा भी बढ़ा। जिन ट्रेडर्स ने शार्ट पोजीशन बना रखी थी या पुट ऑप्शन खरीद रखा था, उन्हें बाजार गिरने से फायदा हुआ लेकिन ऐसे ट्रेडर्स की संख्या कम थी।

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार शुक्रवार को सेंसेक्स 738.81 अंक गिरकर 80,604.65 अंक पर, निफ्टी 269.95 अंक गिरकर 24,530 90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली से शहर के निवेशकों की संपत्ति में 1400 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान है।



# डग्गामार बसों से बर्बादी की कगार पर रोडवेज सड़क पर उतरेंगे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिर्फ आगरा रूट पर यात्री लेकर दौड़ रहीं 170 से अधिक प्राइवेट बसें

**अमृत विचार।** प्राइवेट बसों के कारण उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बर्बादी के कगार पर पहुंच चुका है, अपना अस्तित्व बचाने के लिए परिवहन विभाग आरटीओ प्रवर्तन के साथ सड़कों पर उतरेगा। परिवहन विभाग ने सर्वे कराया तो पता चला कि सिर्फ आगरा रुट पर 170 से अधिक प्राइवेट बसें दौड़ रही हैं, जिस प्रकार रोडवेज बसों का स्टापेज होता है, उसी प्रकार प्राइवेट बसों ने भी कस्बों से लेकर गांवों तक में स्टापेज बनाकर वहां अपने लोग लगा रखे हैं। ऐसे में परिवहन की बसों को सवारी नहीं मिल रहे हैं।

रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर परिक्षेत्र अनिल कुमार ने बताया कि संभागीय परिवहन अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

### 18 प्राइवेट बसें सीज 7 का किया चालान

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ डीके सिंह, एआरटीओ अंबुज भास्कर, कहकशां खातून, दीपक कुमार आदि ने मार्गों पर घेराबंदी करके बसों के खिलाफ अभियान चलाया। शुक्रवार को अभियान में 18 प्राइवेट बसों को सीज किया गया जबकि सात बसों का चालान किया गया।

### परमिट खोलेगा रूट का राज

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात चौधरी ने बताया कि कई ऐसी प्राइवेट बस हैं जिनका परमिट दूसरे रुट का है लेकिन दौड़ किसी दूसरे रुट पर रही हैं। जिस रूट पर अधिक सवारी होती हैं, उन्हीं रूट पर प्राइवेट बसें दौड़ती रहती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी डग्गामार बस को बख्शा नहीं जाएगा और आरटीओ के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर उन्हें सीज करने का काम शुरु किया गया है।

## उर्सला अस्पताल में एंटीबायोटिक दवा मिली घटिया

**कानपुर।** उर्सला अस्पताल के फॉर्मेसी स्टोर की अप्रैल माह में औषिधि विभाग की टीम ने जांच करके अमोक्सिसिलिन व पोटेसियम कलावूनेट इंजेक्शन 600 मिलीग्राम समेत कई दवाओं के नमूने लिए थे, इनको जांच के लिए टीम ने लखनऊ के राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा था।

औषधि निरीक्षक रेखा सचान के मुताबिक अस्पताल में अमोक्सिसिलिन एवं पोटेसियम कलावूनेट इंजेक्शन 600 मिलीग्राम और अमोक्सिसिलिन एवं पोटेसियम कलावूनेट इंजेक्शन 1.2 ग्राम अधोमानक पाए गए हैं, जिनको हटाने के निर्देश अस्पताल प्रशासन को दिए गए है। अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल का कहना है कि यह दवाएं एंटीबोटिक है, यह दवाएं स्टोर से पहले ही हटा दी गई है। इन दवाओं से मरीजों नुकसान तो नहीं होगा, लेकिन असर जरूर कम होगा।

# मेट्रो निर्माण में सीवर लाइनें तोड़ीं, मोड़ी और नहीं जोड़ीं

**जलभराव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो के कार्यों की वजह से शहर में हो रहे सीवर और जलभराव को लेकर शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल ने नगर निगम, जलकल और मेट्रो के अधिकारियों के साथ बैठक की। नगर निगम में हुई बैठक में महापौर ने मेट्रो अधिकारियों से कहा कि मेट्रो लाइन निर्माण के आसपास कई स्थानों पर जलभराव और सीवर की समस्या है। नवीन मार्केट, पीपीएन मार्केट में थोड़ी ही बरसात में एक-एक फुट पानी भर जाता है। कहीं की लाइन किसी में जोड़ दी गयी है, इससे पानी नहीं निकल पा रहा है। तीनों विभाग के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण करें और तत्काल समाधान निकालें, नहीं तो वह खुद मौके पर जाएंगी और जो दोषी मिलेगा उसपर कार्रवाई होगी।

बैठक में मेट्रो अधिकारियों ने बताया नवीन मार्केट के पास भूमिगत स्टेशन बनना था। इसमें सीवर लाइन आ रही थी, इसलिये वहां पर नाले की लाइन में 1200 एमएम की पाइप डालकर क्रिस्टल पार्किंग के किनारे होते हुए लाइन डायवर्ट की गई है। इसमें हर 10-10 मीटर पर पर मेनहोल बनाए गये हैं।



बैठक में सीवर व जलभराव वाले स्थान का मैप देखतीं महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त मदन सिंह गर्ब्याल। अमृत विचार

- महापौर ने जलकल, नगर निगम और मेट्रो के अधिकारियों के साथ की समस्या पर बैठक
- नवीन मार्केट औरजूही में हाल बेहाल, नालों को सीवर में जोड़ने पर लगाई फटकार

### खुले नाले में मिला दी सीवर लाइन, बढ़ी समस्या

महापौर ने कहा कि श्याम पैलेस के पास जल भराव से जनता परेशान है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि श्याम पैलेस के पास नाला खत्म कर ह्यूम पाइप डाल दिया गया है। मुख्य अभियन्ता 'सिविल' सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने कहा कि खुले नाले से कभी भी सीवर लाइन का कनेक्शन नहीं होता है। इससे सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जहां सीवर लाइनें ध्वस्त हैं, उसे ठीक कराया जाना आवश्यक है। महापौर ने कहा कि जहां-जहां सीवर लाइन तोड़ी गयी है, उसे स्वयं निरीक्षण करके देखूंगी।

### नगर निगम के पेड़ काटे और पैसा दिया वन विभाग को

- महापौर ने कहा कि बृजेन्द्र स्वरूप पार्क में स्काउट भवन और सड़क बनाकर मेट्रो ने पार्क बर्बाद कर दिया। नगर निगम के पेड़ काट दिये गये और वन विभाग को पैसा दे दिया गया। महाप्रबंधक जलकल आनन्द कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मैकराबर्टगंज में सीवर कनेक्शन टूट गया है ।मेट्रो ने कहा कि 45 मीटर सीवर लाइन में से 25 मीटर लाइन पड़ चुकी है, 20 मीटर और शेष है, जल्द ही कार्य पूरा कराया जायेगा।

### पाइप डालकर मेट्रो ने नाले से नहीं किया कनेक्शन

- अधिशासी अभियन्ता, जोन-4 आरके तिवारी ने बताया कि डाट नाला अंग्रेजों के समय का है, आज आबादी काफी बढ़ गयी है, जिससे डाट नाले पर दबाव बढ़ गया है। मेट्रो ने यहां पर 450 एमएम का पाइप डाला है, लेकिन लाइन चेक करने पर मेन चैम्बर से नवीन मार्केट वाले नाले से जुड़ा नहीं है, जिसकी वजह से जल भराव हो रहा है, यदि एक चैनल बनाकर लाइन जोड़ दी जाये, तो कुछ समाधान हो जायेगा। महापौर ने मेट्रो अधिकारियो को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कराकर समस्या का समाधान कराएं।

### घंटाघर और कराचीखाना में सीवर लाइन हुई ध्वस्त

- अधिशासी अभियन्ता, जोन- 1 जलकल ने कहा कि घंटाघर के पास वार्ड-90 में लैया मंडी में सीवर लाइन में सीमेन्ट भर गया है, जिससे लाइन ध्वस्त हो गई है, घरों में पानी भर रहा है। कराची खाना, सागर मार्केट में भी सीवर लाइन ध्वस्त है। अधिशासी अभियन्ता जोन-3 नबीला खान ने कहा कि नौबस्ता चौराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक 500 मीटर के स्थान पर मात्र 200 मीटर लाइन डाली है, जिससे सीवर लाइन कनेक्शन टूट गया है। महापौर ने मेट्रो अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए संयुक्त निरीक्षण कर निराकरण कराएं।

# दुकानों पर नेमप्लेट को सपा ने भेदभाव बताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नाम और बिक्री के सामान का ब्योरा लिखने का दिया है निर्देश

**अमृत विचार।** प्रदेश में कावंड़ यात्रा मार्ग पर व्यापारियों को अपनी दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगाने के सरकार के निर्देश को समाजवादी पार्टी के जिला संगठन ने भेदभाव और अल्पसंख्यकों के साथ दूरी बनाने वाला निर्णय बताया है।

सरकार ने प्रदेश में कांवड़ यात्रा मार्गों पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर 'नेमप्लेट' लगाना अनिवार्य कर दिया है। इसी आदेश में हलाल सर्टिफिकेशन वाले उत्पाद बेचने वालों पर भी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। शुक्रवार को नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में पीडीए कोर कमेटी की बैठक में सरकार के इस निर्णय की निंदा की गई। इसे समाजिक भेदभाद बढ़ाने वाला कहा गया। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, शबाब अबरार, रजत मिश्रा, हाजी अयूब आलम, हेमंत गुप्ता, संजय निषाद मौजूद रहे।

## स्पीड ब्रेकर पर बेकाबू हुई स्कूटी कारीगर की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में बाबूपुरवा बगाही भट्ठा निवासी 32 वर्षीय रवि की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह कमानी का काम करता था। भाई श्रेयस ने बताया 17 जुलाई की रात वह स्कूटी से घर लौट रहा था।

यशोदा नगर स्थित प्रताप होटल के पास बने स्पीड ब्रेकर के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई और रवि स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया। सिर पर गहरी चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराकर सूचना दी। गुरुवार रात इलाज के दौरान उसे दम तोड़ दिया।

# नौकर को बच्ची से रेप में 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराजपुर में 6 वर्षीय बच्ची का आम खिलाने के बहाने रेप करने वाले नौकर को एडीजे-13 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई। घटना के दौरान बच्ची के माता-पिता घर पर नहीं थे। परिजनों ने महाराजपुर थाने में आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

महाराजपुर थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि 28 जून 2022 को उनका छोटा भाई अपनी पत्नी के साथ खपरा मोहाल स्थित ससुराल गया था। छोटे भाई की 6 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेलते हुए बगीचे की ओर चली गई थी। जहां पड़ोसी युवक के खेतों में काम करने वाले प्रयागराज, मुडेरा मंडी धूमनगंज निवासी धीरज सोनकर ने बच्ची को आम खिलाने का झांसा देकर रेप की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे-13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया अभियोजन ने 8 गवाह पेश किए। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की कैद व 5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## नोजल खराब होने से लीक हुई गैस अफरा तफरी मची

**कानपुर।** दामोदर नगर स्थित एक सीएनजी पंप पर लोडर में गैस फिलिंग के समय पाइप का नोजल खराब होने से गैस लीक हो गई। गैस लीकेज होने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।

दामोदर नगर में इंडियन ऑयल का गौरव फिलिंग स्टेशन है। जहां सीएनजी फिलिंग होती है। शुक्रवार दोपहर को पंप कर्मचारी कर्रही निवासी धर्मेंद्र की लोडर में सीएनजी भर रहा था। गैस डालने के बाद कर्मचारी ने बिना सीएनजी सप्लाई बंद किए नोजल हटा दिया। जिससे गैस लीक करने लगी, गैस लीकेज होने से आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया।

**फाल्ट बनेंगे झटपट** | केस्को के मरम्मत गैंग के वाहन होंगे जीपीएस से लैस, एप से की जाएगी मॉनीटरिंग

# कैब बुकिंग की तरह मिनटों में आएगा केस्को का गैंग

**एक्सक्लूसिव**

विकास कुमार, कानपुर

- केस्को ने तैयार की योजना यूपीपीसीएल अध्यक्ष के सामने होगा प्रस्ताव का प्रदर्शन

**अमृत विचार।** कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी (केस्को) की मरम्मत गैंग जल्दी ही हाइटेक सिस्टम से लैस होंगी। इसके बाद उपभोक्ताओं को फॉल्ट होने पर सबस्टेशन की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सिर्फ एक कॉल पर समीपस्थ मौजूद मरम्मत गैंग मौके पर समस्या का समाधान करने पहुंचेगी। केस्को द्वारा इस सबंध में तैयार की गई योजना के मुताबिक जिस स्थान से बिजली संबंधी शिकायत आएगी, पास की गैंग तुरंत मौके पर पहुंचकर फॉल्ट सही करेगी। यह पूरी व्यवस्था उसी तरह संचालित होगी, जैसे ओला या उबर से कैब बुक करने पर पास स्थित वाहन तुरंत रिपोर्ट करता है। केस्को भी अपने मरम्मत गैंग की मॉनीटरिंग के लिए ऐसे ही एप का इस्तेमाल करेगा। केस्को ने जल्दी ही यह प्रस्ताव उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष के सामने मंजूरी के लिए प्रस्तुत करेगा।

केस्को के शहर में 7 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, इनको 94 सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। वर्तमान व्यवस्था में अगर किसी क्षेत्र में फॉल्ट या वितरण संबंधित कोई समस्या आती है तो उसी क्षेत्र की गैंग मौके पर पहुंचती है। इस व्यवस्था में अक्सर मरम्मत गैंग के देरी से पहुंचने और समय से फॉल्ट नहीं बनने के कारण प्रभावित क्षेत्र के हजारों लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। लेकिन नई व्यवस्था में अगर किसी क्षेत्र में फॉल्ट होगा, तो उस सब स्टेशन की गैंग के साथ ही पास के सबस्टेशनों की फाल्ट वाले स्थान के पास मौजूद गैंग भी मौके पर पहुंचकर फॉल्ट दुरुस्तीकरण का काम करेंगी।

इसके लिए केस्को मरम्मत गैंगों को पर्याप्त संख्या में जीपीएस युक्त वाहन उपलब्ध कराएगा। एप के माध्यम से मरम्मत गैंगों की सतत मानीटरिंग की जाएगी। केस्को इस योजना को उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष के सामने प्रस्तुत करेगा। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद व्यवस्था को धरातल पर उतारने का काम शुरू होगा।

### दूसरे शहरों में भी लागू की जा सकती योजना

केस्को के मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक इस योजना को लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, अलीगढ़ समेत अन्य शहरों में भी अपनाया जा सकता है। अभी एक सबस्टेशन पर शिफ्टवार चार गैंग काम करती हैं। अगर किसी सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में कई फॉल्ट हो जाते हैं तो गैंग को सभी जगह पहुंचने और फाल्ट बनाने में दिक्कत होती है। नई व्यवस्था में दूसरे सबस्टेशन की गैंग भी मौके पर भेजी जा सकेगी। गैंग की मॉनिटरिंग के लिए एक एप तैयार किया जाएगा।

### एप के जरिए होगी व्यवस्था की मॉनीटरिंग

योजना में केस्को के मरम्मत गैंग की सभी गाड़ियां जीपीएस से लैस होंगी। जहां भी समस्या होगी, पास में मौजूद गैंग को एप के जरिए संदेश देकर भेज दिया जाएगा। फॉल्ट होने पर ब्रेकडाउन की सूचना केस्को मुख्यालय आएगी, जहां तत्काल उसे एप पर अपडेट किया जाएगा। एप के जरिए संबंधित सबस्टेशन या दूसरे सबस्टेशन की खाली गैंग तुरंत मौके पर पहुंचेगी।

## 15 हजार से अधिक बकाए में 1500 की कटी बिजली

**कानपुर।** बिजली का बिल जमा ना करके स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता खुद को काफी समय तक स्मार्ट समझते रहे, लेकिन अब इन उपभोक्ताओं पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। पहले दिन केस्को ने 15 हजार से अधिक बाकाए वाले 15 सौ लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए। केस्को का बिलिंग सिस्टम अपडेट हुआ है। अपडेट कार्य के दौरान उपभोक्ताओं के घरों की बिजली ना कटे, इसलिए केस्को ने समय पूरा होने पर और बिजली बिल जमा ना होने पर भी स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं को बिजली दी। अधिकांश उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल जमा कर दिया, लेकिन 54 सौ उपभोक्ता लापरवाह निकले। तीन हजार उपभोक्ताओं पर 10 हजार से 15 हजार रुपये तक का बिजली बिल बकाया है।

# बांग्लादेशी प्रमाण पत्र मामले में फैसला दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पूर्व विधायक इरफान ने किया था सत्यापित निवास प्रमाण पत्र, डेढ़ साल बाद की पत्नी को जमानत

**अमृत विचार।** बांग्लादेशी नागरिक रिजवान का निवास प्रमाण पत्र सत्यापित करने के मामले में फंसे पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने डेढ़ साल से जेल में बंद रिजवान की पत्नी हिना खालिद की जमानत याचिका मंजूर कर ली और आदेश दिए कि मामले का एक साल में निस्तारण करें।

मूलगंज पुलिस ने 11 दिसंबर 2022 को बांग्लादेश के कुरला निवासी रिजवान, उसकी पत्नी हिना खालिद, ससुर खालिद, बेटी रुखसाना और दो नाबालिग बेटों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। रिजवान के आर्य नगर स्थित फ्लैट से पुलिस को कई कूटरचित दस्तावेज, भारतीय करेंसी व विदेशी मुद्रा समेत 26 महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे थे। इसके साथ ही प्रतिबंधित दवा डायजापाम की गोलियां समेत तत्कालीन सपा विधायक इरफान सोलंकी व पार्षद मन्नू रहमान के सत्यापित चार निवास प्रमाण पत्र पुलिस ने बरामद किए थे। पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी, षड़यंत्र रचने, विदेशी विषयक अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

# स्कूली बसों में सुरक्षा के लिए नियम हुए सख्त

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार।** बच्चों की सुरक्षा के मद्दे नजर स्कूली वाहनों के मानक में कई नई बातें जोड़ी गई हैं, ताकि स्कूली वाहन काबू में रहें और बच्चे सुरिक्षत घर पहुंचे। सरकार ने स्कूली वाहन के पंजीयन फार्म में स्कूल के लगने, छूटने का समय, छात्रों की संख्या, प्रत्येक छात्र का नाम, पता और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर संभागीय परिवहन के आला अफसरों ने स्कूली बसों पर शिकंजा कसते हुए स्कूली बसों या अन्य वाहनों के पंजीयन या नवीनीकरण में मानकों का कड़ाई से शत प्रतिशत पालन करने के लिए निर्देशित किया है। इस फैसले से निश्चित रूप से डग्गामारी पर रोक लगेगी और बच्चों का सफर सुरिक्षित होगा।

- **स्कूल का समय, छात्रों के नाम, पता और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी उपलब्ध करानी होगी**
- **चालक का पूरा विवरण, पुलिस से सत्यापन और चरित्र प्रमाणपत्र जरूरी**

## स्कूल बस के पंजीयन या नवीनीकरण के मानक

- एसआर-23 (क) फार्म, वाहन की फोटो चारों ओर से चेसिस नंबर सहित। फार्म में भरना होगा कि स्कूल लगने और छूटने की टाइमिंग क्या है, किस स्कूली वाहन में कितने बच्चे हैं, उनके नाम क्या हैं, बच्चों का पता, अभिभावक का नाम, मोबाइल नंबर भी देना होगा।
- वाहन की अनापत्ति (एनओसी) एवं वाहन की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन द्वारा जारी की गई निरीक्षण आख्या।
- स्कूल का मान्यता प्रमाण-पत्र एवं लेटर हेड चालक का ड्राइविंग लाइसेंस पांच वर्ष से अधिक व्यवसायिक अनुभव, पुलिस द्वारा जारी चरित्र सत्यापन प्रमाणपत्र, आईडी, फोटो मोबाइल नंबर देना होगा।
- वाहन द्वारा लाये जाने व वापस छोड़े जाने वाले बच्चों की सूची जिसमें कक्षा, छात्र का नाम, पिता का नाम, पता, मोबाइल नंबर होगा।
- आवेदक की आईडी, पैन, फोटो व मोबाइल नंबर।
- आवेदक द्वारा प्रस्तुत वाहन के समस्त प्रपत्रों की छाया प्रति स्वप्रमाणित।
- विद्यालय चालक को फोटो युक्त पहचान पत्र जारी करेगा जिसे चालक वाहन संचालन के दौरान चालक शर्ट पर प्रदर्शित करेंगे।



"बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूली वाहनों को मानक पूरे करने होंगे, यदि मानक में तनिक भी कमी होगी तो वाहन की फिटनेस नहीं की जाएगी। वाहन का पंजीयन भी रद किया जा सकता है।
-आलोक कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन

## परिचित ने झांसा देकर उड़ाई कार

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में निवासी युवक संग गांव के परिचित ने झांसा देकर कार लेकर फरार हो गए। यशोदा नगर निवासी सुधीर ने बताया कि 17 अप्रैल की दोपहर वह ममेरे भाई अतुल के साथ घर पर थे, तभी उनके गांव बांगरमऊ निवासी दीपक ने फोन कर उन्हें नौबस्ता बुलाया। वह कार से ममेरे भाई के साथ पहुंचे तो दीपक ने उन्हें चतुर्वेदी बिल्डिंग के पास दोस्तों के खड़े होने की बात कहते हुए चलने को कहा। चतुर्वेदी बिल्डिंग पहुंचने पर दो और लड़के आए, जिनकी बाइक खड़ी कराने के बहाने ममेरे भाई अतुल को गाड़ी से उतार दिया। आरोप है कि दीपक ने गाड़ी चलाने की बात कहते हुए धरीपुरवा के पास अतुल को लेकर आने की बात कह गाड़ी से उतार दिया और कार लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई।

# सीबीसीआईडी दफ्तर वाली जमीन पर नूरी शौकत का दावा निकला झूठा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महराजगंज जेल में बंद पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के गिरोह का सदस्य शौकत अली एक बार फिर चर्चा में आ गया है। गैंगस्टर शौकत पहलवान की बेटी सपा नेत्री नूरी शौकत ने न्यायालय में दावा किया था कि ग्वालटोली में स्थित सीबीसीआईडी कार्यालय परिसर वाली जमीन उसके नाम पर है। लेकिन इस संपत्ति से संबंधित दस्तावेज वह न्यायालय में नहीं प्रस्तुत सकीं। जांच में नूरी का दावा झूठा निकला। फिलहाल यह संपत्ति सीज है और परिसर में बने सीबीसीआईडी दफ्तर की देखरेख में है।

एडीसीपी हरीश चंदर के अनुसार जेल में बंद पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के गिरोह के सदस्य शौकत अली पहलवान की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज की जा चुकी है। ग्वालटोली स्थित सीबीसीआईडी दफ्तर वाली बिल्डिंग को भी इसी क्रम में सीज किया गया था। लेकिन शौकत की बेटी और सपा नेता नूरी शौकत ने पूर्व में यह दावा किया था कि सीज संपत्ति उनके नाम पर है, इसलिए उसे मुक्त किया जाए। एडीजे-12 के न्यायालय ने सुनवाई के दौरान नूरी शौकत से संपत्ति के दस्तावेज मांगे और पुलिस से अपना पक्ष रखने को कहा। नूरी शौकत जमीन से संबंधित दस्तावेज न्यायालय में पेश नहीं कर सकीं। पुलिस ने न्यायालय में अपनी रिपोर्ट दाखिल कर दी है, जिससे साफ हो गया कि सीज की गई जमीन शौकत पहलवान के नाम पर ही है। इसके बाद नूरी का दावा न्यायालय ने खारिज कर दिया। ऐसे में गैंगस्टर एक्ट के तहत शौकत की संपत्ति सीज रहेगी।

- **पूर्व विधायक इरफान गिरोह के सदस्य शौकत अली की यह संपत्ति की जा चुकी है जब्त**

पूर्व विधायक इरफान के गिरोह में शामिल शौकत अली पहलवान समेत आठ लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। इसी के बाद अपराध से कमाई गई शौकत पहलवान की करोड़ों की संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट में सीज किया गया था। ग्वालटोली स्थित सीबीसीआईडी वाली बिल्डिंग भी इनमें एक थी। कार्रवाई में बिल्डिंग सीज की गई थी, सीबीसीआईडी दफ्तर नहीं। इस बिल्डिंग की कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि जमीन की बाजार भाव 70 करोड़ से ज्यादा बताया जा रहा है।

## एक नजर

### डीसीपी ने कोहना थाने का किया निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल राजेश कुमार सिंह ने थाना कोहना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, त्योहार रजि, समाधान दिवस व आईजीआरएस रजिस्टर, कार्रवाई के रजिस्टर, मैस, बैरक आदि को चेक किया गया। तथा महिला हेल्प डेस्क, अग्निशमन यंत्रों के रख-रखाव, चौकीदारों की नियुक्ति की पत्रावलियों का अवलोकन भी किया गया।

### हादसे में युवक की मौत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के निकट शुक्रवार देर रात हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस, गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर गई, जहां उपचार शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। महाराजपुर थाना क्षेत्र के लुदाखर गांव निवासी अरुण (23) पुत्र बांकेलाल शुक्रवार देर रात बिल्हौर की ओर से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। तभी क्षेत्र के मरियानी गांव से थोड़ा पहले लक्ष्मी हॉस्पिटल के निकट हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस घायल को उठाकर सीएचसी लेकर गई, लेकिन तब तक घायल युवक ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी राजेंद्र कांत शुक्ला ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है।

# डीआईजी के छापे से जेल में हड़कंप, बैरिकों की तलाशी

## सुबह से शाम तक कोना-कोना छाना, बंदियों से की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर जिला कारागार अचानक निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी जेल को देखकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जेल में आम दिनों की तरह कामकाज चल रहा था। 11 बजे के आसपास गेट के सामने लाल नीली बत्ती लगी गाड़ी रुकी और डीआईजी जेल पीएन पांडेय नीचे उतरे। संतरी ने गाड़ी और अधिकारी देखकर सैल्यूट किया। आनन-फानन में गेट खोला गया और वह अंदर चले गए। बिना किसी सूचना के डीआईजी को देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय और जेल स्टॉफ मौके पर पहुंचा और जेल का औचक निरीक्षण शुरू हुआ।

सबसे पहले हाई सिक्योरिटी बैरिक की तलाशी ली गई, संदिग्ध बंदी दिखा तो उससे रोककर पूछताछ की गई। इसके बाद उन बैरिकों की तरफ रुख किया जहां शातिर बंदी मौजूद थे। कई बैरिकों की तलाशी लेते हुए डीआईजी महिला बैरिक में भी पहुंचे। महिला बंदियों से मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में बारी-बाकी से जानकारी ली गई। अस्पताल में जाकर बंदी रोगियों से पूछताछ की गई। डॉक्टर और फार्मासिस्ट से दवाओं को स्टॉक की जानकारी ली गई। किचेन में जाकर साफ-सफाई का इंतजाम देखा। बंदियों की परेड की जानकारी ली।



जेल का निरीक्षण करते डीआईजी जेल पीएन पांडेय। अमृत विचार

## वृद्धा ने वकील पर लगाया मकान पर कब्जे का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ग्वालटोली थानाक्षेत्र का मामला, चार लोगों के खिलाफ एफआईआर हुई दर्ज**

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में रहने वाली वृद्धा बीमार होने के कारण बेटे के साथ कुछ दिनों के लिए बेटी के पास गई थी। वृद्धा का आरोप है कि इसी दौरान एक अधिवक्ता ने साथियों के साथ मिलकर उसके मकान पर न सिर्फ कब्जा कर लिया, बल्कि लाखों रुपये कीमत के जेवरात और नकदी भी चोरी कर ली। आरोप है कि अब मकान खाली करने के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही है, रुपये नहीं देने पर आरोपी जान से मारने की धमकी और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्वालटोली निवासी महिला तारादेवी बेटों राजकुमार व अनुज के साथ रहती है। बीमार होने के चलते वह अप्रैल 2024 में बेटे अनुज के साथ बेटी के पास दस दिनों के लिए गई थीं। आरोप है, कि दो अप्रैल को शैवाल भारती, विशाल भारती, निहाल भारती व प्रियांजु ने मिलकर उनके मकान का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। जब वह बेटे के साथ घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। वह किसी तरह अंदर गईं तो देखा कि घर का सारा सामान फैला था। लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषणों के साथ पांच हजार की नकदी गायब थी। जब आरोपी से इस बारे में पूछताछ की तो वे गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि मकान खाली करने के नाम पर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगी। जान से मारने की धमकी देने के साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे।

वृद्धा के अनुसार शैवाल भारती पेशे से अधिवक्ता हैं। ग्वालटोली थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ चोरी, रंगदारी समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप



अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का किया सम्मान। अमृत विचार

### हेलमेट देंगे दान, उससे बचेगी जान

**कानपुर।** शहर में मोहर्रम जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के लोगों ने पुलिस कमिश्नर को बधाई दी। इस दौरान स्कूटर मोटरसाइकिल पाट्‌र्स एसोसिएशन ने जनता को जागरूक करने के लिए चौराहों पर जाकर 51 हेलमेट पहनाकर उनकी जान सुरक्षित रखने के लिए कदम बढ़ाने की बात कही। भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने पुलिस कमिश्नर की ओर से चलाए जा रहे अभियान त्रिनेत्र की सराहना की।



रक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते एसएएफ डिफेंस इम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारी।

### आयुध कारखानों का निगमीकरण वापस लें, 2 को आंदोलन

**कानपुर।** एसएएफ डिफेंस इम्पलाइज यूनियन ने रक्षा मंत्रालय के कार्यकारी निदेशक लघु शस्त्र निर्माणी को आयुध कारखानों का निगमीकरण वापस लेने समेत कई मांगों का ज्ञापन सौंपा। 2 अगस्त को इसी मांग पर स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री के सामने धरना दिया जाएगा। शुक्रवार को यूनियन के महामंत्री राजीव सिंह, अरुण कुमार पांडेय, आनन्द कुमार ने महाप्रबंधक लघु शस्त्र निर्माणी लोकेश बाजपेई एवं सुरेन्द्र पति को ज्ञापन सौंपा। बलवीर यादव, दीपक यादव, राधे श्याम यादव, जितेन्द्र शर्मा, रामनरेश,मनोज कुमार, धर्म राज यादव, विजय, राजकुमार, इमरान, बैकुंठ , ब्रह्मा प्रकाश,गंगा, चन्द्रशेखर मौजूद रहे।



मौलाना हाशिम अशरफी को सम्मानित करते मौलाना। अमृत विचार

### मौलाना हाशिम अशरफी सम्मानित

**कानपुर।** आल इंडिया गरीब नवाज काउंसिल के अध्यक्ष एवं गद्दियाना ईदगाह के इमाम मौलाना हाशिम अशरफी को मुंबई में उर्स अलीमी के मौके पर सम्मानित किया गया। मौलाना हाशिम अशरफी ने बताया कि उर्स में गरीब नवाज के उर्स मुबारक पर छुट्टी का मामला भी उठाया गया और केंद्र सरकार से मांग की गई कि ख्वाजा अजमेरी के उर्स पर सरकार राष्ट्रीय अवकाश घोषित करे।

# सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर से खाली कराया सरकारी आवास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थाने के सरकारी आवास में 14 वर्ष से अवैध रूप से कब्जा करके रह रहे सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर सत्यनारायन शुक्ला से सरकारी आवास खाली कराया गया। इसके पहले उन्हें कई बार नोटिस दिया जा चुका था, उन पर 44 लाख 47 हजार 800 रुपये किराया बाकी हो गया था। शुक्रवार को जब पुलिस और प्रशासन के अधिकारी आवास खाली कराने पहुंचे तो उन्हें सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर का विरोध झेलना पड़ा। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर ने जमकर हंगामा किया लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उसकी एक न सुनी और आवास खाली करा लिया।



सरकारी आवास के बाहर रखा सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर का गृहस्थी का सामान।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि सेनानिवृत्त इंस्पेक्टर सत्यनारायण शुक्ला को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद नियमानुसार शुक्रवार को एसीपी कैंट अंजलि विश्वकर्मा, एसीपी कलक्टरगंज मो मोहसिन और एसीएम-4 की मौजूदगी में कब्जा खाली कराया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सत्यनारायण शुक्ला पर 44 लाख 47 हजार 800 रुपये का बकाया निकला है। पुलिस इसे विभाग के नियमों के अनुसार वसूल करेगी मुख्यालय से लिखापढ़ी कराई गई है।

- **14 वर्षों से अवैध तरीके और सेवानिवृत्ति के 7 साल बाद भी डटे थे सरकारी आवास में**
- **हरबंश मोहाल में अधिकारियों के सामने पुलिस से भिड़ा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी**

### 140 पुलिस कर्मियों को जारी किया गया नोटिस

पुलिस लाइन के 14 और शहर के सभी थानों में बने 126 आवासों पर जिले से बाहर तैनात और सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इसकी वजह से दूसरे जिलों से आए पुलिस कर्मियों के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोई किराए पर तो कोई रिश्तेदारों के घर डेरा जमाए हुए हैं। दूसरे जिलों से आए पुलिस कर्मियों ने जब आवास की मांग की तो आवास खाली न होने की बात कही गई। कुछ समय पहले एडिशनल सीपी मुख्यालय एवं क्राइम विपिन मिश्ना ने इसकी समीक्षा की तो पता चला कि बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी अवैध रूप से सरकारी आवासों पर कब्जा किए हैं। जिसके बाद इनके खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।

## युवक के खाते से पार किए 78 हजार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने श्याम नगर निवासी राहुल सिंह के खाते से 78 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित के अनुसार बुधवार शाम को उनके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया और खुद को बैंक कर्मी बताया और खाते से संबंधित जानकारी मांगी। इस पर उन्होंने जानकारी दे दी। आरोप है कि कुछ देर बाद ही उनके खाते से दो वार में 78 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। इस पर उन्होंने दोवारा उस नंबर पर कॉल किया तो नंबर बंद बताया। इस पर उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल व चकेरी थाने में की।

**मातम का माहौल** इमामबारगाह हादी बेगम समेत कई स्थानों पर मजलिस सुनकर फूट-फूटकर रोए लोग

# करबला शहीदों के तीजा पर मजलिस, उठाए सोग के फूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कर्नलगंज में छोटे मियां हाता स्थित इमामबारगाह हादी बेगम समेत शहर के विभिन्न इमामबाड़ों पर करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों का तीजा मनाया गया। इमामबारगाहों में मजलिस, मातम व नज्र (फातिहा) के बाद सोग के फूल उठाये गये।

शुक्रवार को करबला में शहीदों का तीजा अदब और एहतराम के साथ मनाया गया। छोटे मियां हाता स्थित इमामबारगाह हादी बेगम में मौलाना ने मजलिस को खिताब फरमाया। वक्फ हाजरा बेगम सरदार बेगम एवं हादी बेगम के मुतवल्ली सैयद एनुल हसन नकवी ने बताया कि यहां पहली मोहर्रम से 12 मोहर्रम तक मजलिस, मातम का दौर चलता है।

पटकापुर, ग्वालटोली मकबरा, जूही लाल कालोनी, नवाब दूल्हा हाता, जाजमऊ समेत विभिन्न क्षेत्रों में शिया मुस्लिम महिलाओं ने इमामबारगाहों में मजलिसे अजा और मातम व नजरों न्याज के बाद सोग के फूल उठाये। शहर के छोटे बड़े इमामबाड़ों में मजलिसे अजा और मातमे हुसैन के बाद चना, इलायचीदाना और फूल के प्याले पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 प्यासे शहीदों की नज्र (फातिहा) की गई। इमामबाड़ों, कर्बला और खानकाहों में मजलिसे अजा, शहादतनामा का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। चमनगंज, बेकनगंज, कर्नलगंज, बजरिया, नाला रोड, मोहम्मदी अली पार्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही खिचड़ा बनाया गया और हजरत इमाम हुसैन के नाम की फातिहा कराई गई।



करबला शहीदों के तीजे पर मजलिस को संबोधित करके मौलाना अबूजर काजमी।

- **पटकापुर, ग्वालटोली मकबरा और जूही में हुए कार्यक्रम**

### मन्नत पूरी होने पर चढ़ाई खीर और मिठाई

सैकड़ों अकीदतमंद महिलाओं ने मन्नत पूरी होने पर छोटी करबला, ग्वालटोली मकबरा तथा बड़ी करबला नवाबगंज और बगाही करबला में खीर, मिठाई, खिचड़ा आदि से ताजिये वाली कब्रों को भरकर अपनी मन्नतें बढ़ाईं। मौलाना जहीर अब्बास, मौलाना जीशान मौलाना, तसव्वुर हुसैन, मुनव्वर हुसैन, बशीर हैदर, मौलाना कमबर हुसैन, फिरोज अब्बास, इसरार हुसैन, जोहरे कैन और बाहर से आये उलेमा ने खिताब किया। ऐमन रिजवी, मुंतजिर हसन, आसिफ अब्बास, हाजी मुन्सिफ अली रिजवी, हाजी शमीम हैदर, पप्पू मिर्जा, परवेज हुसैन जैदी, मिर्जा शहनशाह हुसैन, डॉ .जुल्फिकार अली रिजवी,अनवार अहमद सज्जादी, नजरे आलम, शराफत हुसैन, चीना रिजवी, आसिफ अली रिजवी, आरिफ अब्बास,नवाब हैदर अब्बास, अफसर हुसैन, एहसान हुसैन, ताज मिर्जा, मंजर हुसैन, इबने हसन जैदी (बबलू) अख्तर सीतापुरी और नवाब मुमताज अयाज हैदर रिजवी, जवाज हैदर रिजवी,नजीर हैदर रिजवी,फुरकान हैदर रिजवी मौजूद रहे।

### महिलाओं, बच्चों, आबिदे बीमार को बेड़ियों में जकड़ा

बड़ी करबला नवाबगंज में मौलाना अबूजर काजमी ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने करबला के मैदान में इस्लाम व मानवता को बचाने के लिए अपने पूरे घर को कुर्बान कर दिया। 11 मोहर्रम को यजीद की फौज ने इमाम हुसैन का घर बार लूट लिया। महिलाओं , बच्चे और आबिदे बीमार को हथकड़ी और बेड़ियों से जकड़कर कैदी बनाकर कूफे की तरफ ले जाया गया और मुल्क शाम के कैदखाने में कई साल कैद रखा। यजीद का हुक्म था कि इमाम हुसैन के लाश को जो दफन करेगा या उनका तीजा, चालीसवां करेगा उसका सिर कलम कर दिया जाएगा। इसी हुक्म के खिलाफ दुनिया भर में ताजिये दफन करके इमाम का तीजा व चालीसवां बड़े अदब व ऐहतेराम से मनाया जाता है। मजलिस के बाद बड़ी करबला में शोहदाए कर्बला की नज्र दिलाई गई। अंजुमन बज्मे हुसैनी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। नायाब आलम, शारिब अब्बास, नज़र अब्बास, जमील हुसैन, वहदत काज़मी, मोहम्मद रजा मौजूद थे।

## पुल पर बाइक खड़ी कर पत्नी से बोला ....जा रहा हूं

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में गंगापुल पर एक लावारिस बाइक खड़ी देखकर राहगीरों ने अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस गाड़ी को थाने लेकर आई और गाड़ी नंबर के आधार पर परिजनों से संपर्क किया। जांच के दौरान सामने आया कि बाइक खड़ी कर जाने वाले व्यक्ति ने अपनी पत्नी को फोन कर गुजरात कमाने जाने की बात कही है।

शुक्रवार को जाजमऊ गंगापुल पर राहगीरों ने लावारिस हालत में एक बाइक खड़ी देखी। अनहोनी की आशंका पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस गाडी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक हनुमंत विहार के आशा नगर वखतीपुरी निवासी जगतपाल से संपर्क किया। जगतपाल ने बताया कि उनके भाई सुरजन सिंह खेती किसानी के साथ ही ड्राइवरी का काम करते है। वह अपनी पत्नी उर्मिला व दो बच्चों के साथ गांव कानपुर देहात के डेरापुर में रहते है। तीन दिन पहले वह गांव से उनके पास आए थे, गुरुवार रात को वह वाइक लेकर घर से निकल गए थे। बइक गंगापुल पर कैसे पहुंची नहीं मालूम है। शुक्रवार दोपहर को उनके सुरजन सिंह ने अपनी पत्नी को किसी दूसरे के फोन से कॉल करके गुजरात जाने की बात कहीं है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8791613133
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### वरिष्ठ पत्रकार को मातृशोक


उमा देवी।

कानपुर। शहर के वरिष्ठ पत्रकार विवेक मिश्र की माता उमा देवी का निधन शुक्रवार सुबह हो गया। वे पिछले कई महीनों से बीमार चल रही थी। वे 67 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को भैरव घाट पर हुआ। आई ब्लॉक गुजैनी निवासी विवेक मिश्र के पिता प्रेमकांत मिश्र भी पत्रकारिता जगत से जुड़े थे। उनका भी देहांत तीन वर्ष पूर्व हो चुका है। उमा देवी अपने पीछे बेटा विवेक मिश्र, बहू कंचन मिश्रा, पोती नित्या, बेटी प्रिया, दामाद राम सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं।

### डिप्टी पड़ाव में दिन में 3 बार घंटों गुल रही बिजली

कानपुर। शहर में शुक्रवार को फॉल्ट और एलटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से सात फीडरों से जुड़े घरों व दुकानों की बिजली गुल रही। भूमिगत केबल में फॉल्ट होने की वजह से चीना पार्क उपकेंद्र के बीएस-1 फीडर की आपूर्ति सुबह पांच बजे गुल हो गई, जो सुबह आठ बजे तक आई। डिप्टी पड़ाव फीडर की आपूर्ति भी सुबह साढ़े छह बजे से आठ बजे तक गुल रही। इसके बाद जंपर क्षतिग्रस्त होने की वजह से फीडर की बिजली सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर फिर गुल हो गई, जो दोपहर 12 बजे आई। दोपहर में तीन बजे डिप्टी पड़ाव फीडर की आपूर्ति फिर बंद हो गई, जो शाम साढ़े छह बजे तक आई। एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से एमटीसी न्यू फीडर की आपूर्ति रात 12 बजे से डेढ़ बजे तक, तेज हवा से एलटी पोल पर एचटी लाइन गिरने के कारण दोपहर डेढ़ बजे से साढ़े तीन बजे तक और सर्वोदय नगर उपकेंद्र के एमपी मिल फीडर की बिजली एचटी व एलटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से सुबह सात बजे से सुबह नौ बजे तक बिजली गुल रही।

### पेंशन बहाली के लिए डिप्टी सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

कानपुर। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की कानपुर इकाई ने शुक्रवार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह को सौंपा। संघ के जोनल कोषाध्यक्ष कुंदन सिंह ने बताया कि कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के दिशा निर्देश पर गेट मीटिंग, आमसभा, धरना-प्रदर्शन, रैली के माध्यम से कर्मचारियों को जागरूक करते हुए आखिरी में वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन देना था। सहायक मंडल मंत्री मनोज यादव ने कहा कि सरकार अंतिम वेतन का पचास प्रतिशत के साथ डीए पर राजी है, लेकिन मान्यता प्राप्त यूनियन के अड़ंगा से लागू नहीं हो पा रही है। प्रदीप सिंह राणा, सोनू कुमार, मोहित कुमार, संजय गुप्ता, संजय रावत, संजय यादव, आनंद कुमार, करण सिंह यादव, संकेत सुमन त्रिपाठी मौजूद रहे।

# डिफेंस कॉरिडोर मार्ग 204 करोड़ से होगा फोरलेन

## 828 करोड़ रुपये से 24 सड़कों का किया जाएगा चौड़ीकरण

एक्सक्लूसिव

अभिनव मिश्रा, कानपुर


ऐसे बदहाल मार्गों की दशा सुधारी जायेगी। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने 828 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। इनमें निर्माण खंड के कल्याणपुर-शिवली-शिवराजपुर मार्ग समेत 12 और प्रांतीय खंड में सर्वाधिक 204.11 करोड़ के बजट वाला 16 किलोमीटर लंबा नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए डिफेंस कॉरिडोर मार्ग समेत 12 सड़कों को शामिल किया गया है। एस्टीमेट मुख्यालय से शासन को भेज दिया गया है, स्वीकृति मिलते ही सड़कों का चौड़ीकरण कार्य शुरू होगा।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण 206 हेक्टेयर में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना कर रहा है। भविष्य में इस कॉरिडोर का और विस्तार होना है, जिसके लिए पांच सौ हेक्टेयर भूमि लेने की तैयारी है, ताकि यहां तेजी से छोटी-बड़ी इकाई स्थापित हो सकें। अभी सरसौल और रमईपुर से डिफेंस कॉरिडोर तक जाने के लिए टू लेन सड़क है। ऐसे में सरसौल से नर्वल होते हुए साढ़ तक की सड़क को टू लेन से फोरलेन करने की योजना पीडब्ल्यूडी ने तैयार की है। पीडब्ल्यूडी ने डिफेंस कॉरिडोर के लिए 16.100 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 204.11 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया है। प्रांतीय खंड ने कुल 12 सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार किया है, जिनमें 9.200 किमी लंबे चौबेपुर-बंदीमाता मार्ग के चौड़ीकरण के लि 28.35 करोड़, 17.400 किमी लंबे गजनेर मूसानगर मार्ग के लिए 47.25 करोड़ का एस्टीमेट बनाया गया है। निर्माण खंड की ग्रामीण क्षेत्रों की ककवन मुद्दुपुर रोड फत्तेपुर अंबारीहार से पूरा नदीहा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 22.01 करोड़, 14.30 करोड़ से रमईपुर कैंधा मार्ग से पिपौरी गंभीरपुर-मन्नीपुरवा-कैंधा-देवीनपुरवा से इटारा मार्ग, 31.97 करोड़ से सीएचएस से गुजैनी कैनाल रोड, 7.97 करोड़ से काकूपुर रब्बन होते हुए खड़ेश्वर मंदिर रोड, जीटी मार्ग से पूरा राधन मार्ग समेत 12 सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

| चौड़ीकरण के लिये चिह्नित प्रमुख मार्ग | लंबाई (किमी) | लागत (करोड़ में) |
|---|---|---|
| चकेरी पाली-सवाइजपुर-कंदौली | 11.70 | 44.30 |
| श्यामनगर से मंगला विहार प्रथम | 2.25 | 19.00 |
| लालबंगला से सनिगवां मार्ग | 3.00 | 27.00 |
| कल्याणपुर-शिवली-शिवराजपुर | 2.50 | 24.60 |
| पनकी मंदिर से गंगागंज पुराना रोड | 1.20 | 22.31 |
| चकेरी से कुढ़िगांव | 4.00 | 12.54 |
| कल्याणपुर-बिठूर मार्ग | 7.00 | 73.14 |
| रूमा ऐमा ड्योढ़ीघाट-सलेमपुर | 6.80 | 25.10 |
| करबिगवां स्टेशन से कीसाघाट | 14.25 | 46.90 |
| कुरसौली पुल से होल्कापुर-हंसपुर | 5.20 | 14.80 |
| गौरी भगवंतपुर-कासामऊ-मुस्ता | 5.00 | 14.25 |
| घाटमपुर से साढ़ मार्ग | 7.90 | 12.60 |
| साढ़ कुढ़नी-मुसाफा मार्ग | 8.40 | 26.30 |
| टिकरा-हेतपुर-दूल-भाऊपुर स्टेशन | 7.10 | 20.71 |
| जीटी रोड से हरनु मुंडेरी मार्ग | 8.40 | 27.18 |

**17.40** किमी लंबे गजनेर से मूसानगर मार्ग के लिए 47.25 करोड़ का एस्टीमेट बनाया

- पीडब्ल्यूडी की प्रांतीय और निर्माण खंड की 12-12 सड़कें की गईं शामिल
- 9.2 किमी लंबे चौबेपुर-बंदीमाता मार्ग का 28.35 करोड़ से होगा चौड़ीकरण



वार्ता के दौरान जानकारी देते प्रबंध सदस्य विपुल जैन, अनिल अग्रवाल व श्रीकुमार अक्षय व निदेशक डॉ. ब्रजेश वार्ष्णेय व फार्मेसी निदेशक डॉ. प्रशांत कटियार।

# कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्वायत्त संस्थान किया गया घोषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संस्थान अब अपना पाठ्यक्रम खुद तैयार कर सकेगा

अमृत विचार। कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी) को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने स्वायत्त संस्थान (ऑटोनोमस) का दर्जा दिया है। यह दर्जा संस्थान को सत्र 2024-25 से मिला है। केआईटी शहर का ऐसा पहला संस्थान है जिसे यह दर्जा हासिल हुआ है। अब संस्थान अपना पाठ्यक्रम खुद तैयार कर सकेगा।

यह जानकारी शुक्रवार को प्रबंध सदस्य विपुल जैन, अनिल अग्रवाल व श्रीकुमार अक्षय ने देते हुए बताया कि संस्थान को यह दर्जा मिलने के बाद अब संस्थान खुद की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित करने, पाठ्यक्रम तैयार करने, नवाचार शिक्षण पद्धतियों को पेश करने, शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, अपनी परीक्षा परिणाम प्रणाली अपनाने व अकादमिक ढांचे के माध्यम से डिग्रियां प्रदान करने का अधिकार रखता है। वार्ता में ब्रजेश वार्ष्णेय व डॉ. प्रशांत कटियार भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि संस्थान हर साल नए आयाम छू रहा है। संस्थान पिछले वर्ष ही राष्ट्रीय मूल्यांकन और नैक की ओर से 'ए' ग्रेड हासिल कर चुका है।


क्रातिकारी मंगल पांडे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सर्वेश कुमार पांडे निन्नी व अन्य।

# जयंती पर शहीद मंगल पांडेय को याद किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति ने शुक्रवार को शहीद मंगल पांडेय की जंयती मनाई। नानाराव पार्क स्थित शहीद प्रतिमा स्थल पर युवा चेतना सभा के सर्वेश कुमार पांडेय निन्नी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा हुई। सभा में कहा गया कि सच्चे देशभक्त रहे मंगल पांडेय ने प्रथम क्रांति का बिगुल फूंका था। अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे।

नौजवानों में जंग छेड़ने का जज्बा भरा था। प्रस्ताव पास हुआ कि नई संसद में शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा लगाने के लिए सरकार से मांग होगी। पूर्व पार्षद विजय नारायण शुक्ला, अनिल त्रिपाठी, संदीप साहू, तिलक चंद्र कुरील, अरविंद शर्मा, आंनद अग्रवाल, कमरूद्दीन, दीनानाथ द्विवेदी, प्रमोद पांडेय, सुरेश गुहा, विजय अवस्थी आदि रहे।

# भाजपा का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भाजपा दक्षिण कार्यालय में बैठक करते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

- मंत्री, सांसद और विधायक अपने बूथों पर करेंगे पौधरोपण
- 15 अगस्त तक अभियान में 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

अमृत विचार। शुक्रवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान के बारे में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 20 जुलाई को बूथ स्तर पर विशेष पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी व मंडल से लेकर बूथ कमेटी तक के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे। जिले में 15 हजार पौधे लगाने के लिए मण्डल अध्यक्षों को लक्ष्य दे दिया गया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को पीपल, बरगद,नीम, पाकड़ , आम ,गुलमोहर के पौधे वितरित किए। जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कार्यकर्ताओं से 15 अगस्त तक वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाकर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। बैठक में प्रबोध मिश्रा,राम बहादुर यादव,जसविंदर सिंह, गिरीश चंद्रा , विनोद मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, विनय मिश्रा, अर्जुन बेरिया, शिवपूजन सविता, संजीव बेरी, वीरेंद्र दिवाकर, पवन दीक्षित, गौरव तिवारी आदि रहे।

**मातृ वाटिका में आज रोपे जाएंगे 44 लाख पौधे** : पौधरोपण अभियान के तहत शनिवार को शहर में 44 लाख पौधे विभिन्न मातृ वाटिका में रोपे जाएंगे। आईआईटी, एचबीटीयू, सीएसजेएमयू, सीएसए और अन्य शिक्षण संस्थानों में मातृ वाटिका की स्थापना की गई है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पौधे उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी की है। एसबीटूयू वेस्ट कैंपस में सुबह 9 बजे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व नगर के लिए नामित नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव पौधरोपण करेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि पौधरोपण के लिए शिक्षण संस्थानों में मातृ वाटिका में पौधरोपण होगा। तहसीलवार पौध उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय वन अधिकारी नगर, घाटमपुर, बिधनू व बिल्हौर को है।

वन विभाग की ओर से गड्ढे खोदने की व्यवस्था पूरी की जा चुकी है। शनिवार को जिले में लगभग 44 लाख पौधे रोपे जाने हैं। इस बार पौधरोपण में हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाएगा। यह पौधा मातृ वाटिका में रोपित किया जाएगा। सुबह नौ बजे पौधरोपण की शुरूआत एचबीटीयू वेस्ट कैंपस से होगी।


पौधरोपण करतीं शिक्षिकाएं व मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण को लगाए पौधे

कानपुर। कानपुर महिला व्यापार मंडल ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को आर्यनगर स्थित पंडित शिव मोहन मिश्र मेमोरियल स्कूल में 50 पौधों का रोपण किया। व्यापार मंडल विभिन्न जगहों पर 21 सौ पौधे रोपेगा। चेयरपर्सन कंचन सिंह ने कहा कि लोग प्रेरणा लेकर पौधरोपण के लिए आगे आएंगे। स्कूल में पौधे रोपने के पीछे मकसद बच्चों को जागरूक करना था। बच्चे न सिर्फ खुद पौधे रोपेंगे बल्कि अपने माता- पिता को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करेंगे। स्कूल की निदेशक विम्मी शुक्ला, मंडल अध्यक्ष गीता गुप्ता, रेणु गुप्ता और सोनी उपस्थित रहीं।


एडीएम सिटी को ज्ञापन देते उप्र प्रांतीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

# बजट में व्यापारियों का रखा जाए ध्यान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उप्र प्रांतीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने एडीएम को सौंपा वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश प्रांतीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने वित्त मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम डॉ.राजेश कुमार को देकर कहा कि बजट में प्रदेश के व्यापारियों का ध्यान रखा जाए।

प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि व्यापारी वर्षों से अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे है। पिछले कई वर्षों से व्यापारी को हर बजट में निराशा मिली है। प्रोत्साहित और मदद करने वाली कोई घोषणा नहीं हो रही है। व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए जीएसटी के तहत टैक्स के दो स्लैब होने चाहिए। व्यापारियों को लिए मेडिक्लेम की सुविधा दी जाए। जीएसटी का सरलीकरण किया जाए। पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के तहत लाया जाए। ऑनलाइन व्यापार से खुदरा व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन व्यापार पर अतिरिक्त टैक्स/सरचार्ज लगाया जाए। जीएसटी के तहत धारा 129 को सरल की जाए। सोने पर कस्टम ड्यूटी कम की जाए। मंडी शुल्क खत्म किया जाए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए अलग मंत्रालय बनाया जाए। सूक्ष्म उद्योगों को बिजली दर में छूट प्रदान की जाए। किसानों के प्रयोग में आने वाले ट्रैक्टर, कृषि उपकरण, बीज, खाद्य आदि पर जीएसटी शून्य कर किसानों की लागत कम की जाए। इस दौरान मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि राज अग्रवाल, प्रदेश सचिव काले खान, शिवम खन्ना, राकेश सिंह चौहान, रितेश गुप्ता, रजत अग्रवाल, सुनील गुप्ता मौजूद रहे।

# न्यायिक क्षेत्राधिकार वापस लाने को मनाया काला दिवस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। बिल्हौर-घाटमपुर न्यायिक क्षेत्राधिकार वापस लाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शताब्दी गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन कर काला दिवस के रूप में मनाया।

संघर्ष समिति संयोजक, लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने बताया कि 11 वर्ष पूर्व 19 जुलाई को नगर की तहसील बिल्हौर व घाटमपुर के न्यायिक क्षेत्राधिकार को कानपुर देहात भेज दिया गया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद वादकारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया था। प्रदेश सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल ने 14 जून 2019 को गजट जारी कर दोनों तहसीलों को न्यायिक क्षेत्राधिकार वापस कानपुर नगर में जोड़ दिया गया। राज्यपाल के निर्देश पर न्याय विभाग शासन के उप सचिव द्वारा महानिबंधक हाईकोर्ट को गजट क्रियांवयन के लिए भेजा गया था, लेकिन क्रियांवयन न होने पर पुनः प्रतिवेदनों पर राज्यपाल के विशेष सचिव की ओर से शासन को पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक गजट क्रियांवयन न होने से दोनों तहसीलों की जनता को न्याय के लिए सैकड़ो किलोमीटर चक्कर काटना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शैलेश त्रिवेदी, अरविंद दीक्षित, संजीव कपूर, शिवम गंगवार, अतुल सिंह, राकेश सिद्धार्थ, अनूप जायसवाल, गायत्री मिश्रा, विपिन वर्मा, नवनीत पांडेय, गौरांग त्रिवेदी मौजूद रहे।

# शिव मदिरों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे ड्रोन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंदिर कमेटी के साथ बैठक कर निपटाईं सभी समस्याएं

अमृत विचार। सावन माह में सभी शिव मंदिरों और गंगा घाटों की सुरक्षा में पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा । पुलिस ड्रोन और सीसीटीवी से मंदिरों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा करेगी। कमिश्नरेट के आलाधिकारियों ने परमट में आनंदेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर यह दिशा निर्देश दिए।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर, डीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार सिंह, एडीसीपी संतोष कुमार मीणा, एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार व ग्वालटोली पुलिस ने आनंदेश्वर मंदिर के पुजारी व भक्तों के साथ बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर जोर दिया। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए कि मंदिर में वालंटियर व एस-10 के सदस्य मौजूद रहेंगे। गंगा घाटों पर पुलिस और पीएसी की तैनाती रहेगी। पीएसी की मोटरबोट और गोताखोरों को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। सभी मंदिरों में पार्किंग व्यवस्था, बेरीकेडिंग व्यवस्था पूर्ण कर ली जाएं। घाटों पर गोताखोरों के मोबाइल नंबर व थाना इंचार्ज का नंबर अंकित किया जाए।

### पुलिस बता महिला से मांगे 15 हजार

कानपुर। गोविंद नगर निवासी महिला ने बताया कि करीब एक माह पहले उनके मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाली युवती को खुद को दिल्ली पुलिस में तैनात बताते हुए मोबाइल की किस्ते बाकी होने पर मुकदमा दर्ज होने की बात कही। पीड़िता ने बताया कि फोन भाई के फाइनेंस कराने की बात कही, जिस पर फोन करने वाली युवती ने अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करते हुए 15 हजार रुपये की मांग की। पैसे न देने पर जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़िता ने गोविंद नगर थाने में शिकायत की। हालांकि गोविंद नगर इंस्पेक्टर ने मामले की जानकारी से साफ इंकार किया है।

आयोजन — आईआईटी कानपुर में 21 को होगा कार्यक्रम, साहित्यकारों और बुद्धजीवियों की जमेगी महफिल

# गीत, संगीत और पर्यटन को संजोएगा गाथा महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- सेलिब्रिटी टॉक, संगीत संध्या ओपन माइक, पैनल चर्चा, राइटर (लेखक) कॉर्नर होंगे आयोजित

अमृत विचार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में 21 जुलाई को गाथा महोत्सव आयोजित होगा। इसमें सेलिब्रिटी टॉक, संगीत संध्या, ओपन माइक, पैनल चर्चा, राइटर (लेखक) कॉर्नर सहित अन्य आयोजन होंगे। महोत्सव में प्रदेश के पर्यटन, लोकगीत और साहित्य पर विशेष रूप से चर्चा होगी।

यह महोत्सव राजभाषा प्रकोष्ठ और शिवानी सेंटर फॉर द नर्चर एंड री-इंटीग्रेशन ऑफ हिंदी एंड अदर इंडियन लैंग्वेजेज व हिंदी साहित्य सभा की ओर से आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार और ऑडियो प्लेटफॉर्म गाथा के सहयोग से होने वाला यह आयोजन आईआईटी कानपुर के आउटरीच ऑडिटोरियम में होगा। महोत्सव गाथा के पांच वर्षों के सफल संचालन पर होगा। इसमें कुल आठ सत्र होंगे। हर सत्र साहित्य और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित होगा।

उद्घाटन सत्र में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल और कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता मौजूद रहेंगे। पहले सत्र में प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर चर्चा होगी। जिसका नेतृत्व डॉ. प्रदीप दीक्षित करेंगे। इस सत्र में संजय सेफर्ड, एमके पांडे और लखनऊ जोन के डीआईजी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज भी शामिल होने आ रहे हैं। दूसरे सत्र में हिंदी काव्य विधा 'नवगीत' पर चर्चा होगी।

इसमें राम सनेही लाल शर्मा, वीरेन्द्र आस्तिक, राजा अवस्थी शामिल होंगे। जिसका संचालन साहित्यकार एवं आलोचक राकेश शुक्ला करेंगे। तीसरे सत्र में युवा लेखक भगवंत अनमोल और आकांक्षा पारे के साथ कहकशां फाउंडेशन के संस्थापक आनंद कक्कड़ युवा साहित्य पर विमर्श करेंगे। छठा सत्र संगीतकार मदन मोहन को समर्पित होगा, जिसमें ऑल इंडिया रेडियो से अर्चना चौहान और सारेगामापा विजेता गोपाल शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सातवें सत्र में पंचायत फेम अभिनेता अशोक पाठक जीवन यात्रा और संघर्षों को बताएंगे।

महोत्सव का अंतिम सत्र कवि सम्मेलन होगा। जिसमें कवि डॉ. विष्णु सक्सेना, अजय अंजाम, राहुल शर्मा, योगेश शुक्ला, आलोक बेजान और डॉ. भावना तिवारी काव्य पाठ करेंगी।

# तेज रफ्तार कार पलटी, 2 की मौत, 3 गंभीर

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर अरौल के पास हुआ हादसा, संत कबीर नगर जिले का रहने वाला है कार सवार परिवार

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर अरौल के पास शुक्रवार भोर पहर लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

संत कबीर नगर जनपद के खलीलाबाद थाना क्षेत्र के नौरनि गांव निवासी रंगीलाल के 30 वर्षीय पुत्र रामकुमार अपनी पत्नी शिल्पा (25) और सात माह की मासूम बेटी श्रेया, 28 वर्षीय छोटे भाई दीपक और सगे संबंधी 26 वर्षीय राकेश पुत्र साहबराम के साथ गुरुवार शाम दिल्ली से अपने घर संत कबीर नगर जाने के लिए निजी कार से निकले थे। कार महोबा के घुटाई गांव निवासी 21 वर्षीय दिनेश पुत्र शिवप्रसाद चला रहा था।



हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई।

शुक्रवार भोर पहर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अरौल थाना क्षेत्र में मकनपुर व ठठिया के बीच तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही हाईवे की एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कार को सीधा कर उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकाला। तब तक कार सवार रामकुमार की बेटी श्रेया और उनके भाई दीपक की मौत हो गई, चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। परिजनों को हादसे की सूचना देने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### चालक की झपकी फिर बनी हादसे की वजह

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ज्यादातर हादसे रात 3 बजे के बाद ही हो रहे हैं। ताजा हादसा भी कार चालक को झपकी आने से हुआ। लोगों का कहना है कि यूपीडा को हादसे रोकने के लिए नई प्रणाली ईजाद करनी होगी। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से थाने लाया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ऑटो-डीसीएम में टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर गुरुवार रात विपरीत दिशा में दौड़ रही एक ऑटो में सामने से डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल ऑटो चालक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

अरौल थाना क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज के निकट कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर गुरुवार देर रात बिल्हौर से कन्नौज की तरफ जा रही एक ऑटो विपरीत दिशा में चल रही थी, तभी सामने से आई तेज रफ्तार डीसीएम से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में कन्नौज के मियांगंज का रहने वाला ऑटो चालक सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर भेजा, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कानपुर में इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। मौत की खबर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार ने बताया कि ऑटो चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।



सीधी भिड़ंत के बाद ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। अमृत विचार

# तालाब में उतराता मिला युवक का शव परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई

संवाददाता, घाटमपुर

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव की घटना
- गुरुवार की शाम घर से निकला था अविवाहित युवक

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव तालाब में उतराता मिला। युवक गुरुवार देर शाम घर से निकला था। सुबह ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। परिवार वालों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है। परिवार वालों की आशंका पर पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। घटना की जांच-पड़ताल शुरू हो गई है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी राजेश कुमार पांडेय अविवाहित था। वह प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार के भरण-पोषण में मदद करता था। भाई अजय कुमार पांडेय ने बताया कि राजेश कुमार गुरुवार देर शाम कुछ सामान लेने जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह वापस नहीं आया तो परिवार वालों ने गांव समेत आसपास उसकी खोजबीन की, लेकिन कहीं भी युवक का कुछ पता नहीं चल सका।



तालाब के किनारे मौजूद पुलिस और गांव वाले। अमृत विचार

शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोग जहांगीराबाद से गुजरी रेलवे लाइन के पास पहुंचे तो वहां तालाब में एक शव उतराता दिखा। ग्रामीणों ने आशंका के आधार पर अमित के परिवार वालों और पुलिस को फोन कर पूरी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला तो वह अमित पांडेय का ही था। परिवार वालों ने पुलिस से अमित की हत्या किए जाने की आशंका जताई।

पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस घटनास्थल की प्रारंभिक जांच-पड़ताल की और साक्ष्य संकलित करने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रथमदृष्ट्या तालाब में डूबने से मौत होने का अनुमान है। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक टीम ने भी छानबीन की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कूलर में दौड़ा करंट युवक की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**हादसा**

- घाटमपुर क्षेत्र के धरमपुर बंबा में हुआ हादसा
- कूलर खिसकाते समय चपेट में आया युवक

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के धरमपुर बंबा में गुरुवार रात कूलर में करंट दौड़ने से उसकी चपेट में आकर युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



अमित कुमार।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर बंबा निवासी अमित कुमार (27) मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। गुरुवार देर रात अमित अपने घर में लगे कूलर को एक तरफ खिसकाने लगा। उस समय कूलर की बॉडी में करंट दौड़ रहा था। करंट की चपेट में आने से अमित कूलर में चिपक गया और कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। अमित की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि करंट से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# राशन की दुकान निरस्त करने में कार्रवाई मांगी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** अरौल ग्राम पंचायत की राशन दुकान निरस्त किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। फर्जी बयान के आधार पर कोटा निरस्त करने में सपा नेत्री रचना सिंह ने कोटा निरस्त करने वाले अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई है।

कोटेदार रामबेटी ने फर्जी बयान के आधार पर कार्रवाई करने वाले अफसरों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कोटेदार के साथ सपा नेत्री रचना सिंह ने उप जिलाधिकारी व ओपी राणा के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

इस मामले में एसडीएम रश्मि लांबा ने कहा कि मामला उनसे संबंधित नहीं है। पूर्ति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की गई है। पहली नोटिस जारी होने के बाद भी राशन विक्रेता ने कोई जवाब नहीं दिया था। दूसरी नोटिस में त्रुटिवश 15 से 20 नाम दूसरे गांव के शामिल हो गए, जबकि पूरी रिपोर्ट में 60 से 70 लोगों के बयान हैं। झूठे बयान के आरोप निराधार हैं। उधर, सपा नेता रचना सिंह का कहना है कि जब तक दोषी अफसरों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वह चुप नहीं रहेंगी। 25 जुलाई का इंतजार है। इसके बाद सड़क पर उतरकर कोटेदार की हक की लड़ाई लड़ेंगी।

# पुलिस की मौजूदगी में शवों का अंतिम संस्कार

संवाददाता, बिल्हौर

**परिवारों में मचा कोहराम**

- पोस्टमार्टम के बाद गांव लाए गए दोनों बच्चों के शव
- एकलौते बेटे निखिल की मौत से बेसुध हो गई मां

**अमृत विचारः** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उधौ निवादा गांव के मजरे आइमा में दो दिन से गायब दो बच्चों के गुरुवार को तालाब में शव बरामद होने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में दोनों का अंतिम संस्कार कराया गया। इस दौरान बच्चों के परिजन बेहाल रहे।

आइमा गांव से बुधवार की शाम घर के बाहर साइकिल चलाते-चलाते निखिल और अनुराग गायब हो गए थे। गुरुवार को दोनों के शव गांव के ही एक तालाब में बरामद हुए थे। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने दोनों शवों का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में दोनों बच्चों की डूबने से मौत होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चों के शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।



शुक्रवार की शाम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक राहुल बच्चा। अमृत विचार

शुक्रवार शाम जब दोनों बच्चों के शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। एकलौते पुत्र निखिल की मौत से उसकी मां की चीख पड़ी। वह बेसुध हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होने की बात सामने आई है, फिर भी पुलिस जांच कर रही है। शुक्रवार को सपा नेत्री रचना सिंह ने गांव पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया।

### विधायक ने परिवारों को दिया मदद का भरोसा

क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सरकारी स्तर आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि मुआवजा के लिए जिलाधिकारी से वार्ता की जाएगी और दोनों परिवारों की हर संभव सहायता की जाएगी।

**छापेमारी** बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर कार्रवाई, खंड शिक्षा अधिकारी ने मांगा जवाब

# सात स्कूलों को नोटिस, तीन बंद कराए गए

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र में बिना मान्यता के चल स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर सात स्कूलों को नोटिस जारी की है, जबकि तीन स्कूलों को बंद करा दिया गया है। इन स्कूलों को चेतावनी दी गई है कि अगर कक्षाएं चलती मिलीं तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

वैसे तो तहसील क्षेत्र के हर गांव-कस्बे में स्कूल चल रहे हैं, जिनमें न तो बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही विभाग की ओर से उन्हें मान्यता मिली है, मगर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के रहमोकरम पर स्कूल धड़ल्ले से चल रहे हैं। शिक्षा विभाग अक्सर नोटिस जारी कर कार्रवाई की चेतावनी देता है, मगर कुछ दिन बात स्कूलों का फिर संचालन शुरू हो जाता है। ऐसे स्कूल सेटिंग-गेटिंग के आधार पर चल रहे हैं।



बच्चों के सही सलामत बैठने की भी व्यवस्था नहीं। अमृत विचार



बोरी लाकर अपने बैठने का इंतजाम करते बच्चे। अमृत विचार

### छापे की भनक लगते ही स्कूल बंद, बच्चों को हटाया

खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा की छापेमारी की भनक लगते ही सरगांव में संचालित एक स्कूल के शिक्षकों ने फटाफट विद्यालय बंद कर बच्चों को वहां से हटा दिया। बताते हैं कि सरगांव में अनिल मिश्रा की पत्नी मधु मिश्रा अपने आवास पर विद्यालय संचालित कर रही थीं। खंड शिक्षा अधिकारी के आने की भनक लगते ही सभी बच्चों को स्कूल से हटा दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय संचालक को नोटिस जारी की है।

शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने तमाम विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में खामियां और मान्यता के कागजात नहीं मिलने पर सात विद्यालयों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिन विद्यालयों को नोटिस दिया गया है, उनमें गुरैयनपुर के सनराइज पब्लिक स्कूल, बदले सिमनापुर के सनराइज पब्लिक स्कूल, अमौली के बाल विद्या मंदिर, मैधरी के शिवचरण लाल स्मारक विद्यालय, माया के पुरवा के दिगपाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, अज्योरी के दीपक कुमार इंस्टीट्यूट आफ साइंसेज, सजेती के गुरुकुल विद्या मंदिर शामिल हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार को औचक निरीक्षण के बाद सरगांव, बदले सिमरनपुर और माया का पुरवा के विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है। इनके साथ ही सात विद्यालयों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। अगर जवाब देने के बजाय पुनः विद्यालय का संचालन किया जाता है तो इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बगीचे में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बिधनू।** मझावन चौकी क्षेत्र के हरदौली उजागर पुरवा में शुक्रवार सुबह शौच को निकले युवक का पांच सौ मीटर दूर नीम के पेड़ से फंदे पर शव लटका मिला। उजागर पुरवा निवासी मुन्नालाल पाल का 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र उर्फ जीतू शुक्रवार सुबह करीब छह बजे घर से शौच के लिए निकला था। करीब आठ बजे उसका शव घर से पांच सौ मीटर दूर एक बगीचे में नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पेड़ के नीचे ही उसकी चप्पल पड़ी थी। बगीचे की ओर गए ग्रामीणों ने जीतू का शव लटका देखा तो पुलिस और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र करने बाद शव को फंदे से नीचे उतारा। पिता के मुताबिक जीतू कई दिनों से गुमसुम सा रहता था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया? कुछ समझ नहीं आ रहा। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला को सांप ने डसा, झाड़-फूंक में गई जान

**साढ़।** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में सांप के डसने से महिला की मौत हो गई। परिवार वाले झाड़-फूंक के चक्कर में पड़े रहे, जिससे उसकी जान नहीं बचा जा सकी। रायपुर गांव में गुरुवार को खेत पर पूजा को सांप ने डस लिया। घर आने पर बेहोशी का एहसास हुआ तो उसने पति से किसी कीड़े के काटने की बात बताई। पति उसे झाड़-फूंक कराने ले गया और घर वापस ले आया। शुक्रवार सुबह जब पूजा चारपाई से नहीं उठी और बेसुध हो गई तो हालत बिगड़ती देख पति ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। उसे पतारा सीएचसी पहुंचाया गया, जहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से चार बेटियां और बेटा रो-रोकर बेहाल हो गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### नहर में उतराता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**शिवराजपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के कमालपुर खोधन गांव के पास से निकली नहर में एक युवक का शव झाड़ियों में फंस गया। जब ग्रामीणों की 1स पर नजर पड़ी, तब पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने नहर से युवक का शव निकलवा कर उसकी शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की, किंतु देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 28 वर्ष है। शव को मर्च्यूरी भेज दिया गया है।

### जान देने जा रही महिला को पुलिस ने बचाया

**घाटमपुर।** रेलवे स्टेशन के पास एक महिला ट्रैक पर बैठी थी। स्टेशन मास्टर की निगाह उस पर पड़ी तो पुलिस को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को रेलवे ट्रैक से उठाकर थाने ले गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कंट्रोल रूम पर स्टेशन मास्टर की ओर से सूचना दी गई थी कि एक महिला रेलवे ट्रैक पर काफी समय से टहल रही है। शायद वह अपनी जान देना चाह रही है। ट्रेन आने का समय भी है। जानकारी मिलते पुलिस 10 मिनट में घाटमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। वहां पर रेलवे ट्रैक पर महिला बैठी हुई थी। पुलिस महिला को पकड़कर थाने ले आई, जहां पर पुलिस ने महिला से पूछताछ की तो उसने अपने भाई सोनू का नंबर पुलिस को दिया। पुलिस ने सोनू से फोन कर घटना की जानकारी दी। सोनू ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन सोमवती का मानसिक संतुलन सही नहीं है। वह दो दिन से लापता है। उन्होंने मौदहा थाने में बहन के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शुक्रवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचे महिला के भाई सोनू और पति संतोष ने पुलिस को पूरी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने महिला को परिजनो के सुपुर्द कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, जिसके बाद महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर

पत्रांक 228/न0पा0प0बि/2024–25 दिनांक 19.07.2024

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यू0पी0म्यू0 एक्ट 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर में निम्न भवनों का नाम पालिका ग्रहकर अभिलेखों में अंकित करने हेतु निम्नलिखित व्यक्तियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः स्वामित्व परिवर्तन/भवनकर पंजिका में नाम दर्ज करने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 01 माह के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाढ़ म्याद प्राप्त आपत्तियों पर विचार करना सम्भव न होगा।

| क्र0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/ आवेदक का नाम | बिक्रीत प्लाट / कार्यालय नगर पालिका अभिलेख में दर्ज भवन / अध्यायी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला /वार्ड सं0 जिस पर आवेदक नामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अफसरी बेगम / पत्नी / स्व0 शब्बीर हसन निवासिनी वार्ड नं0 15 अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर। | स्व0 शब्बीर हसन/पुत्र/अब्दुल हसन निवासी वार्ड नं0 15 अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर। | भवन सं0 37/अशफाक उल्ला नगर बिल्हौर | वरासत |
| 2 | श्री नदीम खान/पुत्र/मो0 रईस खान निवासी ग्राम सुरसेनी पोस्ट बांगरमऊ, उन्नाव। | श्री असलम खां/पुत्र/समद खान निवासी वार्ड नं0 22 लाल बहादुर शास्त्री नगर बिल्हौर। | वार्ड सं0 23 किदवई नगर बिल्हौर। | दानपत्र रजिस्ट्री |
| 3 | श्रीमती यासमीन बेगम / पत्नी / इकबाल अहमद निवासिनी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | श्री इकबाल अहमद/पुत्र/ उस्मान निवासी वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 09 चन्द्रशेखर आजाद नगर बिल्हौर। | दानपत्र रजिस्ट्री |
| 4 | श्रीमती जासमीन बेगम / पत्नी / वासिफ निवासिनी वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर। | श्रीमती सूबी / पत्नी / मो0 अब्बास निवासिनी वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर व मीना बेगम/पत्नी/मो0 सलीम खान निवासिनी 101/148 गम्मू खां का हाता कर्नलगंज कानपुर नगर व रेशमा बानो / पत्नी/फैय्याज अली निवासिनी फकरा ताल, मोहान उन्नाव। | वार्ड नं0 23 किदवई नगर बिल्हौर। | रजिस्ट्री |
| 5 | ऋषभ वर्मा/पुत्र/ रवीन्द्र वर्मा निवासी आजाद नगर बिल्हौर। | श्रीमती सुमन कुशवाहा / पत्नी / महेन्द्र प्रताप निवासिनी मुराद नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 07 कृष्णा नगर बिल्हौर | रजिस्ट्री |
| 6 | सुमनकला श्रीवास्तव/पुत्री / बृज नरायन श्रीवास्तव निवासिनी जवाहर नगर बिल्हौर। | बृजनरायन श्रीवास्तव/पुत्र/स्व0 सुन्दर लाल निवासी जवाहर नगर बिल्हौर। | वार्ड नं0 13 जवाहर नगर बिल्हौर | वरासत |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिल्हौर
कानपुर नगर

## एक नजर

### 4 करोड़ रुपये से होंगे 64 कार्य, टेंडर जारी

**कानपुर।** कानपुर नगर निगम ने एक बार फिर से 64 विकास कार्यों के लिये टेंडर जारी किये हैं। चार करोड़ रुपये से शहर में कई वार्डों में सड़क, नाली, फुटपाथ समेत पार्कों का कार्य होगा। शुक्रवार को नगर आयुक्त के आदेश पर टेंडर जारी किये गये। यह कार्य पूर्व नगर आयुक्त की स्वीकृति के बाद लटके हुये थे। नगर निगम में अधिकारियों के ट्रांसफर के बाद कार्यों के टेंडर नहीं जारी हो पा रहे थे।

### सेल्समैन ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में डीबीएस कॉलेज के सामने रहने वाले सेल्समैन 25 वर्षीय सनी गौतम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता लालचंद्र का कहना था कि वह भाई सुनील और शुभम में सबसे बड़ा था। बताया कि गुरुवार रात वह काम से आया इसके बाद खाना पीना खाने के बाद रात में नीचे के कमरे में गया और चादर से पंखे में लटककर जान दे दी। शुक्रवार सुबह जब पत्नी शिल्पी नीचे आई तो फंदे पर लटकते देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच की।

### इंडियन ऑयल के पास मिला शव

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में इंडियन ऑयल के पास फजलगंज निवासी 58 वर्षीय वृद्ध रामशंकर का शव पड़ा मिला। उसके भाई हरी सक्सेना ने बताया कि वह घर से निकले थे। लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन की गई लेकिन उनका पता नहीं चला। इस पर पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने वाट्सएप ग्रुप में फोटो चलाकर सूचना देने के लिए कहा। इस पर पुलिस ने शिनाख्त कर ली।

### जीटी रोड पर मृत मिला कबाड़ी

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में आचार्य नगर जीटी रोड किनारे अनवरगंज निवासी 35 वर्षीय लालबाबू मृत पड़ा मिला। भाई शोहराब ने बताया कि वह कबाड़ का काम करता था। थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। 18 को शाम को पुलिस ने सूचना दी।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पुखरायां।** पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि गैंगरेप में फरार आरोपी भोगनीपुर चौराहे के पास खड़ा है। उन्होंने उसे गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी सट्टी निवासी अनवार है।

# झमाझम बारिश से सड़क कटी चार जिलों का आवागमन रुका

## मनकी सर्विस रोड की पुलिया ओवरफ्लो, तेज बहाव से मिट्टी का हुआ कटान

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश से मनकी संपर्क मार्ग की सर्विस रोड पर बनी कच्ची पुलिया में पानी ओवरफ्लो होकर ऊपर से बहने लगा। वहीं तेज बहाव के चलते मिट्टी कट कर पानी में बह गई, जिससे आवागमन बाधित हो गया। आसपास जमा खुदाई की मिट्टी बहकर रास्ते पर जमा हो गई, जिससे हादसे का अंदेशा है।

ग्रामीण रामकेश निषाद, सज्जन निषाद, राम शंकर, अर्जुन सिंह, लक्ष्मी नारायण आदि ने बताया कि मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया था। उसी में पानी निकासी के लिए कच्ची पुलिया बनाई गई थी, लेकिन पुलिया छोटी होने की वजह से बरसात का पानी पूरी तरह नहीं निकल पाता और ओवरफ्लो हो जाता है।

शुक्रवार को जोरदार बारिश होने से तेज बहाव के चलते पुलिया की मिट्टी बह गई और पानी ओवरफ्लो होकर बहने लगा। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह लिंक मार्ग जनपद हमीरपुर, जालौन, कानपुर देहात व नगर को जोड़ता है। ढलान वाले रास्ते पर मिट्टी जमा होने के कारण फिसलन पैदा हो गई है, जिसमें कई दुपहिया वाहन फिसलकर गिर गए।



मनकी संपर्क मार्ग के ऊपर से बहता बरसात का पानी। अमृत विचार

### एक साल से चल रहा पुल का निर्माण अभी भी अधूरा

ग्रामीणों का कहना है कि रिवाइन देवी मंदिर से मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल निर्माण में देरी के कारण आवागमन में दिक्कत बनी हुई है। इस मार्ग पर 3 .60 करोड़ रुपये की लागत से तीन स्पैन वाले ऊंची कोठी पुल का निर्माण एक साल से अधिक समय से हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि जब तक ऊंची कोठी वाले पुल का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक सर्विस रोड पर बड़े पाइप डाल कर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए और गिट्टी आदि डालकर मजबूत रास्ता बनाया जाए, जिससे लोगों को आने जाने में असुविधा न हो।

### राजपुर में बारिश से घरों में घुसा पानी, सड़कें लबालब

**राजपुर।** गर्मी और उमस के बीच कई इलाकों में गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। सफाई न होने से गांवों में नालिया चोक होने से जलभराव की विकराल समस्या है। भाल गांव की मुख्य सड़क और बस्तियों में जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश का गंदा पानी बस्ती के घरों व दुकानों में घुस गया। लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा। बारिश से भाल गांव के मुख्य रास्ते से सुनाव नाले तक जलनिकासी का उचित प्रबंध नहीं है। गांव के कुलदीप सिंह, राजू सिंह, शिवकुमार, दीपू सिंह, दिलीप मिश्रा, मुकेश कुमार आदि ने बताया कि इस बार बारिश से गांव के मुख्य नाले की सफाई नहीं कराई गई है। कई बार ब्लाक के अफसरों से नाला सफाई की मांग की, लेकिन अब तक किसी ने भी सुध नहीं ली। जिससे लोगों को जलभराव से जूझना पड़ रहा है। वहीं अधिकांश मोहल्ले की सड़कें कच्ची होने से लोगों को कीचड़ व गंदगी से जूझना पड़ रहा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रमुख सड़क भाल गांव के अंदर से गुजरी है, जो गुबार, पिचौरा, खरका, बुढनापुर, छोलापुर सहित 12 गांवों को जोड़ती है। एडीओ पंचायत राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रोस्टर से नाले की सफाई होगी।

### कम नहीं होगी गर्मी, रुक-रुक कर होगी हल्की वर्षा

**कानपुर।** बारिश की उम्मींद लगाए शहरवासियों को राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शहर में फिलहाल तेज बारिश के आसार नहीं है। इसकी वजह मॉनसून ट्रफ का दक्षिण में मौजूद होना है। बारिश न होने से अभी कुछ दिनों तक गर्मी का प्रकोप और उमस का समना करना होगा। सीएसए विवि के मौसम विभाग के विशेषज्ञों ने बताया कि शहर में पिछले 13 दिनों में भारी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई है। अब 29 जुलाई के आस-पास बारिश की संभावना बन रही है।

#### कहीं ज्यादा तो कहीं कम बारिश

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि कानपुर मंडल में पिछले 24 घंटों में कानपुर देहात में 14 मिमी, हरदोई मैं 24 मिमी, हमीरपुर में 8 मिमी बारिश दर्ज हुई है। इस दौरान कहीं-कहीं पॉकेट्स में भी कुछ देर के लिए रुक-रुक बौछारें पड़ी और ज्यादातक दूसरे जगहें लगभग सूखी ही रही।

#### इसलिए प्रभावित बारिश

मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि बारिश की यह स्थिति की वजह मॉनसून ट्रफ का अपनी सामान्य स्थिति के दक्षिण में होना है। इसलिए अगले कुछ दिनों के दौरान कानपुर में किसी तरह की बारिश के लिए अनुकूल नहीं है। ट्रफ के उत्तर की ओर बढ़ने और उतार-चढ़ाव की संभावना कुछ हद तक बन रही है। जिससे 20 व 21 जुलाई से राहत होने की उम्मीद बढ़ गई है।

# सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर का काम पूरा करने का अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम ने सावन को देखते हुये कार्यदायी संस्था को जारी किये निर्देश
- 22 जुलाई से पहले करना होगा कार्य, ब्लैक लिस्टेक करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार।** 22 जुलाई से पहले सिद्धनाथ कॉरिडोर के बचे कार्यों को पूरा करना होगा। नगर निगम ने ठेकेदार कंपनी मेसर्स नीरज त्रिवेदी को सावन से पहले बचे कार्यों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके साथ ही कहा है कि यदि कार्यों को पूरा नहीं किया गया तो कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

नगर निगम के अधिशासी अभियंता जोन 2 ने कहा कि 23 फरवरी 2024 को कंपनी को कार्यादेश दिया गया था। 22 जुलाई को 5 महीने पूरे हो जाएंगे। लेकिन अभी तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है। 22 से सावन लगेगा, ऐसे में वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। इसलिए तत्काल कार्य स्थल पर पड़े मलवा की सफाई कराते हुये कार्य पूरा किया जाये। नगर निगम ने कहा कि स्थल पर बचे कार्यों को मानक के अनुरूप तकनीकि का उपयोग करते हुये तेजी से काम पूरा किया जो।

अन्यथा अनुबंध के शर्तों केअनुसार फर्म के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। मंदिर प्रांगण में फुटपाथ, सड़क, पार्किंग, मार्गप्रकाश समेत अन्य सौंदर्यीकरण के काम चल रहे हैं। सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर में प्राइवेट जमीन होने की वजह से नंदी की प्रतिमा लगाने से मालिक ने आपत्ति जताई थी, जिससे कई काम रुक गये। दुर्गा मंदिर वाली पट्टी में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं हटने से फुटपाथ का काम भी पूरा नहीं हो सका है। कवर्ड नाली बनाने के एलॉयमेंट में अवरोध आ रहे, नाली के पानी का निस्तारण कहां होना है अभी तक प्लान बनाया नहीं गया है। डिटेल ड्रांइग भी उपलब्ध नहीं हुई है। इन सब समस्या से कॉरिडोर के निर्माण कार्य में दिक्कतें आ रही थीं।

### पहले चरण में चार करोड़ से काम

आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर नगर निगम सिद्धनाथ मंदिर कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। पहले चरण में चार करोड़ रुपये से मंदिर के सुंदरीकरण के साथ पार्किंग और आसपास का विकास कार्य कराया जाना है।

# पूजा हत्याकांड की झूठी थी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नलगंज थाना से गायब हो गई था फाइल, शासन को दी सूचना

**अमृत विचार।** वर्ष 1991 में कर्नलगंज थानाक्षेत्र में पूजा हत्याकांड की विभाग से फाइल गायब हो गई थी। जिले भर के रिकॉर्ड रूम और कोर्ट की एक-एक फाइल खंगाली गई तब जाकर कोर्ट में हत्याकांड की फाइल मिली। मकान मालिक और किराएदारी के विवाद में हत्या का झूठा मुकदमा लिखाया गया था। इस गंभीर मामले में कोर्ट से लेकर प्रमुख सचिव को जवाब लिखकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है।

इस संबंध में एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार के अनुसार कोर्ट में एक शिकायत की गई थी कि 19 जुलाई 1991 को हुए पूजा गौतम हत्याकांड की फाइल गायब कर दी गई है। कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेकर फाइल तलाशकर सामने लाने का आदेश दिया था। शासन तक मामले की शिकायत की गई थी। मुकदमे की फाइल तलाशने के लिए चार टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में पांच-पांच पुलिस कर्मी थे। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एडिशनल सीपी मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा से लेकर एसीपी कर्नलगंज को फाइल तलाशने के लिए लगाया था।

फाइल पुलिस के रिकॉर्ड रूम, कोतवाली थाने के रिकॉर्ड रूम, डीएम ऑफिस रिकॉर्ड रूम, जिला जज रिकॉर्ड रूम, पुलिस लाइन, एसआईएस दफ्तर और अन्य जगहों पर खंगाला गया। इस दौरान कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल साहब सिंह ने इसे रिसीव किया था। एसीपी महेश कुमार ने बताया कि मामले में एक रिपोर्ट बनाकर संबंधित कोर्ट, प्रमुख सचिव, सीएम ऑफिस समेत अन्य अफसरों को भेज दी गई है। वादी ने फिर से मकान मालिक को फंसाने के लिए कोर्ट से लेकर शासन में झूठी शिकायत की थी। फाइल को तलाश करने में उपनिरीक्षक अजय कुमार राय, मुख्य आरक्षी विक्रम सिंह, आरक्षी अमित पाल, दीपक महतो को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ओर से नकद इनाम की घोषणा की गई है। एसीपी ने बताया कि इस मामले में वादी बेनाझाबर निवासी संजय अवस्थी ने आरोप लगाया था कि उनके मकान मालिक विपिन मोहन गौतम, अनिल गौतम, प्रदीप गौतम समेत पांच लोगों ने पीट-पीटकर विपिन के 13 वर्षीय बेटी की हत्या कर दी थी। कर्नलगंज पुलिस ने 18 सितंबर 1991 को चार्जशीट लगा दी थी।



जादूगर सिकंदर के शो का दीप जलाकर महापौर ने किया उद्घाटन। अमृत विचार



मायाजाल देखकर दर्शक पड़ गए हैरत में। अमृत विचार

# जादूगर सिकंदर ने रचा बरमूडा त्रिकोण का मायाजाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जादू से लड़की को दो हिस्सों में दिखाया, भौचक्के रहे गए दर्शक
- कांच की दीवार के आरपार गई युवती, तालियों से गूंजा सभागार

**अमृत विचार।** जादूगर सिकंदर ने शुक्रवार को लाजपत भवन में अपने करतब दिखाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। जादूगर ने बरमूडा ट्राएंगल का ऐसा मायाजाल रचा कि सभी देखते ही रह गए। इसी तरह किलर 24 को देखकर दर्शक हैरान हुए।

रंगबिरंगी रोशनी के बीच जादूगर सिकंदर की एंट्री धमाकेदार रही। मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पाण्डेय ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। जादूगर ने अपने 'किलर 24' का आगाज किया तो सभी हैरत में पड़ गए। इस शो में जादूगर ने एक युवती को लोहे की बड़ी ब्लेड से दो हिस्सों में बांट दिया। दावा किया गया कि इस तरह प्रस्तुति पहली बार दी जा रही है। इसी तरह 'सॉलिड टू सॉलिड' में एक युवती को जादूगर ने कांच की मोटी दीवार के आरपार कर दिया। इसी तरह लड़की को हवा में उड़ाकर जादूगर ने प्रशंसा बटोरी। लाजपत भवन में यह शो एक माह चलेगा। टिकट ऑनलाइन गूगल सर्च पर उपलब्ध है।

# एक करोड़ की धोखाधड़ी में धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी थानाक्षेत्र का मामला महिला ने लगाया था वकील पर ठगी करने का आरोप
- पीड़ितों की चेतावनी गिरफ्तारी नहीं हुई तो सामूहिक आत्मदाह करेंगे

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र के सी ब्लॉक में रहने वाली महिलाओं ने एक अधिवक्ता पर करोड़ों रुपये की लोगों से ठगी करने का गंभीर आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। आरोप है कि पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई।

पनकी के संजीव सिंह, विजय त्रिपाठी, प्रियंका त्रिपाठी, महेंद्र तिवारी, विजय देव चौरसिया, संगीता विमला देवी आदि के अनुसार डीआरटी के नाम पर एक फर्जी अधिवक्ता ने आधा दर्जन महिलाओं समेत गैर जनपद के रहने वाले लोगों को ठगी का शिकार बनाया। जिसमें रावतपुर, कल्याणपुर पनकी निवासी समेत कई लोगों का लाखों रुपये लेकर फरार है। तीन वर्षों से लोगों को बेवकूफ बनाकर चेक और कैश लेकर लगभग एक करोड़ से ज्यादा की रकम हड़प कर ली है। उन लोगों को पनकी में इसके घर में आने की जानकारी हुई। जब वह लोग वहां पर पहुंचे तो उससे पहले भाग निकला। तीन दिन से वह लोग उसके घर के बाहर अपना पैसा वापस लेने को जाते है, लेकिन वह फरार है। आरोप है, मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई लेकिन इसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया गया। लोगों का कहना था कि अगर उन लोगों के रुपये फरार अधिवक्ता ने नहीं वापस किए या फिर उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह लोग मजबूरन सामूहिक आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे।



पनकी में धरना प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

# नजीराबाद में वकील के घर पर गोली चलाने से हड़कंप

- जमीन के विवाद में वारदात को अंजाम देने लग्या आरोप
- घटना का वीडियो हुआ वायरल पुलिस को मिला खोखा

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र के हर्ष नगर इलाके में जमीनी विवाद में बाइक सवार मुंह ढके आए दो लोगों ने एक अधिवक्ता के घर पर गोली चला दी, जिससे हड़कंप मच गया। पूरी वारदात घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

हर्ष नगर निवासी अधिवक्ता अशवेन्द्र सोनकर के घर पर शुक्रवार देर रात बाइक सवार मुंह ढके ।दो युवकों ने फायर झोंक दिया। घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए सूचना पर नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अशवेन्द्र ने बताया कि छह जुलाई को उन्होंने जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपियों ने मुकदमा वापस लेने के लिये दबाव बनाते हुए हमला कराया है। सीसी फुटेज में हमलावर नजर आए हैं। थाना प्रभारी ने बताया सीसी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना स्थल से एक खोखा मिला है, फोरेंसिक टीम से जांच कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### लावारिस बैग में मिली 29 बोतल शराब

**कानपुर।** इस समय ट्रेनों में लावारिस बैग से शराब बरामद होने का सिलसिला जारी है। पहले जीआरपी ने वियर पकड़ी, फिर आरपीएफ ने शराब। शुक्रवार को महाबोधि एक्सप्रेस 12398 के एस-2 कोच में शौचालय के पास रखे दो लावारिस बैग में 29 बोतल शराब फिर बरामद हुई। तीनों मामले 15 दिन के अंदर हुए हैं। जिससे लगता है कि शराब तस्करी का कोई गैंग सक्रिय है। आरपीएफ सेंट्रल के अनुसार बरामद शराब की कीमत करीब 30,000 रुपये है। सेंट्रल पर आबकारी विभाग को बरामद शराब सुपुर्द की गई है।

### आयकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर।** आयकर कर्मचारियों ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को आयकर भवन के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगे जल्द ही न पूरी हुई तो वे बड़े प्रदर्शन को बाध्य होंगे। प्रदर्शनकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाल करने व आठवें वेतन आयोग के गठन सहित अन्य मांग कर रहे हैं। आयकर कर्मचारी महासंघ व आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ ने भोजनावकाश में आयकर विभाग के मुख्य भवन में प्रदर्शन किया। कर्मचारी प्रदर्शन में आठवें वेतन आयोग के गठन, पुरानी पेंशन बहाली की मांग, कोरोना काल के बाद जनवरी 2020 से जून 2021 तक रोके हुए 18 माह के महंगाई भत्ते को दिए जाने की मांग प्रमुखता से कर रहे थे।

### सचिव तक नहीं, कब तक जेब से पैसा लगाएं

**कानपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार के समक्ष दो ग्राम प्रधान हाथ जोड़े गिड़गिड़ाते रहे, हुजूर हमारे ग्राम में सचिव तक नहीं है, जो कार्य करा रहे हैं, उसका भी भुगतान कई माह से नहीं हुआ है, कब तक जेब से पैसा लगाएं। शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के समक्ष दो गांवों के ग्राम प्रधान पहुंचे और उन्हें बताया कि सचिव नहीं होने से उनके गांव का विकास प्रभावित हो रहा है। अपने जेब से बराबर पैसा लगा रहे हैं लेकिन कब तक लगाएंगे। इस पर डीपीआरओ ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कराए गए विकास कार्य के भुगतान को लेकर भरोसा दिलाया कि दो से लेकर तीन माह में भुगतान हो जाएगा।

### झूलेलाल मंदिरों में पूजा-अर्चना, बहराणे साहिब विर्सजित

**कानपुर।** चालिहा महोत्सव पर शुक्रवार को भक्तों ने श्री झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना की और बहराणे साहब को गंगा नदी और मर्दनपुर स्थित पनकी नहर में विर्सजित किया। इस दौरान आयो लाल झूलेलाल का जयघोष भक्त करते रहे। रामबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में भक्तों ने बहराणे साहिब की पूजा अर्चना की और लोगों ने व्रत भी रखा। देर शाम गंगा नदी में बहराणे साहिब को विसर्जित कर दिया गया। झूलेलाल मंदिर गुजैनी में भक्तों ने पूजा अर्चना की। यहां कार्यक्रम 40 दिनों तक लगातार चलेंगे।

### जनपद न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को कानपुर देहात जनपद न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया गया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि कानपुर देहात न्यायालय 26 नवंबर 1985 को बनाया गया था।19 जुलाई 2013 को न्याय भवन की स्थापना हुई थी। उन्होंने अफसोस जाहिर किया कि अधिवक्ताओं के लिए एक भी चैंबर नहीं है और न ही बार भवन है। रविंद्र नाथ मिश्र, सुबोध नारायण त्रिपाठी, विश्वनाथ कटियार, संपत लाल यादव, रमेश चंद्र सिंह गौर, सुंदरलाल सचान, महेंद्र कुमार सिंह चौहान, राजेंद्र द्विवेदी, सिद्धार्थ शंकर सिंह, कल्याण सिंह रहे।

### नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंगलपुर।** 26 जून को एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रतनियापुर निवासी रंजीत उर्फ प्रिंस पर नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज कराया था। किशोरी को पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी रंजीत उर्फ प्रिंस को मंगलपुर कस्बे से गिरफ्तार कर लिया।

# चकेरी में सेवानिवृत बैंक कर्मी और ठेकेदार से लूटी चेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थाना क्षेत्र में एक ही दिन में लुटेरों ने दो अलग अलग जगह पर चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें एक लूट कृष्णा नगर निवासी ठेकेदार और दूसरी लूट चकेरी रेलवे स्टेशन रोड पर सेवानिवृत बैंक कर्मी से हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखने के साथ जांच शुरू की।

पहली घटना कृष्णा नगर टेलीफोन एक्सचेंज के पास की है। जीवन गार्डन निवासी शरद अवस्थी भवन निर्माण के ठेकेदार है। उनके भाई सुनील अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार की रात को भाई शरद घर से टेलीफोन एक्सचेंज के पास की दुकान में समान लेने गए थे। तभी जीवन गार्डन की तरफ से बाइक सवार दो युवक आये। जीटी रोड पर दूसरी लेन में बाइक खड़ी कर एक युवक उतरा और लेन पर कर शरद के पास पहुंचा। इसके बाद आरोपी ने पीछे से झपट्टा मारकर शरद की चेन लूट ली और डिवाइडर फांदकर अपने साथी के साथ टाटमिल की तरफ भाग गया। शरद ने शोर मचाया लेकिन लुटेरे भाग चुके थे। वही दूसरी घटना अहिरवां चौकी क्षेत्र के चकेरी मोड़ के पास हुई। चकेरी मोड़ रेलवे स्टेशन की रोड निवासी जानकी प्रसाद तिवारी सेवानिवृत बैंक कर्मी हैं। उनके अनुसार शुक्रवार की देर शाम को वह घर के बाहर बैठे थे। तभी स्कूटी सवार दो युवक घर के पास आकर रुके। इसके बाद एक युवक स्कूटी से उतरा और अचानक उनके गले में पीछे से झपट्टा मारकर चेन लूटकर भाग निकला। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि दोनों मामलो में मुकदमा दर्ज किया है।



शरद अवस्थी।

कार्यशाला — अस्पताल के सर्जनों को दिया गया प्रशिक्षण, हुए आपरेशन

# हैलट में नई विधि से होगी बड़ी हार्निया ठीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में फेशियोटेंस और ई-टेप विधि से हार्निया के ऑपरेशन किए जाएंगे। इन तकनीक का लाभ उन मरीजों को सबसे अधिक मिलेगा, जिनके हार्निया काफी बड़े हो जाते है। दोनों विधि से हार्निया का ऑपरेशन प्रशिक्षित डॉक्टरों के लिए काफी आसान है। मरीजों को भी अधिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है। दोनों विधि के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कार्यशाला में जीएसवीएम के सर्जनों को प्रशिक्षण दिया।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को सर्जरी विभाग ने अत्याधुनिक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में मुंबई से डॉ.संजय सोनर, गाजियाबाद से डॉ.विवेके बिंदल, हरियाणा रोहतक से डॉ.विनोद जागड़ा, केजीएमयू लखनऊ से डॉ. अवनीश कुमार, प्रयागराज से डॉ. शबी अहमद समेत अन्य शहरों से आए विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के प्रथम दिन पांच मरीजों के हार्निया के जटिल ऑपरेशन किए गए। डॉ.संजय सोनर व डॉ.विवेक बिंदल ने फेशियोटेंस विधि से दो मरीजों के ऑपरेशन किए। डॉ.संजय सोनर व डॉ.अवनीश ने दो मरीजों के ऑपरेशन दूरबीन विधि से किए।

जबकि डॉ.शबी अहमद ने एक मरीज की ओपेन सर्जरी की। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला, सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव, डॉ.प्रेमशंकर, डॉ.श्रद्धा वर्मा, डॉ.विकास सिंह, डॉ.गोविंद त्रिवेदी, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह, डॉ.संतोष बर्मन मौजूद रहे।





कार्यशाला की शुरूआत करते प्राचार्य प्रो .संजय काला, डॉ .जीडी यादव, डॉ .विवेक, डॉ .संजय, डॉ .प्रेमशंकर समेत अन्य डॉक्टर। अमृत विचार

### निजी में लगते करीब 10 लाख, हैलट में होगा फ्री

जीएसवीएम में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ .जीडी यादव ने बताया कि हार्निया का ऑपरेशन छोटे से लेकर कई बड़े अस्पतालों में डॉक्टरों द्वारा किया जाता है, लेकिन पुरानी पद्धति अपनाने की वजह से मरीजों की जटिलता कम होने की बजाए और अधिक बढ़ जाती है, जिसके बाद उनको बार-बार समस्या होने पर ऑपरेशन कराना पड़ जाता है। वहीं, बड़ी हार्निया का ऑपरेशन फेशियोटेंस व ई-टेप तकनीक से कराने पर मरीज या उनके तीमारदार को निजी अस्पतालों में आठ से 10 लाख रुपये चुकाने पड़ते है, लेकिन हैलट में इसी विधि से ऑपरेशन निशुल्क किए जाएंगे।

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति में मति:।
अन्तेष्वपि हि जातानां वृतमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।

## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो–हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढ़ा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेस से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाईश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

> मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो–फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिश्मेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकार्ड्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकार्ड्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।


अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर


चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

> प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

> विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह–तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। **-फेसबुक वॉल से**

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए?


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

प्राथमिकताओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैंतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ. भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

## एक नजर

### पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन तेज करेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ लाख कर्मचारियों को अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। इनमें प्रदेश में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारी, ट्यूबबेल ऑपरेटर समेत विभिन्न संवर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों में राज्य सरकार समस्याओं का निराकरण नहीं करती है तो आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

# धान की पौध के साथ डूब गया प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई
- बाढ़ और बारिश से नष्ट हुई ज्यादातर पौध, रोपाई पर भी संकट

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं। असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 क्षतिपूर्ति मिलती है। लेकिन, इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया।

नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

# तीन लाख महिलाओं के पास आधार फिर भी पेंशन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निराश्रित महिला पेंशन योजना का तीन लाख महिलाओं को नहीं मिल रहा लाभ
- महिलाओं को योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लिए जा रहे हैं आधार कार्ड

**अमृत विचार:** आधार कार्ड होने के बाद भी प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना का लाभ देने के लिए विभाग ऐसी महिलाओं के आधार कार्ड के नंबर एकत्र करा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की ओर से पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से दिए जाते हैं। पेंशन पात्रों के बैंक खाते में भेजी जाती है।

प्रदेश में तीन लाख महिलाएं ऐसी हैं जिनको निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना की जानकारी के अभाव में महिलाएं योजना का लाभ नहीं उठा पा रही है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि वंचित महिलाओं को योजना का लाभ देने के लिए उनके आधार कार्ड एकत्र कराए जा रहे हैं। साथ ही विज्ञापन के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए आधार कार्ड के साथ आवेदन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं। आधार कार्ड लेकर इन महिलाओं का आवेदन कराया जाएगा ताकि इनको लाभ मिल सके।

# चौ. चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली और बदायूं में भी है संपत्ति

**अमृत विचार:** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति रामपाल सिंह और उनके ट्रस्ट आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने डॉ. रामपाल सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने डॉ. रामपाल सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

### मानदंडों का उल्लंघन किया

ईडी की जांच से पता चला है कि डॉ. रामपाल सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

# संगठन बड़ा न सरकार जनता का कल्याण सबसे बड़ा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊः** सपा के अखिलेश यादव ने भाजपा को सत्ताभोगी बताया। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को उन्होंने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के संगठन सरकार से बड़ा होता है, संबन्धी बयान पर तंज कसते हुए कहा, भाजपाई सत्तान्मुखी है, सेवान्मुखी नहीं। उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

केशव प्रसाद मौर्य व अखिलेश यादव में सोशल मीडिया पर वार-पलटवार थम नहीं रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि न संगठन बड़ा होता है, न सरकार। जनता का कल्याण सबसे बड़ा होता है। दरअसल संगठन और सरकार तो बस साधन होते हैं, लोकतंत्र में साध्य तो जनसेवा ही होती है। जो साधन की श्रेष्ठता के झगड़े में उलझे.हैं, वो सत्ता और पद के भोग के लालच में है, उन्हें जनता की कोई परवाह ही नहीं है।

# नए मेडिकल कॉलेजों की दूसरी अपील पर एनएमसी ने की वर्चुअल सुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएमसी के नये मानकों के अचानक बदलाव से सत्र शुरू करने में समस्या

**अमृत विचार:** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत, पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यो ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) में आवेदन किया था। एनएमसी ने साल 2023 के मानक अनुसार शिक्षकों की संख्या न होने पर मान्यता नहीं दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले को गंभीरता से लिया तो ज्ञात हुआ कि कॉलेज प्रशासन ने एनएमसी के साल 2020 के मानकों को पूरा करते हुए आवेदन किया था, जबकि 2023 के मानक में शिक्षकों की संख्या बढ़ गई थी।

### आवेदन करने वाले 13 कॉलेज

बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को पोर्ट्रेट भेंट करते लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता।

### राज्यपाल से मिले लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यकमान स्थित सूर्या कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सेना से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्यपाल से उत्तर प्रदेश में नागरिक-सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा किए गये अलग-अलग बिंदुओं पर और समग्र सुरक्षा स्थिति पर भी चर्चा की।

# टेलीग्राम से ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर जॉब आफर करने और धन को दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम ने बताया कि विगत काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से मैसेज भेजकर उसमें टॉस्क देकर धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थी। इस दौरान बता चला कि साइबर क्राइम थाना लखनऊ में एक मुकदमा पंजीकृत हुआ है, मामले की जांच के बाद के बाद एसटीएफ ने इस गिरोह से जुड़े जोधपुर राजस्थान निवासी प्रकाश नवल, सतीश नवल एवं कैलाश चंद्र को दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम ने पद से दिया इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

राज्यपाल को संबोधित अपने पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर वह हार की जिम्मेदारी ले रही हैं। उन्होंने कहा है कि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहते हुए वह जनता के बीच में भाजपा को मजबूत करने में वह असफल रही हैं। इस कारण वह अपनी अंतरात्मा से व्यथित होकर सरकारी पद से त्यागपत्र दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन में कार्य करती रहेंगी। पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगी।

# महाकुंभ में पर्यटकों को मिलेगी होम-स्टे सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या की तरह प्रयागराज में भी बढ़ेंगे भवन स्वामियों के लिए स्वरोजगार

**अमृत विचार:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या की तर्ज पर प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में पेइंग गेस्ट बनाए जाएंगे। इस योजना में पर्यटकों को उचित दर पर ठहरने के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वह भवन स्वामी जिनके पास अतिरिक्त कमरे हैं होम-स्टे योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे पर्यटकों को संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने शुक्रवार को देते हुए बताया कि प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने के संभावना है। बड़ी संख्या में ठहराव स्थल की आवश्यकता होगी। इसके लिए होटल आदि के साथ-साथ पेइंग गेस्ट पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ऐसे भवन स्वामियों जिनके पास पर्यटकों को रुकवाने के लिए अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों। भवन स्वामी, क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय प्रयागराज में आवेदन कर सकते हैं।

इससे स्वतः रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। मकान मालिक कमरे उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यटकों को नाश्ता, भोजन की सुविधा उपलब्ध करा सकेगा। कमरे का किराया एवं भोजन आदि के लिए आवश्यक निर्धारित धनराशि पर्यटकों से प्राप्त कर सकेगा। पेइंग गेस्ट के लिए विभिन्न मानक निर्धारित किए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा को कई जिलों में 22 से 19 अगस्त तक रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ ,कानपुर, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहांपुर व गोरखपुर सहित अन्य जिलों में वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**अमृत विचार:** श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर 22 जुलाई से 19 अगस्त तक के लिये ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को डायवर्जन चार्ट जारी किया। इसमें कानपुर, उन्नाव , सीतापुर, शाहजहांपुर, प्रयागराज, गोरखपुर समेत कई जिलों से लखनऊ आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक कांवड़ियों के आवागमन वाले रास्तों और शिव मंदिरों के आसपास के रास्तों पर भी डायवर्जन लागू रहेगा।

**सई नदी पर पुल क्षतिग्रस्तः** मौरांवा से मोहनलालगंज कस्बा जाने वाले मार्ग में सईं नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त है। इसके चलते मौरांवा से मोहनलालगंज की तरफ भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

**इमरजेंसी में प्रतिबंधित मार्ग से निकल सकेंगेः** डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया, जिन रास्तों पर डायवर्जन लागू रहेगा। उन पर भी अनिवार्य होने पर इमरजेंसी सेवाओं जैसे एंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन, स्कूली वाहन आदि को ट्रैफिक कर्मियों से संपर्क कर निकाल सकेंगे। इस दौरान किसी को कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर- 9454405155 पर संपर्क कर सकता है।

### लखनऊ के शिव मंदिरों के आसपास भी डायवर्जन

- मनकामेश्वर मंदिर बंधा रोड होते हुए हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आईटी चौराहा और डालीगंज पुल निर्धारित किया गया है।
- मनकामेश्वर मंदिर, नदवा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग हनुमान सेतु या बंधा रोड़ होकर तय किया गया है।
- बुद्धेश्वर मंदिर की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सर्विस रोड या ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर जा सकेंगे।

### वाहन चालक इन वैकल्पिक मार्गों का कर सकेंगे प्रयोग

- कानपुर नगर से भारी वाहन रामादेवी से फतेहपुर, लालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन उन्नाव के ललऊखेडा से दाहिने अचलगंज से लालगंज होकर बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व उन्नाव के पुरवा मोड़ से मौरांवा से बछरावां होते हुये हैदरगढ़ होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- सीतापुर- शाहजहांपुर, बरेली से सीतापुर-लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन सीतापुर से चहलारी घाट, बहराईच, बलरामपुर होकर जा सकेंगे।
- कानपुर, उन्नाव से गोरखपुर की तरफ जाने वाले वाहन बंथरा, जुनाबगंज से मोहनलालगंज होकर खुजौली से गोसाईगंज होते हुये पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- प्रयागराज से लखनऊ, बाराबंकी होकर बहराइच, श्रावस्ती बलरामपुर गोंडा जाने वाले वाहन लखनऊ के मोहनलालगंज से गोसाईगंज से खुजली होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर की तरफ जा सकेंगे।
- शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर से लखनऊ होकर गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन मड़ियांव आईआईएम रोड से पारा होकर वीआईपी रोड होते हुये शहीद पथ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से गोरखपुर की ओर जा सकेंगे।
- लखनऊ से बाराबंकी, गोरखपुर की तरफ जाने वाले भारी वाहन इंदिरा कैनाल अयोध्या रोड से किसान पथ पर डायवर्ट किए जाएंगे, जो किसान पथ सुल्तानपुर रोड होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवाजाही कर सकेंगे।


## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।



### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ट | | | | | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | | ग |
| ड़ा | | | भ | | ह |
| | | 5 अ | च | क | |
| 6 ख़ा | स | क | र | | 7 द |
| विं | | ड़ | | | शां |
| द | | फ़ों | | 8 बा | ग |

## सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा, लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** – आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह** – आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या** – आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु** – आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।


**कुंभ** – आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन** – आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | एतराज | दोपहर : 12.11 |
| B4U MOVIES | वेलकम बैक | शाम : 06.41 |
| &pictures | बागी | सुबह : 10.53 |
| &pictures | गदर 2 | रात : 07.30 |
| SONY PIX | लाइट्स आउट | सुबह : 07.29 |
| SONY PIX | स्पाइडर मैन | रात : 06.16 |
| ZEE CINEMA | हम साथ साथ हैं | दोपहर : 01.37 |
| ZEE CINEMA | स्पाइडर | शाम : 05.18 |
| colors CINEPLEX | मोहब्बत | सुबह : 09.20 |
| colors CINEPLEX | ओएमजी | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

# सिर्फ बांगरमऊ क्षेत्र में तीन माह में गई 31 की जान

**हाल-ए-एक्सप्रेस-वे**

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)




- हाईवे पर ट्रैफिक नियम तोड़ना चालकों की लापरवाही और नशा बन रहा हादसों का कारण
- अगर पुलिस समय-समय पर चेकिंग करती रहे तो हादसों पर लग सकती है रोक

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक नियमों को टूटने, वाहन चालकों की लापरवाही और नशे में वाहन चलाने के चलते बीते तीन माह में चालकों सहित 31 लोगों की अकाल मौत हो चुकी है। यदि वाहन चालकों के नशे में होने की जांच व नियम तोड़ने पर संबंधित यातायात और सिविल पुलिस द्वारा समय-समय पर चालान किए जाते तो हादसों में कमी लाई जा सकती थी। बीती गुरुवार देरशाम एक्सप्रेस-वे पर चालक द्वारा तेज रफ्तार व नशे में वाहन चलाने पर पांच युवकों की मौत हो गई थी। जबकि चालक हैलट अस्पताल कानपुर में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है।

बता दें कि बीती गुरुवार देरशाम एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी। इसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी और दो ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। जबकि जिला अस्पताल से चालक को कानपुर रेफर किया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसों का यह सिलसिला एक्सप्रेस-वे पर बीते तीन माह से लगातार जारी है। इसमें एक सप्ताह पूर्व 10 जुलाई को एक्सप्रेस-वे पर दूध के टैंकर को ग़लत लेन से ओवरटेक करने में एक डबल डेकर स्लीपर बस टैंकर से टकरा गई थी। जिससे बस के दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसमें टैंकर के चालक सहित बस में दाहिनी ओर सीटों पर सो रही तीन महिलाओं व दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 19 लोग गंभीर घायल हो गए थे। इस भीषण हादसे के मात्र पांच दिन पूर्व छह जुलाई को एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार लोडर पलटने से चालक की मौत हो गई थी। इसके अलावा बीती 3 जुलाई को एक्सप्रेस-वे पर गांव गौरिया कलां के सामने ट्रक चालक लघुशंका करने उतरा था। तभी तेज़ रफ़्तार वाहन की टक्कर से चालक की मौत हो गई थी। वहीं बीती 23 जून को एक्सप्रेस-वे पर गांव सबली खेड़ा के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलटने से चालक की मौत हो गई थी। इसके दो दिन पहले गांव जोगीकोट के पास गलत लेन पर चल रहे एक बाइक सवार की मौत हो गई थी। इसके पहले 20 मई को लोडर का पंचर पहिया बदलते समय अज्ञात वाहन ने चालक को रौंद दिया था। जिसमें चालक की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं, 20 अप्रैल को एक्सप्रेस-वे पर गांव सबली खेड़ा के सामने हरियाणा से जौनपुर जा रही ट्रैवलर बस तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इसमें तीन यात्रियों की जान चली गई थी। खास बात यह है कि यह सभी हादसे एक्सप्रेस-वे पर स्थित गांव बहलोलपुर से गांव सबली खेड़ा के बीच मात्र 15 किमी. के बीच हुई हैं।

### नशा व निर्धारित लेन का उल्लंघन बन रहा हादसों का कारण

**बांगरमऊ।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अधिकांश हादसे तेज रफ्तार और निर्धारित लेन के उल्लंघन और नशे में वाहन चलाने से हुए हैं। लेकिन, यातायात और सिविल पुलिस की लापरवाही के चलते एक्सप्रेस-वे पर हो रही अकाल मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### वाहनों की अधिकता के चलते होते हैं हादसे

**बांगरमऊ।** एक्सप्रेस-वे के अलावा उन्नाव-हरदोई मार्ग, बिल्हौर मार्ग व लखनऊ मार्ग पर वाहनों की भरमार रहती है। इसलिए प्रतिदिन किसी न किसी मार्ग पर हादसे होते रहते हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए यहां ट्रामा सेंटर की मांग अरसे से उठती रही है। ट्रामा सेंटर के अभाव में हादसों में गंभीर दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। यहां के सीएचसी में ट्रामा सेंटर स्थापित हो जाए तो गंभीर घायलों की जान बचाई जा सकती है।

# अधिक रक्तस्राव व लिवर फटने से हुई थीं पांचों मौतें

**फालोअप**

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- देरशात हुए पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द किए गए शव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार देरशाम हुए हादसे में स्कार्पियो सवार पांच लोगों की मौत के बाद सभी शवों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया देररात शुरू कराई गई। सुबह छह बजे तक हुए पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंपे गए। पीएम रिपोर्ट में सभी के लिवर और फेफड़े फटने से हुए अत्यधिक रक्तस्राव से मौतें होने की पुष्टि हुई है। वहीं पीछे बैठे चालक की आशीष की हालत गंभीर बनी है।

बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत बहलोलपुर गांव के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटने इसमें इसमें सवार छह लोगों में पांच की मौत होने से कोहराम मच गया। कार सवार छह लोगों में चालक को छोड़ बाकी पांच दोस्त थे। सभी पहले नोएडा, दिल्ली और रोहतक होते हुए अपने घर लौट रहे थे। कार चालक की जगह ब्रजेश उर्फ मनोज सिंह चला रहा था। वहीं जिला अस्पताल से रेफर होने से पहले चालक आशीष ने बताया था कि कार किसी वाहन में पीछे से घुसी है। डिवाइडर में टकराकर पलटने की बात वह नहीं बता पाया।

हादसे में ब्रजेश उर्फ मनोज के अलावा अयोध्या के महाराजगंज थानाक्षेत्र के बेरासपुर निवासी वैभव पांडेय, केशवपुर सेमरिया निवासी अरविंद सिंह, मायाबाजार निवासी अमित तिवारी व महेंद्र सिंह की मौत हुई थी।

# दुकान के सामन ठेला लगाने से मना करने पर हुई मारपीट

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा के पास दुकान के सामने फल का ठेला लगाने से मना करने पर हुई मारपीट में साड़ी विक्रेता घायल हो गया।

शहर के बड़ा चौराहा के पास शाहगंज मोहल्ला निवासी अजय गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार साड़ी की दुकान किए है। सुबह करीब 10 बजे दुकान के सामने लखपति व उसके छोटे भाई अर्जुन पुत्र स्व. हरि प्रसाद निवासी गांव डीह कोतवाली सदर ने आम का ठेला लगा लिया। अजय ने दुकान के सामने से ठेला हटाने को कहा तो दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें अजय कुमार गंभीर घायल हो गया। चर्चा रही कि फल विक्रेता ने उसे चाकू मार दिया। यह खबर शोसल मीडिया पर भी वायरल हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर दोनो पक्षों को कोतवाली लाई जहां अजय की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# शिक्षक नेताओं ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

## कहा, परवान नहीं चढ़ सकी अंतः जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक ने डीएम गौरांग राठी से प्रशिक्षण सहित अवशेष भुगतान कराने की मांग की है। साथ ही अंतः जिला स्थानांतरण की जारी प्रक्रिया के तहत अंतिम तिथि पर शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण न कराए जाने पर नाराजगी जताई है।

उल्लेखनीय है कि विभागीय उच्चाधिकारियों ने अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्रिया को समबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। संघ के पदाधिकारी पहले भी विभाग पर विद्यालयों में तय मानक से अधिक कार्यरत शिक्षकों की सूची सार्वजनिक न करने का आरोप लगा चुके हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार 19 जुलाई को शिक्षकों को पूर्व तैनाती विद्यालयों से कार्य मुक्त करते हुए नए स्कूलों में कार्यभार ग्रहण कराया जाना था। संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने उच्चाधिकारियों के आदेशों पर अमल न किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वैसे तो सत्र के बीच में स्थानांतरण को उचित नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन वर्षों बाद शुरू हुई प्रक्रिया पूरी न किया जाना बेहद अफसोसजनक है।

वहीं संघ के जिलाध्यक्ष केके मिश्रा, महामंत्री अवनीश कुमार पाल, दीपक वर्मा व वीएन मिश्र ने डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में शासन से बजट उपलब्ध कराए जाने के बाद भी आउट आफ स्कूल बच्चों का नामांकन कराने के लिए जिले के करीब 10 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षण अवधि का भुगतान दिलाने की मांग की है।

उन्होंने एक अन्य पत्र में डीएम से अवशेष भुगतान में जारी हीलाहवाली समाप्त करा शिक्षकों को एरियर की धनराशि दिलाने पर जोर दिया है।

### आज होगा शिक्षकों का सम्मान समारोह

**उन्नाव।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस गेस्ट हाउस में शनिवार शाम साढ़े 4 बजे शुरू होगा। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने दी।

# डीआईओएस को 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपेगा शर्मा गुट

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- मुख्यालय पर 25 जुलाई को प्रस्तावित धरना की सफलता को चलाया जा रहा अभियान

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के शिक्षक 25 जुलाई को डीआईओएस कार्यालय पर धरना देकर विभागीय अधिकारी को सीएम को संबोधित 13 सूत्रीय ज्ञापन देंगे। इसमें संगठन की ओर से पारित प्रस्तावों के तहत आठवें वेतन आयोग का गठन, तदर्थ शिक्षकों की बहाली, शिक्षक स्थानांतरण नीति का सरलीकरण और सीबीएसई के समान बोर्ड की पारिश्रमिक दरें तय कराने सहित अन्य मांगों को शामिल किया जाएगा।

ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालयों का संचालन शुरू होते ही शिक्षक नेताओं ने संगठनात्मक गतिविधियां बढ़ाते हुए शिक्षक समस्याओं पर मुखर होना शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चंदेल गुट के बाद अब शर्मा गुट भी डीआईओएस के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। प्रांतीय नेतृत्व से जारी परिपत्र के मुताबिक संघ की ओर से दिए जाने वाले ज्ञापन में 13 बिंदुओं को वरीयता दी जाएगी। इसमें सीबीएससी बोर्ड के समान पारिश्रमिक दिए जाने की मांग करते हुए परीक्षा शुल्क में वृद्धि के साथ परीक्षा का स्तर समान किए जाने की बात कही गई है। संघ के जिला मंत्री ने बताया कि आंदोलन की सफलता के लिए शिक्षकों से संपर्क करते हुए उन्हें ज्ञापन में शामिल मुद्दों की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए ग्रुप बनाकर संघ के पदाधिकारी जिले में संचालित इंटर कालेजों में जा रहे हैं। साथ ही शिक्षक साथियों से संवाद स्थापित कर धरना में शामिल होने की अपील की जा रही है।

# साहब! ग्राम प्रधान व सचिव ने पुरानी ईंटों से लगवा दिया खड़ंजा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

- ग्राम प्रधान व सचिव पर मिलीभगत कर धन का बंदरबांट करने का लग रहा आरोप

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव की साठगांठ के चलते ग्राम पंचायत में पुरानी ईंट से खड़ंजा निर्माण कर इतिश्री कर ली गई। जिम्मेदारों द्वारा जेब गर्म करने के चक्कर में ग्राम पंचायत में रातोंरात मानक विहीन कार्य करवाकर कार्यदाई संस्था को भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबांट भी कर लिया गया। गुणवत्ता विहीन निर्माण होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद सामूहिक लिखित शिकायत करने की बात कही है।

विकासखंड फतेहपुर चौरासी की ग्राम पंचायत भडसर नौशहरा के मजरा हीरा खेड़ा में बीते दिनों 15वें राज्य वित्त से करीब 400 मीटर खड़ंजा निर्माण कराया गया था। गांव के रामदेव व सीताराम समेत कई ग्रामीणों का आरोप है कि इस खडंजा के निर्माण में नाममात्र ही नई ईंट का प्रयोग किया गया जबकि, ज्यादा तर पुरानी ईंट को ही पलट कर दोबारा लगा दिया गया है। इतना ही नहीं कुछ जगह खड़ंजा लगवाया ही नहीं गया है। कई जगह कटकर धंस गए मार्ग को समतल करने के लिए मिट्टी डाले बगैर पुरानी ईंट को पलटकर दोबारा खड़ंजा लगा दिया गया है। ग्रामीणों की नाराजगी देख ग्राम प्रधान व सचिव की शह पर कार्यदायी संस्था ने रातोंरात निर्माण पूरा कर इतिश्री कर ली। वही विकासखंड कार्यालय के सूत्रों की मानें तो इस कार्य की नापजोख कर धन का भुगतान कराकर बंदरबांट भी कर लिया गया है। गुणवत्ता विहीन निर्माण कराने से बारिश होते ही इस खड़ंजे पर कई जगह ईंटें निकल आई हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नव निर्मित खड़ंजे को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है।



पुरानी ईंटों से कराया गया खड़ंजा का निर्माण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



परेड के दौरान मातहतों को निर्देश देते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार

### साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित मैदान में साप्ताहिक परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। परेड में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियो से शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों व दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग की जानकारी ली। साथ ही अधीनस्थों को फिटनेस के संबंध में निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, क्वार्टर गार्द, भोजनालय, जिला प्रशिक्षण इकाई, गेस्ट हाउस का भी निरीक्षण किया। परेड में सीओ सिटी सोनम सिंह व पुलिस लाइन और विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### दरोगा की बाइक की नंबर प्लेट में लिखा है 'महाकाल'



थाने में खड़ी पुलिस के लोगो पर महाकाल लिखी दरोगा की बाइक।

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** शुक्रवार को एक फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई है। जिसमें एक बुलेट बाइक की नंबर प्लेट पर पुलिस के लोगो में रंगी बिना नंबर की प्लेट लगी है। साथ ही महाकाल लिखा है। इस वायरल फोटो को संज्ञान में लेकर एएसपी ने कार्रवाई की बात कही है। फिलहाल लोग इसे एक दरोगा की बाइक बताकर उनका दबदबा कायम रखने की बात कर चर्चा कर रहे हैं। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्रके हल्का नंबर पांच में तैनात एक दरोगा की बुलेट बाइक का एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। जिसमें बुलेट के आगे नंबर प्लेट तो लगी है लेकिन उस पर नंबर नहीं पड़ा है। दूसरी ओर पुलिस ऐसे लोगों का चालान करती है जिनकी नंबर प्लेट पर नंबर नहीं होते हैं। मामला पुलिस का है तो अब पुलिस मामले को दबाने में जुटी है। वहीं इस मामले को संज्ञान में लेकर एएसपी प्रेमचंद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है।

### हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित सेमरा गांव के पंचम खेड़ा निवासी बाबू (65) बाइक से महुआ चौराहे से देरशाम बाइक से लौट रहे थे। तभी मोहान से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और मियागंज की ओर भाग निकला। सूचना पर परिजनों ने उसे लखनऊ के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन 16 जुलाई को उसे घर लाए थे। जहां उसका इलाज चल रहा था। इसके बाद शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अजगैन बाजार से वापस आते समय बाइक सवार मदन सिंह पुत्र राम सनेही और बृजेश पुत्र शिवचरन को लखनऊ से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनो को गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। कार को पुलिस ने चमरौली के पास दौड़ाकर पकड़ा है।

### पत्नी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पुरवा।** 15 दिन पूर्व महिला की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने के मामले में वांछित चल रहे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। नगर के मोहल्ला तोपखाना में बीती 4 जुलाई की रात पत्नी हिना की कमरे में पति आसिफ ने दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद वह मौके से फरार हो गया था। जहां मृतका की मां ने दामाद आसिफ के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्यारोपी को पकड़ने के लिए सर्विलांस का सहारा लेते हुए शुक्रवार को पुरवा-मौरावां रोड पर एक विद्यालय के पास से पकड़ लिया और कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ पिलाकर ले गए नकदी व सामान

फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव अख्त्यारपुर निवासी दीपू ने बताया कि वह गांव निवासी सूरज के साथ दिल्ली में जूस बेचने का काम करता है। मंगलवार रात 11 बजे दोनों दिल्ली के आनन्द विहार में रोडवेज बस से घर आने के लिए बैठे थे। भोर में आगरा के पहले एक होटल में बस खड़ी हुई। जहां बस में सवार दो अज्ञात लोगों ने उसे कोल्ड ड्रिंक्स में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। जिससे दोनों बस में बेहोश हो गये। दोनों ने दीपू का मोबाइल, 25 हजार नगद, बैग व सूरज का मोबाइल, 2 हजार रुपये व बैग ले गये। थोड़ी दूर चलने के बाद आगरा के पास बस परिचालक ने दोनों को उतार दिया। दीपू ने बताया कि वे लोग आगरा के पास स्थित थाने भी गये। वहां कोई सुनवाई नहीं की गई। पैसों के बिना दोनों 70 किमी एक लोडर से आए फिर बाकी रास्ते पैदल चलकर बीती रात घर पहुंचे हैं।

# अनियंत्रित डीसीएम घर में घुसी, हादसा टला

संवाददाता सोहरामऊ (उन्नाव)

- टोल टैक्स बचाने के लिए गावों से निकलते है भारी वाहन

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के गांव भजनखेड़ा निवासी अमित परिवार के साथ बीती रात घर के बाहर चारपाई पर बैठा था। तभी अचानक एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम घर की तरफ आता देख सभी ने भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन डीसीएम दुकान, बाइक, चारा मशीन, थ्रेसर व दीवार आदि तोड़ते हुए घर में जा घुसी। जिससे काफी नुकसान हो गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर सोहरामऊ थाने में देकर नुकसान की भरपाई की मांग की है।



डीसीएम की चपेट में आने से टूटी चारपाई व क्षतिग्रस्त पड़ी बाइक। अमृत विचार

भजनखेड़ा गांव निवासी अमित पुत्र प्रेमशंकर बीती रात अपने दरवाजे पर पत्नी सुमन, भाई अनूप व अनुज और बच्चों के साथ चारपाई पर बैठा था। तभी अचानक तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर घर की ओर आता देख सभी ने भागकर अपनी जान बचाई। अनियंत्रित वाहन घर के बाहर बनी दुकान को तोड़ते हुए वहां खड़ी बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुये चारा मशीन व थ्रेसर को तोड़ते हुए घर में घुस गई। अगर समय से परिजन डीसीएम को न देख पाते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना के बाद पीड़ित अमित ने पुलिस को तहरीर देकर अपने नुकसान की भरपाई व डीसीएम चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**मोर्हरम** बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने कर्बला जाकर फातिहा पढ़ी और मन्नतें मांगी

# हजरत इमाम हुसैन और उनके शहीद साथियों का तीजा मनाया

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)




जुलूस निकालते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कर्बला में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के शहीद होने के तीसरे दिन जगह जगह पर उनका तीजा मनाया गया।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में महिलायें व बच्चे कर्बला पहुंचे और वहां पर ताजिया दफन करने वाले गड्ढों में मन्नत की। जैसा कि मोहर्रम की 10वीं व 11वीं तारीख को रंजोगम और अकीदत के साथ ताजियों के जुलूस उठाए गए। हुसैनी जत्थे मातमी धुन पर क़त्ल-ए-हुसैन अस्ल में मर्ग-ए-यज़ीद है, इस्लाम ज़िंदा होता है हर कर्बला के बाद, या अली-या हुसैन जैसी सदाएं बुलंद करते कर्बला पहुंचे। जहां सलामो सलात के साथ नम आखों से ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया।

बुधवार को यौमे आशूरा के दिन नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित शाही इमाम बाड़े से शाम करीब 7 बजे कदीमी ताजिये का जुलूस उठाया गया। जुलूस की कयादत दरगाह मीरा बाबा के खादिम जहीर अहमद वारसी और हाजी गुड्डू ने की। गश्त करते हुए यह जुलूस हटिया चौराहे पर पहुंचा। जहां पर मोहल्ला मुकरियाना, पुरबिया टोला, भटपुरी, पंजाबी टोला, गोंडा टोला व गोल कुआं आदि मोहल्लों के ताजियों के जुलूस एकत्रित हुए। रात करीब 10 बजे सभी ताजियों का यह विशाल जुलूस या अली या हुसैन के नारे बुलंद करता हुआ मध्यम गति से आगे बढ़ा। मातमी धुन पर अंजुमने नोहा और मर्सियों के जरिए कर्बला का दर्दनाक वाकया बयान करते चल रही थी। मध्य रात करीब 2 बजे मोहल्ला खत्रियाना स्थित लाला की कुलिया पार करने के बाद जुलूसे हुसैनी टेढ़ी बाजार होते हुए मोहल्ला सराय पहुंचा और यही पर पड़ाव किया। गुरुवार को मोहर्रम की 11वीं तारीख को यह जुलूस शाम करीब 7 बजे उठाया गया। नानामऊ रोड से होते हुए कल्याणी नदी तट पर स्थित कर्बला शरीफ पहुंचा। जहां दरुदो सलाम पढ़कर नम आंखों के साथ ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया।

जुलूसे हुसैनी में सैयद मोहम्मद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां, हाजी आसिफ हुसैन गुड्डू, हाजी शकील अहमद, सभासद आफाक, सभासद राहुल शुक्ला, सभासद इसरार, रईस मिकरानी, साहिर हुसैन, राशिद हुसैन, पप्पू खान, अरहान खान, शोएब खान, सैफ खान प्रमुख रूप से शामिल हुए। नगर के नानामऊ मार्ग पर अकीदतमन्दों ने जगह जगह शिविर लगाकर जायरीनों को तबर्रुक तकसीम किया।

# गला घोंट कर महिला की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रुपये के लेनदेन में विधवा की गलाघोंट कर हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** रुपये के लेनदेन के विवाद में विधवा की गलाघोंट कर हत्या किए जाने के मामले की सुनवाई शुक्रवार को एडीजे-1 की कोर्ट में पूरी हुई। कोर्ट ने बचाव पक्ष की ओर से दी गई दलीलों को खारिज करते हुए आरोपी युवक को दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास के साथ 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

कानपुर के नजीरबाग बेकनगंज मोहम्मदिया अस्पताल निवासी चांद बाबू पुत्र जमील ने बीती 25 फरवरी-2022 को चम्पा पुरवा निवासी विधवा बहन रुकसार की हत्या किए जाने की रिपोर्ट गंगाघाट कोतवाली में दर्ज कराई थी। तहरीर में उसने बताया था कि उसकी बहन रुकसार पत्नी स्व. मो. शरीफ गंगाघाट के चंपापुरवा गोताखोर मोहल्ले में काले पठान के मकान में किराए पर रहती थी। 23 फरवरी-2022 शाम सात बजे बहन घर से काम से निकली लेकिन, रात में नहीं लौटी थी। 24 फरवरी-2022 की सुबह 11 बजे उसका शव कान्हा गौशाला के सामने रेलवे लाइन के पास मिला था। उसने नौशाद पुत्र महबूब निवासी कानपुर पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाया था। बताया था कि करीब दो वर्ष पहले बहनोई की मृत्यु होने के बाद बहन को दो लाख रुपये मिले थे। जो नौशाद ने बहला फुसलाकर ले लिए थे। नौशाद भी पहले गोताखोर मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर रहता था। इसलिए उसकी मेरे बहनोई से जान पहचान थी। आर्थिक तंगी के कारण रुकसार ने जब अपने रुपये वापस मांगना शुरू किया तो नौशाद ने रुकसार की गला दबाकर हत्या कर दी और भाग गया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने नौशाद को पकड़कर जेल भेजा था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम हुई। शासकीय अधिवक्ता की ओर से प्रस्तुत दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे मो. असलम सिद्दकी ने नौशाद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 15 हजार जुर्माना के आदेश दिए।

# प्रति घंटे एक सेंटीमीटर घटा गंगा का जलस्तर

## ग्रामीणों की समस्याएं अभी भी बरकरार, गुरुवार से शुक्रवार के बीच जलस्तर में 25 सेंटीमीटर गिरावट दर्ज की गई

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गंगा के जलस्तर में शुक्रवार को भी गिरावट दर्ज की गई। जिससे तटवर्ती इलाकों में भरा बाढ़ का पानी कम हो गया है लेकिन यहां रहने वाले लोगों की समस्याएं जस की तस हैं। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं गुरुवार से शुक्रवार के बीच 25 सेंटीमीटर जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है।


चंपापुरवा के निचले इलाकों में भरा बाढ़ का पानी। अमृत विचार

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार गुरुवार शाम पांच बजे 111.680 मीटर जलस्तर मापा गया था। जिसके बाद शुक्रवार को जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई और सुबह आठ बजे 111.540 मीटर मापा गया। जिसके बाद दोपहर बारह बजे 111.510 मीटर रह गया।

वहीं शाम पांच बजे 111.430 मीटर तक पहुंच गया। जल आयोग ने बताया कि प्रति घंटे लगभग एक सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में गिरावट हुई है। जिस कारण चौबीस घंटे में 25 सेंटीमीटर पानी घटा है। जलस्तर घटने के बावजूद गोताखोर, शाही नगर, मोम्मद नगर, चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला, गगनी खेड़ा हुसैन नगर के सैकड़ों मकानों के आस पास पानी भरा हुआ है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को बाढ़ के पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। वहीं कुछ गलियों में लोग नावों से आवागमन कर रहे हैं।

### एडीएम ने बताए बाढ़ के दौरान एहतियात बरतने के उपाय

**उन्नाव।** एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने गंगा नदी की बाढ़ को देखते हुए तटवर्ती व अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सर्प दंश सहित डूबने से बचाव के लिए एहतियात बरतना जरूरी है। इसलिए जहां तक संभव हो बाढ़ के पानी से दूरी बनाकर रखें। एडीएम ने कहा कि उफनाई नदी की तेज धारा, नहर, नाले व तालाबों के पानी में उतरने से बचना चाहिए। स्नान करने सहित बहुत जरूरी होने पर गहराई का ध्यान रखना चाहिए। तैरना जानने वालों को ही बाढ़ क्षेत्र के पानी में उतरना चाहिए। एक साथ परिवार के कई लोगों को नदी के घाटों पर स्नान करने से बचना चाहिए। बच्चों को बाढ़ के पानी सहित पुल, पुलिया या ऊंचे स्थानों से कूद कर स्नान करने से रोका जाना चाहिए। सामूहिक रूप से स्नान करते समय 10-15 मीटर लंबी रस्सी, धोती या साड़ी साथ रखते हुए स्नान घाटों पर लिखी चेतावनी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उकसावे व बहकावे में पानी में छलांग नही लगानी चाहिए। पारंपरिक धार्मिक व सामाजिक रीति-रिवाजों, अनुष्ठान या संस्कारों के निर्वहन के समय असावधानी बरतना हानिकारक हो सकती है। तैरते या स्नान करते समय किसी तरह स्टंट नहीं करना चाहिए। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की घबराहट दूर करते हुए इलाज उपलब्ध कराना चाहिए, क्योंकि घबराहट से शरीर में जहर तेजी से फैलता है। मरीज के घाव से छेड़-छाड़ न करते हुए साबुन-पानी से धुलना चाहिए। घाव के आसपास से घड़ी, कड़ा, अंगूठी आदि को तुरंत उतारते हुए जल्दी से जल्दी अस्पताल पहुंचाना चाहिए। सर्पदंश वाले शरीर के हिस्से को रस्सी आदि से कसकर बांध देना चाहिए।


सब स्टेशन में मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

# ओवरलोड होने के कारण कई जगह हुए फाल्ट

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

- घंटों बिजली गुल रहने के कारण गर्मी और उमस से लोग हुए परेशान

**अमृत विचार।** ओवरलोड होने के कारण गुरुवार रात नगर के कई स्थानों में ताबड़तोड़ फाल्ट हो गये। जिस कारण शक्ति नगर फीडर की घंटों बिजली गुल रही। इसी तरह फीडर तीन और चार में भी फाल्ट के कारण बिजली गुल रही। वहीं तार टूटने से भी बिजली गायब रही। जिससे गर्मी और उमस में लोग परेशान रहे।

गुरुवार रात लगभग सवा नौ बजे रविदास पार्क के पास एलटी लाइन का तार टूट गया। जिससे शक्ति नगर के सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई। इसकी जानकारी विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने तार जोड़कर आपूर्ति चालू की। इसी दौरान सीताराम कालोनी, मिश्रा कालोनी से लेकर सरैयां गांव तक बिजली सप्लाई बंद हो गई। रात लगभग ग्यारह बजे के बाद आपूर्ति शुरू की जा सकी, लेकिन फीडर पर अधिक लोड पड़ने से रात में कई बार विजली की आवाजाही बनी रही।

वहीं नेहरु नगर स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण लाइन ट्रिप होने से फीडर तीन की आपूर्ति रात तक बाधित रही। इसी तरह आंनद नगर में तार टूटने से रात आठ बजे से साढ़े दस बजे तक बिजली गुल रही। इसी तरह आजाद नगर में भी फाल्ट होने से फीडर 4 की बिजली सप्लाई रात में कई बार बंद की गई। वहीं सब स्टेशन में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण डेढ़ घंटे तक नगर के सभी फीडर बंद रहे। जिससे गर्मी और उमस में लोग परेशान रहे। वहीं लोग गर्मी के चलते इधर उधर घूमते हुए देखे गये।

# ट्रैक पर लाल झंडा लगाकर रेलवे पुल पर हुआ मरम्मत का कार्य

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल पर कई दिनों से ट्रैक मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को भी रेल कर्मी मरम्मत कार्य करने के लिये पहुंचे लेकिन कंट्रोल से ब्लॉक नहीं मिल सका। जिस कारण डाउन लाइन पर लाल झंडा लगाकर गैंगमैनों ने मरम्मतीकरण का कार्य किया।


रेलवे पुल पर होता मरम्मत कार्य। अमृत विचार

कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनों को चलाने को लेकर पिछले कई दिनों से ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य कराने के अलावा गिट्टी पैकिंग और रेल पटरी को बदलने का काम किया जा रहा है। उसी को लेकर शुक्रवार को रेल कर्मी रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां रेल पथ विभाग ने कंट्रोल से ब्लॉक की मांग की लेकिन ब्लॉक नहीं मिल सका। जिस पर रेल कर्मियों ने लाल झंडा लगाकर मरम्मत का कार्य किया। इस दौरान ट्रेनें कॉसन से गुजरी। वहीं आपको बता दें कि बुधवार को एडीआरएम सचिन वर्मा मौके पर पहुंचे थे, वहीं गुरुवार को डीआरएम एस एम शर्मा ने पहुंचकर निरीक्षण किया था। जहां बताया गया था कि रेलवे पुल के जर्जर स्लीपर बदलने का काम ब्लॉक लेकर किया जायेगा। उसी को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

## बाढ़ पीड़ितों को बांटे ओआरएस पैकेट व क्लोरीन की टेबलेट

**उन्नाव।** स्वास्थ्य विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में टीमों के माध्यम से जहां 2,55,475 ओआरएस के पैकेट व 29500 क्लोरीन टेबलेट बांटी हैं।

वहीं बाढ़ पीड़ितों को संक्रामक रोगों से बचाने के लिए 2875 किलो ब्लीचिंग पाउडर का इस्तेमाल किया है। विभाग की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि मेडिकल टीमें बांगरमऊ व सदर तहसील क्षेत्र में निरंतर आवागमन करती रहीं। इस दौरान उन्होंने जहां नए पुरवा व चंपा पुरवा (गोताखोर) इलाकों सहित अन्य गावों में जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। वहीं, विभाग ने दावा किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निवास कर रहे परिवारों को लाभांवित किया गया है।

# खंती में बाइक पलटने से चालक की गई जान

संवाददाता पुरवा (उन्नाव)

- मौरावां थानाक्षेत्र के चहटुआ खेड़ा मोड़ के पास हुई घटना

**अमृत विचार।** मौरावां थानाक्षेत्र के चहटुआ खेड़ा मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। इसमें बाइक चालक गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मचा है।


नीरज।

बता दें कि मौरावां थानाक्षेत्र के हिलौली गांव के मोहल्ला रौताना निवासी नीरज (19) पुत्र रामप्रसाद राज मिस्त्री था। वह शुक्रवार शाम हडहड़ा गांव में काम के सिलसिले में निकला था। तभी थानाक्षेत्र के हिलौली-असरेंदा मार्ग पर चहटुआ खेड़ा मोड़ के पास सामने से आए वाहन से बचने के प्रयास में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। इससे वह गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने उसे पहचान लिया और परिजनों को इसकी सूचना दी। उसे घायल हालत में परिजन पीएचसी फिर सीएचसी मौरावां लाए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दिवंगत युवक तीन भाई व एक बहन में दूसरे नंबर पर था। उसकी मौत से मां धन्नो देवी व भाई दीपक, धीरज व बहन आरती रो-रोकर बेहाल हैं। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप

### हत्या के प्रयास का वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शुक्लागंज।** एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित को शारदा नगर के पास से गिरफ्तार किया। जहां उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्रवाई करते हुये कोर्ट भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के शारदा नगर इलाके में 10 अप्रैल को रवि और शिवा ने पानी डालने का विरोध किया था। जिस पर पड़ोस में रहने वाले रोहित रावत ने गाली गलौज करते हुये अपने तीन अन्य साथियों के साथ दोनों को जमकर पीट दिया। जिससे शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। उक्त मामले में बब्लू वांछित चल रहा था, जिस पर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर राम प्रकाश ने दुर्गा मंदिर के पास से शारदा नगर निवासी बब्लू को गिरफ्तार किया। वहीं 13 अप्रैल को पुलिस ने रोहित को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा था।

### दबाव बनाने को लेकर युवक ने खुद पर छिड़का पेट्रोल

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के श्री नगर निवासी एक युवक पर पूर्व में हुये हमले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी, उसी को लेकर गुरुवार देर रात विवेचक से बातचीत करने पहुंचा और दबाव बनाने लगा। इस दौरान बाइक से पेट्रोल निकालकर अपने ऊपर छिड़क लिया। यह देख पुलिस ने उसे पकड़ा और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। श्री नगर निवासी रोहित तिवारी 15 जून की रात घर वापस जा रहा था, तभी श्री नगर निवासी रामजी ने अपने साथियों के साथ उसे रोक लिया था और चाकू से हमला कर दिया था। जिससे वह घायल हो गया था। रोहित के भाई अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं मे एफआईआर दर्ज की थी, उसी मामले को लेकर गुरुवार रात रोहित विवेचक राजेश मिश्रा के पास पहुंचा और दबाव बनाने लगा। जिस पर दरोगा ने बाद में आने की बात कही लेकिन वह नहीं गया और पास में खड़ी बाइक से पेट्रोल निकाल कर अपने ऊपर छिड़क लिया। यह देख पुलिस कर्मी दौड़े और उसे पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस ने रोहित के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये उसे जेल भेजा है।

### विधायक ने 45 बुजुर्गों को पहनाया चश्मा

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन की मंशा के अनुरूप अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने बालूघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ में कार्यक्रम आयोजित किया। जहां सदर विधायक ने 45 बुजुर्गों को नि:शुल्क चश्मा वितरित किया। शुक्रवार को बालूघाट स्थित गायत्री शक्ति पीठ में स्वास्थ्य विभाग और अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में चश्मा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिह्नित किये गये 45 बुजुर्गों को चश्में बांटे। जहां चश्मा पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस मौके पर पीएचसी प्रभारी डा. रवि प्रकाश सचान, नेत्र विशेषज्ञ ऋतु ओमर, राजीव द्विवेदी, जीतेन्द्र सिसोदिया व मंदिर समिति के व्यवस्थापक आरसी गुप्ता, संग्राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधान व सदस्य पदों की पुर्ननिर्वाचन प्रक्रिया शुरू

**फतेहपुर चौरासी।** बीते छह माह से रिक्त पड़े प्रधान समेत आधा दर्जन पदों के लिए पुनर्निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रिक्त पदों के लिये कई पर्चे खरीदे गए हैं। विकासखंड फतेहपुर चौरासी की बीते करीब छह माह से रिक्त पड़े प्रधान व सदस्य पदों के लिए पुनर्निवाचन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रिक्त पदों पर चुनाव के लिए विकासखंड कार्यालय पर आवेदन पत्र की बिक्री की जा रही है। इसमें क्षेत्र के दबौली ग्राम पंचायत में प्रधान अजीत कुमार की करीब 6 माह पूर्व मौत होने से यह सीट रिक्त हुई थी। वही ग्राम पंचायत बरौकी व पेसारी की कुल चार सदस्यों के पद भी रिक्त हैं। इन रिक्त पदों पर दोबारा चुनाव होने हैं। जिसके लिए विकासखंड कार्यालय पर गुरुवार से पर्चों की बिक्री शुरू हो गई है। गुरुवार व शुक्रवार को उम्मीदवारों द्वारा प्रधान पद के लिए चार व ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए दो पर्चे खरीदे गए हैं।

### चोरों ने किसान के घर से पार किये लाखों के जेवर व नकदी

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव बरवा खुर्द निवासी किसान के घर के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर रखी आलमारी से चार लाख के जेवरात व 15 हजार नकद पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को इसकी सूचना दी है। गांव बरवा खुर्द निवासी दया शंकर परिवार के साथ घर के बाहर बरामदे में लेटा था। शुक्रवार सुबह जब सभी सोकर उठे और अंदर जाकर देखा तो कमरे की कुंडी खुली थी। कमरे में देखा तो आलमारी खुली देख वे दंग रह गये। दया शंकर ने बताया कि आलमारी में रखे चार लाख के जेवरात व 15 हजार नकद गायब थे। पीड़ित ने थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पीड़ित ने बताया कि उसके कोई बेटा नहीं है। इसलिए बेटी गायत्री व दामाद सुरेंद्र उसके साथ रहते हैं। बेटी के भी जेवरात रखे थे। जिन्हें चोर उठा ले गए हैं।

### पुरवा तहसील को मिले 24 नये लेखपाल

**पुरवा।** तहसील क्षेत्र के 278 गावों में अब तक मात्र 40 लेखपालों के सहारे व्यवस्था चल रही थी। मुख्यमंत्री ने बीती 11 जुलाई को लोकभवन में नये लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। इसके बाद पुरवा तहसील को 27 लेखपाल मिले हैं। जिसमें 24 लेखपालों ने शुक्रवार को प्रपत्र के साथ तहसील मुख्यालय आकर ज्वाइन किया। उन्हें भूलेख राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अभिलेखों व राजस्व कार्यों के बारे में समझाया जा रहा है।

### यूपीएससीआर में 4558 वर्ग किमी भूमि होगी शामिल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र यूपीएससीआर में उन्नाव की 4558 वर्ग किलोमीटर भूमि सहित अन्य छह जिलों की कुल 27,826 वर्ग किलोमीटर भूमि शामिल की गई है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस प्राधिकरण की अध्यक्षता सीएम स्वयं करेंगे, जबकि प्रदेश के मुख्य सचिव को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं सभी जिलों के डीएम व विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष सहित अन्य विभागों के अधिकारी सदस्य नामित किए गए हैं।

### वार्ड 19 में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चला अभियान

**शुक्लागंज।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 19 में पहुंचे। जहां वृहद स्तर पर साफ सफाई की। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 19 गोताखोर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने मोहल्लों की सभी गलियों में फागिंग कराई गई। वहीं ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर क्षेत्र में साफ सफाई कराई जायेगी।

# माफियाओं ने रात भर किया खनन, दिन में हुई जांच

संवाददाता सोहरामऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार।** गुरुवार रात सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव दतौली में जेसीबी से पूरी रात मिट्टी खनन किया गया। इसकी फोटो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो एसडीएम पुरवा ने इसकी जांच के लिये लेखपाल विक्रांत को गांव भेजा। अब जांच के बाद कार्रवाई किये जाने की बात बताई जा रही है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र में इन दिनों खनन माफिया सक्रिय हैं। यह माफिया क्षेत्र में हो रहे पीएनसी के खनन की आड़ में जमकर अवैध खनन कर तहसील प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहे हैं। यह माफिया रात में जेसीबी व डंपरों से अवैध खनन करते हैं जो सुबह तक चलता रहता है। दतौली गांव के लोगों ने बताया कि देररात रामनरेश, रामप्रताप, त्रिभुवन व अरविंद के खेत से अवैध तरीके से मिट्टी खोदी गई है। इसके लिये गांव में जेसीबी व डंपर पूरी रात दौड़ते रहे। सुबह जब खनन की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो प्रशासन ने इसे संज्ञान में लिया। एसडीएम पुरवा उदित नरायन ने बताया कि अवैध खनन होने की जानकारी हुई है। क्षेत्रीय लेखपाल विक्रांत को जांच के लिये भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी।


खनन की जांच करते लेखपाल।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मदऊ खेड़ा गांव में हुई विवाहिता की मौत के बाद भाई ने ससुरालियों पर बहन को मारने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के कुरमापुर गांव निवासी अजय रैदास पुत्र रामबाबू ने आठ जुलाई को सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसने बहन पुष्पा (26) की शादी गिरीश चन्द्र पुत्र राकेश निवासी मदऊखेड़ा सदर कोतवाली से की थी। अतरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करते थे। इससे ऊबकर उसकी बहन ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। शुक्रवार को दरोगा अरविंद गुप्ता ने फोर्स के साथ दबिश देकर गिरीश को गदनखेड़ा चौराहे के पास से पकड़ा। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# किसानों को बांटा 22.86 करोड़ का ऋण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर के विशाल कंटीनेंटल लान में बीओआई ने बैंक के राष्ट्रीय करण दिवस पर आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम के जरिए बैंक के कार्यपालक निदेशक राजीव मिश्रा की मौजूदगी में डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना द्वारा चयनित किसानों और स्वयं सहायता समूहों को 22.86 करोड़ रुपए के ऋण मंजूरी पत्र उपलब्ध कराए। डीएम ने कहा कि कृषि प्रधान देश के किसानों व स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान कर देश का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है।



चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत पत्र बांटते डीएम गौरांग राठी व अन्य।

इससे पहले बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि कार्यक्रम के जरिए 22.86 करोड़ रुपए के ऋण मंजूरी पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय आजीविका मिशन, कृषि वाहन, फूड एग्रो, मुर्गी पालन, बकरी पालन, पशु पालन, हार्वेस्टर, केसीसी, पीएमएफएमई व एआईएफ योजनाओं के 286 चयनित लाभार्थियों को लाभांवित किया जा रहा है। बैंक के कार्यपालक निदेशक, फील्ड महाप्रबंधक लखनऊ अमरेंद्र कुमार, कानपुर के आंचलिक प्रबंधक रणवीर सिंह ने बैंक की सेवाओं खासकर ऋण उपलब्ध कराने संबंधी उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा कि जुलाई माह को 'किसान माह' के रूप में मनाते हुए बैंक समाज के सभी जरूरतमंद वर्गों को ऋण उपलब्ध कराते हुए उन्हें समाज की अग्रणी पंक्ति में खड़ा कराने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में डीडीओ संजय पांडेय, मुकुल तिवारी, रियाजुल हसन, अशोक कुमार, अनूप गुप्ता, राम मोहन, पंकज सिंह, हिमांशु व राजेंद्र प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से अग्रणी बैंक ने चयनित लाभार्थियों सहित करीब 500 लोगों एक-एक पौधा भेंट किया। गमले लगे छाया व फलदार पौधे देते हुए इन्हें ग्रहण करने वालों को घरों या आसपास खाली भूमि पर रोपित करने का आग्रह किया गया।

**अभियान** — एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन, अधिकारियों ने पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारियां देखीं

# ट्रांस गंगा सिटी में उप मुख्यमंत्री आज करेंगे पौधरोपण

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी प्रांगण में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान 2024 के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम समर्पित कार्यक्रम का वन विभाग की ओर से आयोजन किया जा रहा है। जहां आज उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचेंगे और परिसर में पौध रोपण करेंगे। इसके लिये वन विभाग की ओर से शुक्रवार को तैयारियों का अंतिम रूप दिया गया।


कार्यक्रम की तैयारियों के चलते ट्रांस गंगा सिटी में मौजूद वन विभाग के अधिकारी।

शनिवार सुबह लगभग ग्यारह बजे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ट्रांस गंगा सिटी में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान 2024 के अंतर्गत एक पेड़ा मां के नाम समर्पित कार्यक्रम में पौध रोपण करेंगे। जहां वह दो हरीशंकरी, दो नवग्रह वाटिका में मां के नाम पौधा लगायेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद सभी विभाग के अधिकारी, छात्र व शिरकत करने वाले लोग भी पौध रोपण करेंगे। डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र सिंह और केपी वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री के पौध रोपण की तैयारियों को लेकर सुबह से ट्रांस गंगा सिटी में कार्य चल रहा था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, आज वृहद स्तर पर पौध रोपण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि यूपीसीडा के अधिकारी जिस जगह पौध रोपण के लिये तय करेंगे, उसी स्थान पर पौध रोपण होगा। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान पौध वितरण भंडारा भी कराया जायेगा। जहां पौधे बांटे जायेंगे और लोगों से अधिक से अधिक पौध रोपण करने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

## राजकीय महाविद्यालय में 421 पौधे रोपित करने की प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण शुरू किया गया है। जिमसें पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान तहत शुक्रवार को कालेज प्रांगण में 421 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। इसमें कालेज प्रबंधन के साथ छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता अरोड़ा ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना सभी का कर्तव्य है।


राजकीय महाविद्यालय में होता पौधरोपण। अमृत विचार

शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता अरोड़ा ने पौधा लगाकर की। इस दौरान आम, नीम, गुलमोहर, अमरूद व सागौन आदि के पौधे लगाए गए। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. आलोक अवस्थी, प्रो. हर्षेद्र प्रताप सिंह, नीलिमा, मनोज त्रिवेदी, राकेश तिवारी, आलोक रस्तोगी, कल्पना सिंह, रितेश सिंह, कमलेश यादव व रजनीकांत दीक्षित, प्रियदर्शन पांडेय व विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

## कानपुर-सागर हाईवे पर हुआ हादसा, 5 दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



हाईवे पर जलते ट्रक। अमृत विचार

- दोनों के खलासी हुए घायल, गंभीर हालत में कानपुर रेफर
- लगा रहा भीषण जाम, एक चालक की नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद दमकल की पांच गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान हाईवे पर भीषण जाम लगा रहा।

शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। भीषण टक्कर से दोनों ट्रकों में विस्फोट के साथ ही आग लग गई। दोनों के चालक और खलासी भीषण आग में फंस गए। हादसे के बाद मौके पर हाईवे पर जमा हुए लोगों ने जैसे-तैसे एक ट्रक के चालक और खलासी को बाहर निकाला। लेकिन कबरई से कानपुर जा रहे डंपर चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने घायल शिव वरदानी पुत्र शिवनाथ निवासी इटर्रा थाना घाटमपुर और नीरज पुत्र रामकिशोर पांडेय निवासी बिधनू कानपुर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से दोनों को कानपुर रेफर किया गया है। देर रात हादसे की सूचना पर सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से ट्रकों में लगी आग पर काबू पाया गया। जलकर मरे चालकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया है।

## किसान के बेटे का भाभा में हुआ चयन

**जालौन।** नगर के साधारण किसान परिवार के बेटे हर्ष शुक्ला का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है।

भवानीराम निवासी हर्ष शुक्ला पुत्र अंजनी कुमार शुक्ला ने अपनी लगन व मेहनत के दम पर यह उंचाई हासिल की है। हर्ष शुक्ला ने हाई स्कूल नगर के एमएल कॉन्वेंट स्कूल व इंटरमीडिएट महर्षि विद्या मंदिर उरई से उत्तीर्ण किया। इसके बाद वह आईईटी लखनऊ पहुंच गए। जहां से उन्होंने बीटेक किया। चौथे वर्ष में गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में आवेदन किया। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। जिसमें उनका चयन साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर हुआ। हर्ष ने सफलता का श्रेय अपने बाबा स्व. केशव प्रसाद शुक्ला को दिया।



हर्ष को मिठाई खिलाती दादी।

# एक्सप्रेस वे पर हादसों में दो लोगों की जान गई

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस वे पर हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में सात माह के बालक समेत दो की मौत हो गई। दोनों घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

पहली घटना में अयोध्या के थाना इनायतपुर गांव मिल्कीपुर निवासी भीमसेन (32) पुत्र बालकराम, कंचन (25) पत्नी धर्मेंद्र, कमलेश कुमारी (35) पत्नी बिद्राप्रसाद, धर्मेंद्र (30) पुत्र रामदुलारे कार से अपने घर से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए दिल्ली जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह जैसे ही वह तिर्वा कोतवाली के 191 किलोमीटर पर पहुंचे तो कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार पलटते ही चीखपुकार मच गई। यूपीडा कर्मियो ने घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

दूसरी घटना थाना ठठिया और कानपुरदेहात के थाना अरौल सीमा के पास हुई। संतकबीरनगर के थाना खलीलाबाद गांव नौरंगिया निवासी दीपक (28), रामकुमार (25) पुत्रगण रंगीलाल, राकेश (26) पुत्र साहबराम, शिल्पा (25) पत्नी रामकुमार, दिनेश (21) पुत्र काशीप्रसाद, सरैया (7 माह) पुत्र रामकुमार की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मी घायलो को मेडिकल कालेज ले आए। जहा डाक्टरो ने सात माह के सरैया व दीपक पुत्र रंगीलाल को मृत घोषित कर घायलों को भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि यह घटना ठठिया क्षेत्र की नहीं है। यह अरौल थाना सीमा में हुई थी।

### डीसीएम की टक्कर से हाईवे कर्मी की मौत

**जलालाबाद, कन्नौज।** ग्राम मूसरि निवासी गंगा राम जाटव का पुत्र श्याम सिंह जाटव (25) हाईवे पेट्रोलिंग में डयूटी करता था। प्रतिदिन की तरह वह गुरुवार की शाम भी घर से साइकिल पर सवार होकर हाईवे जाने के लिए निकला। तभी देर रात हाईवे स्थित क्वालिटी कोल्ड स्टोरेज के निकट डीसीएम के अज्ञात चालक ने तेज गति से चलाते हुए उसके टक्कर मार दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### पत्नी ने कर ली दूसरी शादी, पति बेखबर

**औंग।** थाना क्षेत्र के करचलपुर के रहने वाले विवेक सिंह पुत्र नारायण सिंह की शादी दो साल पहले चांदपुर के दपसौरा की रहने वाली आरती के साथ हुई थी। तीन महीने बाद भतीजी की शादी का बहाना बनाकर आरती मायके चली गई तब से नहीं आई। अचानक जब पत्नी की दूसरी शादी होने की बात पता चली तो वह हैरान रह गया। उसने पुलिस को दी तहरीर दी और अपनी पत्नी और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि पत्नी आरती ने अपनी पहली शादी को छिपाकर नौ महीने बाद नवम्बर 2022 को हंसपुरम नौबस्ता कानपुर नगर निवासी के साथ जनसेवा संस्थान कानपुर नगर से कर ली थी। जिसकी भनक पहले पति को करीब एक साल बाद लगी।

### महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म, चारों की हुई मृत्यु

**माधौगढ़ ,जालौन ।** ग्राम शहवाजपुर गोहन निवासी देवकी पत्नी रवि राजपूत गर्भवती थी, आज समय पूरा होने पर उसकी घर पर ही डिलीवरी हो गई। देवकी ने चार बच्चों को जन्म दिया जिसमें दो पुत्रिया एवं दो पुत्र शामिल थे। चार बच्चों के एक साथ गर्भ में रहने के कारण जन्मे सभी बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ्य नहीं थे। इस कारण डिलीवरी के कुछ समय बाद एक एक कर सभी नवजात शिशुओं की मृत्यु हो गई। डिलीवरी के बाद परिजनों ने जननी व नवजात शिशुओं को सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर कुलदीप राजपूत एवं महिला चिकित्सक डॉक्टर पूजा राजपूत ने उनका उपचार प्रारंभ किया लेकिन शिशुओं की हालत गंभीर होने के कारण महिला सहित उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया किंतु जिला अस्पताल उरई ले जाते समय रास्ते में सभी शिशुओं की एक एक कर मृत्यु हो गई।

### फर्जी दस्तावेजों से मकान हड़पने पर मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेजों को तैयार करके मकान हड़पने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वादी रामप्रकाश ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों भिखारीलाल, रामऔतार, वीरेंद्र वर्मा के द्वारा प्रार्थी के बिना जानकारी में मेरी फोटो लगाकर मेरे मकान नंबर 286 के कूटरचित दस्तावेज इकरारनामा तैयार किया है। इकरारनामे में प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं है और ना ही फोटो है। फर्जी दस्तावेज तैयार करके मकान हड़पने के मामले की जानकारी होने पर पहले कालपी कोतवाली में प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र दिया था, इसके बाद न्यायालय के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। सिविल जज जूनियर डिवीजन कालपी के आदेश पर कालपी कोतवाली पुलिस के द्वारा तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### मंत्री जी! लेखपाल ने मृत घोषित कर दिया, मै अभी जिंदा हूं

**महोबा।** शहर के मोहल्ला बड़ीहाट निवासी बुजुर्ग महिला कमला विश्वकर्मा (80) ने बताया कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल द्वारा कोरोना काल में उसे मृत होने की मन माफिक रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग को भेज दी गई थी, जिससे उसे सरकारी कागजों में मृत घोषित करते हुए दो वर्ष पूर्व वृद्धा पेंशन बंद कर दी गई थी। बताया कि वह लंबे समय से खुद के जिंदा होने का प्रमाण देने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटते काटते परेशान हो गई थी। वृद्धा ने राज्य मंत्री के महोबा अगमन पर उन्हें शिकायती पत्र देते हुए कहा कि मंत्री जी! लेखपाल ने मृत घोषित कर दिया जबकि मै अभी जिंदा हूं। जिस पर पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुत्र धर्मेंद्र के साथ आई वृद्धा से संबन्धित अधिकारी को तत्काल पेंशन बहाली के निर्देश दिए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर पुलिस ने ब्राह्मणतारा मजरे लमहेटा निवासी भूपेन्द्र कुमार पुत्र अरुण निषाद के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### मुठभेड़ के बाद दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र में 4 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। दोनों तरफ से हुई गोली बारी में आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी मोहम्मदाबाद की टीम एवं एसओजी टीम को सूचना मिली की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी ट्रेन से आ रहा है। तभी टीम ने स्टेशन चेक करने शुरू किए। इस दौरान पखना स्टेशन में शिकोहाबाद से फर्रुखाबाद ट्रेन जाने के बाद एक व्यक्ति पीछे की तरफ झाड़ियों में बने रास्ते से जाने लगा। पुलिस ने उसे रोका तो उसने पलट कर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने भी फायर किया। जिसमें उसके बाएं पैर में गोली लगी है। बाद में उससे उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम डब्ल्यू पुत्र राम लड़ेते निवासी गांव वीरपुर खास थाना बेवर जनपद मैनपुरी, हाल पता दया नगला थाना मोहम्मदाबाद बताया। आरोपी से बच्ची की एक जोड़ी पाजेब एवं एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

### स्कूल में छात्रा ने खाया जहर, हालत गंभीर

**फतेहपुर।** घर पर छोटे भाई से मारपीट करने पर मां ने बेटी को डांट दिया। इसके बाद स्कूल पढ़ने गई छात्रा ने स्कूल के अंदर जहर खा लिया। छात्रा के मुंह से झाग निकलते हुए अन्य छात्राओं ने देखा तो टीचर को जानकारी दी। स्कूल के प्रबंधक ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के नाहरखोर गांव के रहने वाले राम प्यारे की 18 साल की बेटी गांव में ही एक स्कूल में पढ़ाई करती है। सुबह स्कूल जाते समय मां ने डांट दिया। इसके बाद घर से स्कूल पहुंची छात्रा ने क्लास के अंदर जहर खा लिया। पास बैठी सहेली ने मुंह से झाग निकलते हुए देखा तो टीचर को जानकारी दी। स्कूल प्रबंधक ने छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### स्कूल से छात्र को अगवा किया, मारपीट कर छोड़ा

**कन्नौज।** बाइक सवार युवक तिर्वा क्षेत्र के एक इंटर कालेज के बाहर खड़े छात्र को तमंचे के बल पर बाइक पर बैठा ले गए। एक बाग में ले गए और तमंचे की बट से सिर पर हमला कर दिया। छात्र के गले में पड़ी सोने की चेन भी छीन ले गए। आरोप है कि 15 लाख रुपये की मांग कर छात्र को घायल अवस्था में छोड़ कर फरार हो गए। पीड़ित छात्र के पिता ने तिर्वा कोतवाली में मामले को लेकर नामजद तहरीर दी है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ला निवासी मयंक कुमार ने बताया कि पुत्र कपिल कुमार कस्बा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर में कक्षा 11 का छात्र है। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह छुट्टी के बाद जैसे ही स्कूल गेट से निकला बाइक सवार युवकों ने उसे तमंचे के बल पर बाइक पर बैठा लिया। घटना देख वहां मौजूद अभिभावकों ने पीछा किया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार में बाइक भगाकर ले गए। पुत्र को बाग में ले जाकर उसके साथ मारपीट कर सोने की चेन छीन ली और जाते समय 15 लाख भिजवाने की धमकी दी। आरोपियों ने तमंचे की बट से पुत्र के सिर पर वार किया जिससे गंभीर चोट आई।

## मिर्गी का दौरा आने से किशोर की कुएं में गिरकर मौत

**बकेवर।** लखना में प्राचीन कुएं में झांकने के दौरान मिर्गी का दौरा आने से किशोर की उसमें गिर जाने से मौत हो गई। लखना के आदर्श नगर में रहने वाले राजेश कुमार पाल ने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटा सौरभ पाल उर्फ कल्लू गुरुवार को बकरी चराने ले गया था कि तभी उसे प्यास लगी। वह बंदर वाली बगिया में बने कुएं पर पानी पीने के लिए गया, उसी समय मिर्गी दौरा आने से कुएं में जा गिरा। बगिया में खेल रहे अन्य बच्चों ने सूचना उसके घर आकर परिजनों को दी। काफी लोग मौके पर पहुंचे, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ला के लोगों की मदद से कुएं में गिरे किशोर को कुएं से बाहर निकलवाकर अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनो में हाहाकार मच गया।

# 40 रुपये की दाल को लेकर वृद्ध को पीटकर मार डाला

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक वृद्ध को गांव के ही एक दबंग युवक से बाजार से दाल मंगाना महंगा पड़ गया। शाम तक दाल न पहुंचने पर वृद्ध ने जब उसके घर गया तो दबंग और उसके भाइयों ने वृद्ध के सिर पर डंडा मार दिया जिससे वह बेहोश हो गया। ग्रामीण एंबुलेंस से उसे 100 शैय्या अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। मृतक के पुत्र ने हत्या की तहरीर दी है।



रामसेवक।

गांव रोशनपुर निवासी 65 वर्षीय राम सेवक घर पर अकेला रहता था। पत्नी की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उसके चार पुत्र हैं जो गुरुग्राम में मजदूरी करते हैं। गुरुवार शाम गांव का ही उसका पड़ोसी विनोद कुमार पुत्र अहवरन सिंह फफूंद जा रहा था। रामसेवक ने उसे 40 रुपए देकर बाजार से दाल लाने की कहा। देर शाम तक दाल न आने पर रामसेवक उसके घर पहुंच गया तो देखा कि वह शराब पिए पड़ा है। उसने दाल मांगी तो विनोद और उसका भाई रेनू और आदेश कुमार ने वृद्ध को लात घूंसो से मारने लगे। मारपीट के दौरान ही विनोद ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वृद्ध बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। मारपीट के बाद भीड़ को आता देख आरोपी भाग निकले। ग्रामीण उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की भाभी वृद्धा राम बेटी ने बताया कि दबंगों की मारपीट से देवर को बचाने के लिए वह पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

# जमीन के विवाद में चाचा ने की भतीजे की गोली मार कर हत्या

संवाददाता बसरेहर, इटावा

- पुलिस ने 4 लोगों को लिया हिरासत में, पूछताछ जारी

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के मूंज रम्पुरा गांव में खेत पर जा रहे किसान की उसके चाचा ने जमीन के विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी । योजनाबद्ध तरीके से 4 आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। हत्या के बाद हमलावर अपनी बाइक व ट्रैक्टर घटनास्थल पर छोड़कर भाग निकले। घटना से गांव में दहशत और परिवार में कोहराम मच गया। घटना के पीछे जमीन का विवाद कारण बताया जा रहा है।



राजवीर सिंह।

मूंज रम्पुरा के रहने वाले 30 साल के राजवीर सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह शुक्रवार की दोपहर दो बजे अपने घर से खेत पर जा रहे थे। रास्ते में पहले से बाइक व ट्रैक्टर लेकर खड़े गांव के ही चार लोग उनका इंतजार कर रहे थे। राजवीर सिंह जैसे ही गांव से एक किमी दूर बंबा की पटरी पर होकर दर्शन के खेत के सामने पहुंचा, तभी इन लोगों ने घेर लिया और उसके साथ गालीगलौज करने लगे। राजवीर ने विरोध किया तो इन लोगों ने उसके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। राजवीर सिंह को दो गोली लगी और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास खेतों पर मौजूद गांव के लोग दौड़ पड़े। लोगों को आता देखकर हमलावर अपनी बाइक व ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकले। परिजनों में घटना की जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया। कुछ ही देर में चौबिया थाना प्रभारी बेचन सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और छानबीन की। सूचना मिलने पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होने परिजनों व गांव वालों से घटना के बाबत जानकारी ली।

### लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर की गई हत्या

एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि चौबिया क्षेत्र में खेत पर जाते समय किसान की उसके चाचा द्वारा लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। हत्या के पीछे जमीन का विवाद बताया गया है। घटना में चार लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# पुलिस पर पथराव व जाम में 215 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईवे कट पर कार की टक्कर से किशोर की हो गई थी मौत

**अमृत विचार।** कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर करनपुर हाईवे कट पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे के बाद हुए बवाल और पुलिस पर हमला करने के मामले में 15 नामजद व 200 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कानपुर-गाजियाबाद ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर करनपुर हाईवे कट पर गुरुवार को अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। इससे स्कूटी सवार तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के नौरंगपुर नगरिया गांव निवासी 17 वर्षीय विवेक कुमार पुत्र जवाहरलाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। विवेक के मामा मनीष कुमार घायल हो गए थे। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया था। जाम खुलवाने में पुलिस से ग्रामीणों की झड़प भी हुई। ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में 215 ग्रामीणों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पाल चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम ने बताया कि गुरुवार को सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे थे। कार चालक व कार सवार लोगों हिरासत में लिया जा रहा था, तभी मौजूद ग्रामीणों ने हिरासत में लिए लोगों को छुड़ाते हुए मृतक के शव को हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया।

## कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के शिवपुर मजरे रामपुर गांव निवासी कोमल सिंह लोधी का पुत्र सतीश लोधी शुक्रवार सुबह अपने साथियों के साथ खेलते-खेलते गांव से पांच सौ मीटर दूर पहुंच गया। वहीं आस-पास के खेतों में परिवार सहित अन्य लोग काम कर रहे थे। इसी दौरान बच्चा कुएं में गिर गया। परिजनों ने बच्चे को बाहर निकाला और तत्काल उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बंदी ने हाथ की नसें काटी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ के सेशन हवालात में न्यायालय पेशी पर आए बंदी ने अपने हाथ की नसें काट ली। जिससे सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों में हड़कम्प मच गया। आननफानन में उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कादरी गेट थाने के पांचालघाट निवासी राजा (30) पुत्र हरिश्चंद्र इस समय जिला जेल फतेहगढ़ में न्यायिक अभिरक्षा में बन्द है। जिला जेल से शुक्रवार को कचहरी फतेहगढ़ में पेशी पर आया था। न्यायालय में पेश करने के लिए उसे सेशन हवालात में रखा गया। इस दौरान उसने अपने हाथ की नसें काट ली। गंभीर अवस्था में पुलिस कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया हैं। जहां पर उसका उपचार जारी है।

फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि कोर्ट में पेशी पर राजा को लाया गया था। तभी सेशन हवालात में राजा ने धारदार हथियार से अपने हाथ की नसें काट ली हैं। उसे भर्ती करवाया गया है।

**आक्रोश** सिठौरा क्षेत्र के 50 गांवों की 15 दिनों से बिजली गुल, व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी

# बिजली संकट से परेशान उपभोक्ताओं ने पावर हाउस घेरा, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों बिजली की गंभीर समस्या बनीं हुई है। क्षेत्र के कई गांव बिजली संकट से जूझ रहे हैं। समस्या के चलते उपभोक्ता प्रदर्शन कर रहे हैं। हथगाम के सिठौरा क्षेत्र के 50 गांवों में विद्युत आपूर्ति पिछले 15 दिनों से बाधित होने से नाराज भाकियू टिकैत गुट के किसानों ने पावर हाउस का घेराव करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। लगातार तीन दिन से धरने पर बैठे किसानों को पुलिस उपाधीक्षक ने आश्वासन दिया कि 20 जुलाई तक समस्या का समाधान हो जाएगा।

जिस पर भाकियू टिकैत गुटका धरना समाप्त कर दिया। हथगाम पावर हाउस परिसर में बिजली समस्या को लेकर बीते मंगलवार से धरने पर बैठे भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं से मिलकर एक्सईएन आरके मिश्रा, एसडीओ वीर बहादुर सिंह, ने उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें 20 जुलाई तक विद्युत समस्या सही होने का आश्वासन दिया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह ने सीओ थरियांव अरुण कुमार राय को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र बिजली का निस्तारण करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि 20 जुलाई तक विद्युत आपूर्ति सही ना हुई तो जिले के सभी सड़कों पर चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।



पावर हाउस का घेराव करते भाकियू कार्यकर्ता। अमृत विचार



धाता उपकेंद्र में विरोध प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार

## उपकेंद्र में भी उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, धाता

**अमृत विचार।** बिजली उपकेंद्र धाता में अघोषित बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण नाराज बिजली उपभोक्ताओं ने बिजली उपकेंद्र में नारेबाजी करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। बताया गया कि इस समय धान की बुवाई का समय चल रहा है, वहीं बारिश भी नहीं हो रही है। जिससे किसान खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर ही निर्भर हैं। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। पहली बात तो बिजली नहीं रहती और अगर आई भी तो कम वोल्टेज रहता है। इससे सबमर्सिबल पंप चल ही नहीं सकता है। वहीं लगभग एक लाख आबादी वाले क्षेत्र में विकराल गर्मी से आम जनमानस बहुत परेशान है। इस विकराल गर्मी में सिर्फ बिजली के उपकरण ही राहत पहुंचा रहे हैं। वोल्टेज कम होने से पंखे व कूलर रेंग रेंग कर चलते हैं। विद्युत उप केंद्र में अवर अभियंता चंद्रमा प्रसाद यादव के आश्वासन के बाद प्रदर्शन कर रहे लोग शांत हुए। इस मौके पर चौ. चंदन सिंह, नितिन सिंह, रामप्रिय पांडेय, मारकंडेय आदि मौजूद रहे।

### टिकैत दल का धरना जारी

**खागा फतेहपुर।** अघोषित बिजली कटौती को लेकर बीते दो दिन से खखरेरु कनपुरवा पावर हाउस में अनिश्चितकालीन धरना में बैठे किसान यूनियन टिकैत दल के साथ किसान शुक्रवार को भी अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। किसानों को मनाने के लिए मौके पर पहुंचे एसडीओ संजय कुमार व जेई किशनपुर अमित कुमार तथा जेई कनपुरवा आदित्य कुमार त्रिपाठी पहुंचे फिर भी किसानों की समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया। दल के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से कहा जब तक किसानों की समस्या का हल नहीं होगा तब तक हमारे बीच से आप नहीं जाएंगे। नगर के दरियामऊ में 2 साल से समस्या बनी हुई है। किसानों के बीच सबसे बड़ा मुद्दा कोट फीडर का रहा। इस फीडर में बीते कई वर्षों से बिजली की किल्लत रहीं है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, सचिव राम शरण पटेल, देवी दयाल निषाद, राम भजन, अलोक अग्रहरी व क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# वजनी लोहा गिरा, रीढ़ की हड्डी टूटी, श्रमिक की मौत

संवाददाता फफूंद औरैया

- गेल में काम करा रही कंपनी पर इलाज न कराने का आरोप

**अमृत विचार।** गेल पाता की एक कंपनी में हेल्परी का काम करने वाले एक श्रमिक पर कार्य के दौरान ऊपर से लोहा गिर गया,जिससे श्रमिक की रीढ़ की हड्डी टूटने से वह गंभीर घायल हो गया था। शुक्रवार को श्रमिक की मौत हो गई। परिजनों ने कंपनी पर इलाज न कराने का आरोप लगाया परिजनों की मांग पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव बेहारी निवासी 50 वर्षीय सतेंद्र कुमार गेल पाता में इंडस्ट्रियल क्वालिटी इंजीनियरिंग में हेल्परी का कार्य करता था। छोटे भाई राघवेंद्र ने बताया की 5 जुलाई 2023 को उसके भाई कंपनी में ड्यूटी कर रहे थे तभी ऊपर स्ट्रक्चर से भाई के ऊपर बजनी लोहा गिर गया जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और वह गंभीर घायल हो गए। कंपनी ने उनके पूरे इलाज का भरोसा दिया और अस्पताल ले गए जहां एक महीने इलाज चलता रहा।बताया की कंपनी के घर पर भी इलाज कराने की कहने पर वह भाई को घर ले आए जहां दो तीन माह इलाज कराया उसके बाद इलाज कराने से हांथ खड़े कर दिए।जिसकी शिकायत उसने गेल प्रशासन और कंपनी के बड़े अधिकारियों से भी की लेकिन कोई सुनवाई नही हुई मजबूरी वश परिजन इलाज कराते रहे। पैसे के अभाव में सही इलाज न मिलने से शुक्रवार सुबह भाई की मौत हो गई,भाई की मांग पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के परिजनों और पत्नी पूजा का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक की दो पुत्रियां रूही 7 वर्ष,अवनी 6 वर्ष और एक पुत्र देव 2 वर्ष है। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रीति कुमारी पति आनंद कुमार के साथ मृतक के घर पहुंची और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# चौथे रेल यात्री का शव बरामद, ट्रैक से हटाईं बोगियां

## रेलवे के अफसर घटनास्थल पर मौजूद, 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक मेंटेनेंस का काम

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार।** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और उनके निगरानी में ट्रैक मरम्मत का काम चल रहा है। वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक यात्री की शिनाख्त में जुटी हुई है। रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। रेलवे के आला अफसर घटनास्थल पर मौजूद हैं और मरम्मत कार्य की निगरानी कर रहे हैं।


ट्रैक की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

### परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रहीं ट्रेनें

- मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ जं. से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 12532 लखनऊ जं.-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। लालगढ़ से 18 जुलाई, 2024 को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 19 जुलाई, 2024 को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या धाम-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी।

चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। 10 यात्रियों की हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। चार यात्री जिले के मेडिकल कालेज में भर्ती कराए गए हैं जबकि चार यात्रियों को शहर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो यात्रियों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उन्हे लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे के बाद पुलिस प्रशासन व रेलवे विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी रात रेस्क्यू अभियान चलता रहा। ट्रैक पर फंसी बोगियों को हटाने को लिए 15 जेसीबी मशीनों को बुलाया गया था। रात भर जेसीबी से बोगियों को ट्रैक से हटाकर किनारे किया जाता रहा। ट्रैक खाली होने के बाद टूटी पटरियों के मरम्मत का काम शुरू हुआ। ट्रैक मरम्मत के लिए करीब 8 सौ रेल कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर, आरपीएफ आईजी तारिक अनवर, कमाडेंट चन्द्र मोहन मिश्र, डीआरएम आदित्य कुमार, अधीक्षण अभियंता मुख्यालय गोरखपुर आईआरएस अखिलेश त्रिपाठी, पीसीई रंजन यादव व पीसीएमयू मनोज अग्रवाल की देखरेख में ट्रैक मरम्मत का काम चल रहा है। जीएम सौम्या माथुर ने बताया कि कोशिश की जा रही है कि ट्रैक मरम्मत को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए ताकि इस रूट को बहाल किया जा सके। उन्होंने दावा किया कि देर शाम तक ट्रैक पर आवागमन बहाल कर दिया जायेगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि घटना स्थल पर रेस्टोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। 800 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी रेस्टोरेशन कार्य कर रहे है। इसके फलस्वरूप अप लाइन को डीजल फिट दिया गया है। रिलीफ मैटेरियल के आवागमन तथा डाउन लाइन पर रेस्टोरेशन कार्य के लिए इस लाइन का ब्लाक लिया गया।

### घायलों को मिली 50-50 हजार रुपये की नकद सहायता

**गोंडा।** बृहस्पतिवार को रेल हादसे में घायल हुए 8 यात्रियों को रेलवे की तरफ से 50-50 हजार रुपये की नकद सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। असम को रहने वाले घायल यात्री नूर मोहम्मद, बिहार के सौगात अंसारी व शंभू कुमार ने अमृत विचार को सहायता धनराशि दिखाई। नूर मोहम्मद ने बताया कि मैं अंबाला से असम जा रहा था। रास्ते में ट्रेन धीमे-धीमे जा रही थी। जैसे ही ट्रेन की रफ्तार तेज हुई वैसे ही ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। हादसे में नूर मोहम्मद का दाहिना टूट गया है और शरीर में चोटें आई है। बिहार के रहने वाले शंभू कुमार ने कहा कि उसका भी पैर टूट गया है। रेलवे विभाग के अधिकारियों ने उसे 50 हजार की सहायता उपलब्ध कराई है। बिहार के ही रहने वाले सौगात अंसारी ने बताया उसकी भी पैर टूट गया है। उसे भी 50 हजार की सहायता रेलवे विभाग ने उपलब्ध कराया है। देवरिया के रहने वाले राम इकबाल ने बताया कि मुझे शरीर में कई जगह हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। कहीं हाथ पैर नहीं टूटा है। मुझे भी 50 हजार रुपये की सहायता रेलवे विभाग के अधिकारी ने उपलब्ध कराए हैं।

# बदले हुए मार्ग से चलेंगी आधा दर्जन ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारी बारिश के चलते आ रही है समस्या

**अमृत विचार।** मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत जं-मैलानी जं के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर जं-पीलीभीत जं-बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुनः परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ -कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

उत्तर रेलवे की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि लखनऊ मंडल से गुजरने वाली जो ट्रेनें प्रभावित होंगी, उनमें ट्रेन (नंबर-15529) सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल जन साधारण एक्सप्रेस 24 से 31 जुलाई तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15530) आनंद विहार टर्मिनल-सहरसा जन साधारण एक्सप्रेस 25 जुलाई से एक अगस्त तक गाजियाबाद जं- कानपुर सेंट्रल-लखनऊ- बाराबंकी जं- बुढ़वल जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15621) कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 25 जुलाई से 1 अगस्त तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ -कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते, ट्रेन (नंबर 15622) आनन्द विहार टर्मिनल-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस 27 जुलाई से 3 अगस्त तक गाजियाबाद जं-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी जं-बुढ़वल जं. के रास्ते, ट्रेन चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 21, 23, 25, 28, 30 जुलाई, 1 व 4 अगस्त तक बुढ़वल जं-बाराबंकी जं-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं. के रास्ते और ट्रेन चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 22, 24, 27, 29, 31 जुलाई और 3 अगस्त तक गाजियाबाद जं- कानपुर सेंट्रल- लखनऊ- बाराबंकी जं- बुढ़वल जं. के रास्ते चलाई जाएंगी।

# करगैना चौकी इंचार्ज 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

**अमृत विचार।** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना कोतवाली क्षेत्र के जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श कुमार और उसके मामा विजय पाठक हत्या की कोशिश के मामले जेल गए थे। आदर्श जमानत पर बाहर आ गया। उसका मामा ठेकेदारी करता था। चौकी इंचार्ज ने आदर्श से उसके मामा का मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दो किस्त में रुपये देना तय हुआ। आदर्श ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से इसकी शिकायत की। आदर्श शुक्रवार को चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल के पास 50 हजार रुपये लेकर करगैना चौकी पहुंचे।

> मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत ले रहे करगैना चौकी इंचार्ज को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
>
> -यशपाल सिंह
> सीओ, भ्रष्टाचार निवारण संगठन

# रेल संरक्षा आयुक्त 21 से शुरू करेंगे रेल हादसे की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब तक तैयार की गई रिपोर्ट का करेंगे परीक्षण, अधिकारियों कर्मचारियों से होगी पूछताछ

**अमृत विचार।** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे। रेल संरक्षा आयुक्त घटना स्थल का निरीक्षण करेंगे और उसके बाद अशोक मार्ग स्थित डीआरएम कार्यालय में हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटायेंगे और उनकी पड़ताल करेंगे।

हादसे के बाद रेलवे ने अब तक जो भी रिपोर्ट तैयार की है, रेल संरक्षा आयुक्त उस संयुक्त रिपोर्ट को भी देखेंगे। साथ ही इस घटना से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किये जायेंगे। बताते चले कि इसी माह की शुरुआत में रेल संरक्षा आयुक्त ने उन्होंने गोंडा-कचहरी करनैलगंज का निरीक्षण किया था। चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण अब तक पटरी की बकलिंग की समस्या बताई जा रही है। अधिक गर्मी के कारण पटरियां फैलने लगती है जिसे बकलिंग कहते हैं। जानकारी के अनुसार कीमैन स्नेह ने चार दिन पूर्व ही बकलिंग की जानकारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर और सहायक अभियंता को दी थी। बकलिंग होने पर पटरी के ज्वाइंट खोल कर उसे डिस्ट्रेस किया जाना चाहिए। सूचना होने के बाद भी पटरी के ज्वाइंट को खोलकर उसे डिस्ट्रेस नहीं किया। डिस्ट्रेस करने के लिए पटरी को खोला जाता है और बढ़े हुए हिस्से को काटने के बाद उसे कुछ देर के लिए छोड़ दिया जाता है।

### रात तक डाउन लाइन भी हो जायेगी फिट

- रेलवे ने दुर्घटना स्थल पर 22 घंटे बाद 450 मीटर नई लाइन बिछाये जाने का काम पूरा कर लिया है। शुक्रवार को गोरखपुर से लखनऊ के बीच अप लाइन को फिट करने का काम पूरा कर लिया गया। इसके बाद इस सेक्शन से शाम 5:09 बजे पहली मालगाड़ी रवाना की गई। बाद में काशन लगाकर गोरखधाम एक्सप्रेस को लखनऊ रवाना किया गया।

# बरौनी जं. साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुम्बई आवागमन करने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने 22 जुलाई से छह फेरों के लिए मुंबई सेंट्रल-बरौनी जं. वाया लखनऊ एक स्पेशल ट्रेन (09145/09146) मुंबई सेंट्रल-बरौनी जं. साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को सफर में खासी राहत मिलेगी।

ट्रेन (नंबर 09145) मुंबई सेंट्रल से 22, 29 जुलाई, 05, 12, 19, व 26 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार सुबह 10:30 बजे प्रस्थान करेगी जो बोरीवली, वापी, सूरत, भरुच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., उज्जैन जं., दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., कानपुर सेंट्रल होते हुए लखनऊ दोपहर 2:20 बजे पहुंचकर पांच मिनट के ठहराव के बाद गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., तीसरे दिन हाजीपुर जं., मुजफ़्फरपुर जं., समस्तीपुर जं. होकर बरौनी तड़के 4 बजे पहुंचेगी। वापसी में (09146) बरौनी जं. से 25 जुलाई, 1, 8, 15, 22 व 29 अगस्त तक प्रत्यके गुरुवार बरौनी जं. से देर रात्रि 1 बजे रवाना होगी, जो लखनऊ शाम 4 बजे तथा मुंबई सेंट्रल शुक्रवार शाम 6:40 बजे पहुंचेगी।




# अखिलेश धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप से बाज आएं: शहाबुद्दीन

**बरेली।** मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखने का आदेश जारी किया है। इस पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर और सहारनपुर हमेशा से संवेदनशील रहा है। जिन रास्तों से कावड़ यात्रा निकलेगी, उन इलाकों के दुकानदारों से कहा गया है कि वे दुकान के आगे अपने नाम का बोर्ड लगाएं। यह आदेश सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए है, ताकि कहीं भी दोनों समुदायों के बीच टकराव की स्थिति पैदा न हो, लेकिन सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस धार्मिक कार्यक्रम को भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया है।

# कोहरे के आगोश में नैनीताल

**नैनीताल।** मानसून सीजन अपनी चरम सीमा पर है, लेकिन बीते 10 दिनों से नगर में तेज बारिश रुकी हुई है। हालांकि हर रोज बूंदाबांदी के बाद दिनभर नगर में कोहरा छाया रहता है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है तो वहीं मौसम भी काफी खुशनुमा हो चुका है, जिसके चलते सैलानी भी मानसून का भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं।

मानसून सीजन शुरू होते ही जुलाई में पर्यटन सीजन भी समाप्त हो चुका है, हालांकि मानसून का लुत्फ उठाने और भीड़भाड़ पसंद नहीं करने वाले लोग अब भी नैनीताल का रुख कर रहे हैं। बीते 10 दिनों से तेज बारिश पर लगे विराम के बाद शुक्रवार को काफी संख्या में सैलानी मानसून सीजन का लुत्फ उठाने सरोवर नगरी पहुंचे। इस दौरान पर्यटकों ने रिमझिम बारिश और कोहरे के बीच विश्व विख्यात नैनी झील में नौकायन किया तो वहीं बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी और रोपवे की सवारी कर स्नो व्यू क्षेत्र से मानसून के दौरान अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया तो वहीं मशहूर पंत पार्क फड़ बाजार, भोटिया मार्केट व माल रोड से जमकर खरीदारी भी की। सैलानियों की बड़ी आमद के चलते वोट चालक, टैक्सी चालक, फड़ व्यापारी सहित होटल कारोबारियों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई। शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 18 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया।


कोहरे के बीच रोपवे की सवारी करते पर्यटक। अमृत विचार


कोहरे के बीच बाजार में घूमते पर्यटक। अमृत विचार

# सऊदी कमाने गए युवक की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रौजागांव, अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र के रानीमऊ भट्ठी निवासी पप्पू पुत्र इद्रीश का कहना है कि उनके बेटे रोजी-रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में हैं। बड़ा बेटा मो. शरीफ लगभग ढाई साल से वहां काम कर रहा है और उसने तीन माह पूर्व छोटे बेटे मो. जफर को भी बुला लिया था। ईद का त्यौहार मनाने के बाद मो. जफर सऊदी अरब गया था। 16 जुलाई की सुबह मो. जफर ने अपनी मां से वीडियो कॉलिंग की थी। उसी दिन रात में मो. जफर के मालिक तालिब बिन मसफर बिन हजली हल हम दी अलसबी सऊदी अरब ने उसके बड़े भाई मो. शरीफ को फोनकर बताया कि तुम्हारे भाई मो. जफर ने फांसी लगी ली है। मामले की जानकारी पर लगभग 400 किमी दूर रहकर काम करने वाला मो. शरीफ सऊदी अरब के अलहसा, अल हूकूब सलमानिया पहुंचा और अस्पताल में छोटे भाई के शव को देखा।

# अस्पतालों का चक्कर लगाते चली गई बच्चे की जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हमीरपुर के बच्चे को हैलट और केजीएमयू में नहीं मिल पाया पीडियाट्रिक वेंटीलेटर
- लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उखड़ने लगीं थीं सांसें

**अमृत विचार।** प्रदेश के अस्पतालों में लचर व्यवस्था और जरूरी इंतजाम न होने से बच्चे को अस्पताल दर अस्पताल रेफर किया जाता रहा। हमीरपुर जिला अस्पताल से कानपुर के हैलट, केजीएमयू ट्रामा होते हुए बलरामपुर अस्पताल पहुंचते-पहुंचते 10 घंटे से अधिक समय लग गया। बलरामपुर अस्पताल के पीडियाट्रिक वेंटीलेटर पर पहुंचते-पहुंचते इतनी देर हो गई कि बच्चे की सांसें थम गईं। पिता ने बच्चे की मौत के लिए सरकारी सिस्टम की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है।

हमीरपुर जिले के पचकुरा गांव निवासी रजत कुमार का 10 महीने का बेटा तीन दिन से जुखाम-बुखार से पीड़ित था। रजत ने बताया शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे बच्चे को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उसे हमीरपुर जिला अस्पताल ले गए, जहां से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैलट इमरजेंसी में बच्चे का इलाज शुरू किया गया लेकिन पीडियाट्रिक वेंटीलेटर खाली न होने से डॉक्टर ने केजीएमयू ट्रॉमा रेफर कर दिया। पिता बच्चे को लेकर केजीएमयू ट्रॉमा के बाल रोग विभाग पहुंचा। यहां डॉक्टर ने हालत बेहद नाजुक बताकर वेंटीलेटर सपोर्ट की जरूरत बताई। ट्रामा में पीडियाट्रिक वेंटीलेटर खाली न होने के कारण बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन दोपहर करीब डेढ़ बजे बच्चे को लेकर बलरामपुर इमरजेंसी पहुंचे, वहां भर्ती कर डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। बच्चे को वेंटीलेटर पर शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी, इसी बीच बच्चे ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने काफी देर तक सीपीआर किया, लेकिन बच्चे की सांस नहीं लौटी। परिजन ने दूसरे संस्थानों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की बात कही है।

बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि बच्चे की हालत बहुत गंभीर थी। डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।


रोते-बिलखते माता-पिता। अमृत विचार

### बंथरा इलाके में जाम में फंसी रही एंबुलेंस

- परिजनों का कहना था कि मासूम की सांसें उखड़ रही थी। एंबुलेंस में पिता एम्बुबैग के सहारे उसे सांसे देने की कोशिश कर रहा था। कानपुर रोड स्थित बंथरा के पास एम्बुलेंस करीब आधे घंटे से अधिक समय तक जाम में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद बाहर निकल सके।

मंदिर निर्माण | अब तक 40 प्रतिशत निर्माण हुआ पूरा, 2000 से अधिक मजदूर लगाए गए

# 8 माह में बनेगा आयताकार परकोटा वाला राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** राम मंदिर की सुरक्षा में बन रहे आयातकार परकोटे का निर्माण कार्य लगभग 40 प्रतिशत अब तक पूरा हो गया है। यह कार्य अगले 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 2000 से अधिक मजदूर लगाए गए है जो तीन अलग अलग शिफ्ट में कार्य कर रहे है।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तेज गति से चल रहा है। आगामी दिसंबर तक मंदिर के शिखर तक का कार्य पूरा हो जायेगा। वहीं मंदिर की सुरक्षा के साथ उसकी भव्यता को बढ़ा रही 800 मीटर लम्बे परकोटे का निर्माण भी मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ मंदिर परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का निर्माण शुरू हो गया है। उन्हें भी पत्थरों से ही तैयार किया जा रहा है।



### भूतल पर है रामलला का सिंहासन : चंपत राय

- श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामलला का सिंहसान मंदिर के भूतल पर है। उसके प्रथम तल पर भगवान राम, माता जानकी अपने तीनों भाइयों और हनुमान जी के साथ विराजित होंगे। मंदिर के चारों ओर परकोटा बनेगा। उसके चार कोने होंगे जो कि आयतकार है। जिसके चारों अलग अलग कोने पर सूर्य, गणपति, भगवती और शंकर के पंचायतान मंदिर बनेंगे। आयताकार में दो तरफ की भुजायें लम्बी होती है। इन भुजाओं में हनुमान जी और दूसरी भुजा में माता अन्नपूर्णना देवी का मंदिर होगा। इसके अलावा राम मंदिर के निकट शेषवतार के रूप में लक्ष्मण का मंदिर बन रहा है। महर्षि बाल्मीकि, विश्वामित्र, गुरु वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य इसके अलावा निषाद, शबरी, अहिल्या और रामायण को समाज के बीच पहुंचाने वाले गोस्वामी तुलसीदास का भी मंदिर बनेगा।



# कनक भवन क्षेत्र में बंद कराईं दुकानें

**अयोध्या।** जिले में डेरा डाले एनएसजी ने आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार रात पूर्वाभ्यास किया। इससे पहले पुलिस ने सात बजे हनुमानगढ़ी और कनक भवन क्षेत्र में प्रसाद समेत अन्य दुकानों को बंद कर दिया। थाना प्रभारी राम जन्मभूमि देवेंद्र पांडे दुकानों को बंद करने व जगह खाली करने का अलाउंस करते रहे और आधे घंटे में ही दुकानों का शटर गिर गये। लोग कौतूहल वश एक दूसरे से माजरा जानने और समझने की कोशिश में जुटे रहे। पुलिस ने हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं को सुबह आकर दर्शन की हिदायत देकर हटाया, शुक्रवार देर रात खबर लिखे जाने तक पूर्वाभ्यास जारी था।

# अभी तक शाही स्नान की तिथियां तय नहीं हुई : श्रीमहंत मुरलीदास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत हरिद्वार पट्टी के महत्व मुरली दास के नियुक्त किए जाने को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया है प्रयागराज में कुंभ मेले की व्यवस्था को लेकर आवश्यक बैठक के दौरान पूर्व महंत धर्मदास ने कार्यकाल पूरा होने पर महंत मुरली दास को श्री महंत के पद पर नियुक्ति होने की बधाई दी। वहीं इस बैठक में अनी अखाड़ा के महासचिव के रूप में सत्यदेव दास और नंदराम दास नवनियुक्त हुए। शुक्रवार को यहां पहुंचे श्री महंत और महासचिव का हनुमानगढ़ी पर संतों ने स्वागत किया गया। निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरलीदास ने कुंभ मेला की बैठक में शामिल होने के बाद अयोध्या लौटने पर हनुमानगढ़ी स्थित महंत ज्ञानदास के आश्रम में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में छह करोड़ भक्त स्नान करने की संभावना है। अभी तक शाही स्नान की तिथियां तय नहीं हुई हैं। कहा प्रयागराज स्थित निर्वाणी अखाड़ा का गंगा भवन जल्द ही यह 100 कमरों का होगा। वहीं नासिक, हरिद्वार, उज्जैन कुंभ मेला क्षेत्र में भी अखाड़ा भवन बनाए जाएंगे।


नव नियुक्त निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्री महंत और महासचिव का स्वागत किया।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूं दड़ा 2450–2460 आर.आर.21 2550–2600 गेहूं फारम 2600–2700 जौ 2300–2400 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400

**दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूंग 8000–8200

**दाल (प्रति क्वि.)** अरहरफूल 16300–16400 अरहर स्पेशल 13900–14000 चनादाल 8000–8100 मटर दाल 4450–4550 मसूर मलका 7150–7225 मसूर दाल 7375–7425 उड़द दाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूंगदाल 8100–9700 मूंग धोवा 9700–11000

**चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1460–1500 मैदा 1420–1470 सूजी 1480–1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380–1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600–5800 अलसी 4500–4600 अण्डी 4600–4700 तिल्ली 11000–11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300–10800 बटाली 8600–10100 सेहुआं 4000–4500 **तेल (प्रति क्वि.)** सरसोंकोल्हू 12200–12300 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1570–1569 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2550–2600 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौर लडडू 4900–4950 देशी भेली 4600–4700

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91750 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56100–56300 |

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

**मुंबई, एजेंसी**



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड–19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरूआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ की हानि

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई–सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

# एचडीएफसी बैंक का सीएसआर खर्च 945 करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 945.31 करोड़ का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक है। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि उसका सीएसआर कार्यक्रम परिवर्तन एक दशक से सक्रिय है और 28 राज्यों व आठ केंद्र शासित प्रदेशों में फैली इसकी विभिन्न पहलों ने 10 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। इस पहल के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में चिन्हित 112 जिलों में से 85 जिलों को लाया गया है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, कौशल संवर्धन, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय साक्षरता और पर्यावरण के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को देखते हुए हमारा लक्ष्य उन समुदायों में पर्यावरण अनुकूल और समावेशी वृद्धि का समर्थन करना है जहां हम काम करते हैं।

- 2022-23 की तुलना में 125 करोड़ रुपये अधिक

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

**कोलकाता, एजेंसी**

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में है केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं। नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### 31 तक अंतर्राष्ट्रीय राखी शिपमेंट की डाक की अपील

**नई दिल्ली।** रक्षा बंधन के साथ भारतीय डाक दुनिया भर में अपने प्रियजनों को राखी भेजने के लिए अपनी सहज अंतर्राष्ट्रीय मेल सेवाओं का उपयोग करने के लिए लोगों से 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाने की सलाह दी है। डाक विभाग ने अपील करते हुये कहा कि अपने प्रियजनों को अपने दिल से दिए गए उपहारों की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए 31 जुलाई तक अपनी राखी शिपमेंट की योजना बनाएं।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई–अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### तस्करी के 33,000 लीटर डीजल जब्त, 4 गिरफ्तार

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के रेवास बंदरगाह पर पुलिस ने समुद्री मार्ग से तस्करी कर भारत लाये जा रहे 33,000 लीटर डीजल को जब्त किया है और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त डीजल और इसकी ढुलाई करने वाले ट्रॉलर (मछली पकड़ने वाला जहाज) की कुल कीमत 36.40 लाख रुपये है। आरोपियों में गणेश, विनायक, गजानन और मुकेश है।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना–यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

# चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

पीठ ने कहा कि सूचीबद्ध इसी तरह की अन्य याचिका पर भी 22 जुलाई को सुनवाई होगी। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों, कंपनियों और जांच एजेंसियों में लेन-देन का आरोप लगाया गया है। याचिका में उन कंपनियों के वित्तपोषण के स्रोत की जांच का अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में तालमेल अधिक जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

# आतिशी ने दिल्ली के लिए केंद्र से मांगे 10,000 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मंत्री ने दावा किया पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला

वित्त मंत्री आतिशी ने विकास के लिए शुक्रवार को केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की मांग की और दावा किया कि आयकर के रूप में पिछले साल दो लाख करोड़ का योगदान देने के बावजूद दिल्ली को कुछ नहीं मिला।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली ने केंद्रीय करों में सीजीएसटी के रूप में 25,000 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बजट से पहले आतिशी ने दिल्ली के लिए अधिक राशि जारी करने की वकालत करते हुए कहा कि सड़क, परिवहन और बिजली क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सौंदर्यीकरण पर यह राशि खर्च किया जा सकता है। आतिशी ने कहा कि 2001 से केंद्र सरकार ने दिल्ली को केवल 325 करोड़ रुपये दिए हैं। पिछले साल लोगों ने कर के रूप में दिल्ली को 35,000 करोड़ दिए, जिसे मुफ्त बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कों और फ्लाईओवर के निर्माण व रखरखाव पर खर्च किया गया। दिल्ली के लोगों ने केंद्र को कुल 2.32 लाख करोड़ कर दिया, उसमें से दिल्ली पर कुछ खर्च नहीं किया।

# डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। अनुच्छेद 32 याचिका कैसे दायर की जा सकती है? हम किसी अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ गौर नहीं कर सकते। दोषियों राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**निठारी हत्याकांड**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह ध्यान में रखते हुए कि उपाय के प्रतिपूरक पहलू को दंडात्मक पहलू पर प्राथमिकता दी जाएगी, अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत अपराधों के शमन को प्रोत्साहित करना चाहिए, यदि पक्ष ऐसा करने के इच्छुक हैं। परक्राम्य लिखत अधिनियम सभी परक्राम्य लिखतों जैसे वचन पत्र, विनिमय पत्रों और चेक संबंधी मामलों के निपटान से संबंधित है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि यह याद रखना होगा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है। आदेश में कहा कि परिस्थितियों की समग्रता और पक्षों के बीच समझौते पर विचार करते हुए, हम इस अपील को स्वीकार करते हैं तथा एक अप्रैल 2019 के लागू आदेश के साथ-साथ निचली अदालत के 16 अक्टूबर 2012 के आदेश को रद्द करके अपीलकर्ताओं को बरी करते हैं।

# हुड्डा से जुड़े मामले में एम3एम का 300 करोड़ का भूखंड कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

# सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

# एथनेज और हॉज ने वेस्टइंडीज को शुरुआती झटकों से उबारा



नॉटिघम, एजेंसी

एलेक एथनेज और केवम हॉज के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन चाय के विश्राम तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 212 रन बनाए।

एथनेज 65 और हॉज 58 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब वेस्टइंडीज ने तीन विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। एथनेज और हॉज चौथे विकेट के लिए अभी तक 128 रन जोड़ चुके थे। वेस्टइंडीज की टीम अब इंग्लैंड से 204 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी की शुरुआत की। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (48) और मिकाइल लुइस (21) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े, लेकिन वेस्टइंडीज में 31 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर शोएब बशीर ने लिए। उन्होंने लुईस को आउट करने के बाद उनकी जगह लेने के लिए उतरे कर्क मैकेंजी (11) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने ब्रेथवेट को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया।

## खेल डायरी

### दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुरू हुआ पंजीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाली वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए शुक्रवार को पंजीकरण शुरू हो गया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस की मान्यता प्राप्त इस आयोजन में कुल इनामी राशि 260,000 डॉलर (लगभग 2.17 करोड़ रुपये) है, जिसमें दुनिया भर के लंबी दूरी की सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोगों को भी भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्य हाफ मैराथन रेस के साथ शौकिया दौड़ने वाले लोग इसमें ओपन 10के (दस किलोमीटर की दौड़), ग्रेट दिल्ली रन (4.5 किमी), सीनियर सिटिजन रन (2.5 किमी), और चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन (2.5 किमी) श्रेणियों में भाग लेने के लिए 30 सितंबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। ओपन 10के के अलावा सभी दौड़ यहां के जवाहरलाल स्टेडियम से शुरू होकर इसी स्थल पर खत्म होंगी।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

**चेन्नई।** भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

**ज्यूरिख।** फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**बस्ताड (स्वीडन)।** रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था । वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024

ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।



भारतीय फुटबॉल टीम

### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।



भारतीय हॉकी टीम



मिल्खा सिंह

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।



पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112.5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रहीं।



लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।



जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी हादेका और राडेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।



दीपा करमाकर

### 2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।



महिला हॉकी टीम

## बॉलीवुड हलचल



### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

**महिला एशिया कप**

- पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम
- शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी

दांबुला, एजेंसी

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली वर्मा ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दूसरे छोर पर उन्हे स्मृति का भरपूर साथ मिला। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा अरुब शाह ((9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।



पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

**दांबुला।** सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16.1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि विस्फोटक उपकरण को मोटरसाइकिल पर रखा गया था और रिमोट नियंत्रित उपकरण की मदद से विस्फोट किया गया था।

### रूस में चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर गायब

**मॉस्को।** रूस के सखा रिपब्लिक (याकूतिया) के चागदा गांव से 80 किमी (50 मील) दूर एक रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर गायब हो गया है, जिसमें एक पायलट सहित तीन यात्री सवार थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, रॉबिन्सन विमान का इकोस्पास आपातकालीन बीकन आज रात चागदा गांव से 80 किलोमीटर दूर बंद हो गया। विमान में तीन यात्री और एक पायलट सवार था।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### उत्तरी चिली में 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना की सीमा के पास उत्तरी चिली में गुरुवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप चिली के समयानुसार रात नौ बजकर 51 मिनट पर 117 किलोमीटर गहराई में आया। इसका केंद्र चिली के सैन पेड्रो डी अटाकामा से 45 किलोमीटर (28 मील) दक्षिण-पूर्व में था।

### एक और प्रमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच

**बीजिंग।** चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने सामरिक मिसाइल बल के एक और प्रमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की घोषणा की है। मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि पहले भी इस बल के शीर्ष अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोपों और जांच के घेरे में आए थे। इससे पहले पूर्व रक्षामंत्री जनरल ली शांगफु और 2022 में बल के कमांडर का कार्यभार संभालने वाले उनके उत्तराधिकारी जनरल ली युचाओ को भ्रष्टाचार के आरोपों की वजह से बर्खास्त कर दिया गया था।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी



● अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से अनुरोध करते हैं।

# इसरो प्रमुख को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी और कुल 2,636 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं। आईआईटी-मद्रास द्वारा विज्ञप्ति में कहा गया है कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ब्रायन के. कोबिल्का थे।

# पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़े दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति


- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।




वैश्विक आउटेज के बीच माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम में दिखाई गई ब्लू स्क्रीन त्रुटि दिखाता स्क्रीनशॉट। ● एजेंसी

### कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

# भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी



● पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# रूस में फंसे यात्रियों के लिए राहत उड़ान भेजी

मुंबई, एजेंसी

● एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए दूतावास की टीम क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद

एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के यात्रियों को ले जाने के लिए मुंबई से एक राहत उड़ान रवाना की है। ये यात्री गुरुवार से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केजेए) पर फंसे हुए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि राहत विमान एआई 1179 यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.52 बजे रवाना हुआ और रूसी शहर क्रास्नोयार्स्क स्थित हवाई अड्डे पर स्थानीय समय अनुसार रात आठ बजे पहुंचने की संभावना है।

एयरलाइन ने कहा कि रूसी हवाई अड्डे पर यात्रियों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए चालक दल और सुरक्षा कर्मियों सहित एयर इंडिया की एक टीम राहत उड़ान में मौजूद है। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि राहत उड़ान के लिए उसे नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है।

# 50 भारतीय छोड़ना चाहते हैं रूसी सशस्त्र बल

नयी दिल्ली, एजेंसी

● मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया : रणधीर जायसवाल

रूस के सशस्त्र बलों में कार्यरत भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत और रूस काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ और नौ जुलाई की दो दिवसीय मॉस्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी है जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों की नौकरी छोड़ना चाहते हैं।

प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये ऐसे मामले हैं जिनमें व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने उनकी सेवा की यथाशीघ्र समाप्ति सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान इस मामले को उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यंत चिंता का विषय बना हुआ है और इस पर रूस से कार्रवाई की मांग की गई थी। भारत ने 11 जून को बताया था कि रूस की सेना में भर्ती हुए दो भारतीय नागरिक हाल ही में यूक्रेन के साथ युद्ध में मारे गए हैं।

# इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में कम से कम 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को काफी नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने दक्षिणी इजराइली सीमा में घुसकर और गाजा पट्टी से बड़े पैमाने पर रॉकेट दागकर हमला किया था, जिसके कारण 1200 लोग मारे गए थे।

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाईं, आंसू गैस छोड़ी

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी।



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसक प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

### बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का आंतरिक मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर नजर रख रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय उच्चायोग ने नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापस के लिए भी मदद की।

# अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

खगोल विज्ञान | पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं। जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।



काले धूमकेतु की तस्वीर।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

# फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

**हेग (नीदरलैंड्स)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

# ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे, आगजनी

लंदन, एजेंसी

● एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया

उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है। मैं कहूंगा कि यह एक ऐसी घटना थी, जिसका संभवतः गलत अर्थ निकाला गया। इससे पहले ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह चौंकाने वाले दृश्यों और पुलिस वाहनों तथा सार्वजनिक परिवहन पर रात भर हुए हमलों से स्तब्ध हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लीड्स के हरेहिल्स क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक तैनाती की थी।